जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-238 ▶ मुंबई, गुरुवार, 27 मार्च 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4




हैदराबाद में एसआरएच से भिड़ेगी लखनऊ

...पेज 11






# जस्टिस वर्मा के घर पहुंची दिल्ली पुलिस

## ▶▶ स्टोर रूम और आसपास की जगह की सील

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंचकर उनके स्टोर रूम और आसपास की जगह सील कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि डीसीपी नई दिल्ली देवेश कुमार महला अपनी टीम के साथ घटना वाली जगह पहुंचे। आग लगने वाली जगह को जांच कमेटी के कहने पर सील किया गया। दिल्ली पुलिस ने पूरे स्टोर रूम और आसपास की जगह का दौरा किया।



### तत्काल सुनवाई से 'सुप्रीम' इंकार

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले में लगी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इंकार कर दिया। याचिका में मामले में दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ से वकील मैथ्यूज जे नेदुम्परा ने आग्रह किया कि याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए, क्योंकि यह व्यापक जनहित से संबंधित है। इस पर सीजेआई ने कहा कि याचिका पर सुनवाई होगी। वकील ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने सराहनीय काम किया है, लेकिन एफआईआर की जरूरत है।

### कार्यपालिका-न्यायपालिका एक दूसरे के खिलाफ नहीं : धनखड़

**नई दिल्ली।** जज के आवास से नकदी मिलने के मामले पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि कार्यपालिका और न्यायपालिका एक दूसरे के खिलाफ नहीं है और दोनों को नियंत्रण और संतुलन के साथ मिलकर काम करना होगा। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अगर न्यायिक नियुक्तियों की व्यवस्था होती तो आज हालात अलग होते। धनखड़ राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का जिक्र कर रहे थे, जिसे सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया था।

#### राज्यसभा सभापति ने बुलाई बैठक

मंगलवार को राज्यसभा में फिर से राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का मुद्दा उठा। जगदीप धनखड़ ने इस मुद्दे पर आगे की रणनीति पर चर्चा करने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई थी। बैठक में उन्होंने कहा कि लोग इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं और कल सदन में इसे लेकर काफी अच्छी चर्चा हुई। बैठक में नेता सदन जे. पी. नड्डा और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह कार्यपालिका बनाम न्यायपालिका की लड़ाई नहीं है। देश के सभी संस्थानों को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है, साथ ही इसमें संतुलन और नियंत्रण का भी ध्यान रखना जरूरी है।

### राणा सांगा पर टिप्पणी का मामला

# सपा सांसद के घर पर करणी सेना का हमला

**आगरा।** राणा सांगा पर विवादित बयान को लेकर सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर करणी सेना ने बुधवार को बवाल मचा दिया। इस दौरान पुलिस के साथ भी झड़प हुई। लाठियां भांजी गईं। भगदड़ मच गई। इस दौरान पथराव हो गया। अचानक हुए पथराव से पुलिस के पसीने छूट गए। पथराव में इंस्पेक्टर के साथ कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है।

- तोड़फोड़ और पथराव
- कई पुलिसकर्मी घायल

सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने बल प्रयोग कर बवालियों को खदेड़ा। सपा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना घेराव करने पहुंची थी। यहां पर पहले ही पुलिस तैनात थी। करणी सेना के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए आवास के मुख्य द्वार से प्रवेश करने लगे। इस दौरान पुलिस ने जब रोकने का प्रयास किया, तो वे उग्र हो गए। पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। वहां रखीं कुर्सियां फेंकी गईं। डंडों के साथ तोड़फोड़ कर दी गई।



#### सवेरे से चल रही थी तैयारी

सूचना मिलते ही थाना हरीपर्वत से अतिरिक्त पुलिस बल आ गया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को लाठियां फटकारते हुए खदेड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान कई लोगों को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। सांसद से घर पर घेराव की तैयारी सुबह से ही की जा रही थी। एत्मादपुर में करणी सेना से पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए थे। वहां भी पुलिस द्वारा इन्हें रोका गया था। दोपहर को बड़ी संख्या में लोग सपा सांसद के हरीपर्वत क्षेत्र स्थित आवास तक पहुंच गए।

#### दिल्ली हाइवे किया जाम

राणा सांगा पर सपा सांसद द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर आगरा में हंगामा मचा हुआ है। एक तरफ सांसद के आवास पर हमला बोल दिया गया, दूसरी ओर दिल्ली हाइवे पर करणी सेना ने जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ यहां जमकर धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने बमुश्किल स्थिति पर काबू पाया।






### कर्नाटक हनी-ट्रैप मामला

# सीबीआई जांच की याचिका खारिज

- राजनेताओं के आरोपों से हड़कंप

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कर्नाटक में एक मंत्री और अन्य राजनेताओं से जुड़े कथित हनी-ट्रैप प्रयास की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस विक्रमनाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की बेंच ने यह फैसला सुनाया। यह याचिका सामाजिक कार्यकर्ता बिनय कुमार सिंह ने दायर की थी। जिसमें जांच की निगरानी शीर्ष अदालत या फिर सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता वाली एक समिति से करने की मांग की गई थी। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील बरुण कुमार सिन्हा ने अदालत में कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में जो आरोप लगाए गए हैं, उनके पीछे के लोगों के खिलाफ गहन जांच की आवश्यकता है।



#### सहकारिता मंत्री ने किया था दावा

कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के. एन. राजन्ना ने 20 मार्च को विधानसभा में कहा था कि उन्हें "हनी-ट्रैप" करने का प्रयास किया गया और कर्नाटक के 48 राजनेताओं को इसी तरह की योजनाओं का शिकार बनाया गया है। राजन्ना ने दावा किया था कि राज्य में सीडी और पेन ड्राइव फैक्ट्री चल रही है, जिसमें 48 लोगों के वीडियो और पेन ड्राइव उपलब्ध हैं। यह नेटवर्क पूरे भारत में फैला हुआ है और कई केंद्रीय मंत्री भी जाल में फंस चुके हैं।

# नेता विपक्ष से नियम पालन की अपेक्षा : बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सख्त हिदायत दी। उन्होंने कांग्रेस नेता से सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए नियमों का पालन करने को कहा। हालांकि अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि अध्यक्ष ने यह टिप्पणी क्यों की। इस पर राहुल की ओर से भी प्रतिक्रिया दी गई है। राहुल ने कहा कि मैंने तो कुछ भी नहीं बोला, मैं तो चुपचाप बैठा था। विपक्ष को बोलने ही कहां दिया जाता है।

#### ओम बिरला ने दी नसीहत



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, 'आपसे सदन की मर्यादा और शालीनता के उच्च मानदंडों को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। मेरी जानकारी में ऐसे कई मामले हैं, जब सांसदों का आचरण सदन की मर्यादा और परंपराओं के उच्च मानदंडों को बनाए रखने के अनुरूप नहीं था। पिता, पुत्री, माता, पत्नी और पति इस सदन के सदस्य रहे हैं। इसलिए इस संदर्भ में मैं विपक्ष के नेता से नियमों के अनुसार आचरण करने की अपेक्षा करता हूं। विपक्ष के नेता से विशेष रूप से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपना आचरण बनाए रखें।'

#### बोलने का मौका नहीं : राहुल

- विपक्ष के नेता ने दावा किया कि उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है और सदन को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने उनके बारे में टिप्पणी की और फिर उन्हें बोलने का मौका दिए बिना सदन को स्थगित कर दिया। पिछले सप्ताह उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई थी।


#### 70 सांसद बिरला से मिले

पार्टी सूत्रों ने बताया कि लोकसभा के उपनेता गौरव गोगोई, पार्टी महासचिव के. सी. वेणुगोपाल और लोकसभा में पार्टी के सचेतक मणिकम टैगोर सहित कांग्रेस के करीब 70 लोकसभा सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की और राहुल को सदन में बोलने का मौका न दिए जाने का मुद्दा उठाया।

### शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के मुख्य सचेतक और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने की कोशिश के आरोप में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। जयराम रमेश ने राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ को दिए अपने नोटिस में बताया कि 25 मार्च को अमित शाह ने आपदा प्रबंधन विधेयक-2024 पर चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री राहत कोष कांग्रेस शासन में बना था, जबकि पीएम केयर्स फंड नरेंद्र मोदी सरकार में बनाया गया। अमित शाह ने अपने बयान में कहा, 'कांग्रेस के शासनकाल में केवल एक परिवार का नियंत्रण था और कांग्रेस अध्यक्ष इसका हिस्सा थे। कांग्रेस अध्यक्ष सरकार के फंड का हिस्सा थे। वे सरकार को क्या जवाब देंगे?'





# अमेरिकी पैनल की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट खारिज

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राज्य आयोग (यूएससीआईआरएफ) द्वारा जारी 2025 की वार्षिक रिपोर्ट को खारिज करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय ने अमेरिकी पैनल को लेकर कहा कि यूएससीआईआरएफ को एक चिंता के विषय के तौर पर घोषित किया जाना चाहिए। ये रिपोर्ट एक बार फिर से पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित है। साथ ही मंत्रालय ने कहा कि यह भारत के बहुसांस्कृतिक समाज पर गलत आरोप लगाती है। अमेरिकी पैनल के इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में धर्म के नाम पर भेदभाव बढ़ गए हैं। साथ ही भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के बारे में यह आरोप लगाया गया था कि वह कुछ हत्याओं की साजिशों में कथित रूप से शामिल थी। इस रिपोर्ट में यह भी सिफारिश की गई थी कि रॉ की गतिविधियों पर रोक लगाई जाए।



#### अमेरिकी पैनल की रिपोर्ट


यूएससीआईआरएफ ने अपनी रिपोर्ट में भारत को विशेष चिंता का देश (सीपीसी) घोषित करने की सिफारिश की है। साथ ही इस रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति बिगड़ रही है, खासकर धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले और भेदभाव बढ़ रहे हैं।

#### रिपोर्ट को बताया पक्षपाती आकलन

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने हाल ही में जारी की गई यूएससीआईआरएफ की 2025 वार्षिक रिपोर्ट देखी है, जिसमें यह एक बार फिर अपनी पिछली रिपोर्टों की तरह पक्षपाती आकलन जारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग भारत के धार्मिक विविधता और बहुलवादी ढांचे को सही तरीके से नहीं प्रस्तुत कर रहा है और इसके लगातार आरोप भारत की धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति को गलत तरीके से पेश करते हैं।

# कई जगहों पर यूपीआई सेवा ठप

**नई दिल्ली।** देश में यूपीआई की सेवा कई जगहों पर ठप हो गई है, जिससे लोगों को डिजिटल भुगतान करने में दिक्कत हो रही है। कई उपयोगकर्ताओं ने शिकायत की है कि उनके यूपीआई पेमेंट फेल हो रहे हैं या बहुत देर से प्रोसेस हो रहे हैं कई बैंकों के ग्राहक को यूपीआई के जरिए पैसे भेजने और रिसीव करने में दिक्कत आ रही है। यूजर्स ने यूपीआई लेन-देन से जुड़ी समस्या को लेकर अपनी शिकायत और नाराजगी इंटरनेट पर जाहिर कर रहे हैं।



**सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रियाएं**

कई व्यापारियों ने बताया कि ग्राहक यूपीआई से भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, जिससे लेन-देन भी प्रभावित हो रहा है। वहीं ऑनलाइन शॉपिंग और एप्स पर भी भुगतान फेल होने की शिकायतें आई हैं। कुछ उपयोगकर्ताओं ने शिकायत की है कि उनके फोनपे, गूगल पे और पेटीएम जैसे एप्स सही से काम नहीं कर रहे।

### भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# दो महीने में शिकायत निवारण तंत्र बनाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ शिकायत निवारण तंत्र बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे विज्ञापन समाज को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं, उन पर कड़ी निगरानी आवश्यक है। सरकार ने तंत्र स्थापित करने के लिए राज्यों को दो महीने का वक्त दिया है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्यों को निर्देश दिया कि वे 1954 के ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट के तहत निषिद्ध आपत्तिजनक विज्ञापनों के खिलाफ आम जनता की शिकायतों के लिए एक उपयुक्त तंत्र तैयार करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से भ्रामक विज्ञापनों पर सख्ती से रोक लगाने का रास्ता साफ हुआ है। पीठ ने आदेश में कहा, "हम राज्यों को निर्देश देते हैं कि वे दो महीने के भीतर उचित शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करें और इसकी उपलब्धता के बारे में नियमित रूप से प्रचार करें।



#### स्व-घोषणा आवश्यक

शीर्ष अदालत ने 7 मई 2024 को आदेश दिया था कि कोई भी विज्ञापन जारी करने से पहले केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 की तर्ज पर, विज्ञापनदाताओं से स्व-घोषणा प्राप्त की जाए। भ्रामक विज्ञापनों का मुद्दा तब उठा, जब सुप्रीम कोर्ट 2022 में दायर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि पतंजलि और योगगुरु रामदेव ने कोविड वैक्सीनेशन अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के खिलाफ गलत प्रचार किया था।

## न्यूज BRIEF

### 20 बालिकाएं बीमार, दो की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ में पारा स्थित निर्वाण संस्था में रह रहीं 20 बालिकाओं की तबीयत बिगड़ गई। सभी को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसमें एक बालिका की मंगलवार को और एक बालिका की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। चार बालिकाओं को डिस्चार्ज कर दिया गया है। अन्य 14 बालिकाओं का इलाज जारी है। डिहाइड्रेशन व फूड पॉइजनिंग की आशंका है।

### घर में घुसकर छात्रा से दुष्कर्म

**मैनपुरी।** बेवर थाना क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय एएनएम छात्रा के साथ घर में घुसकर दरिंदगी की गई। छात्रा घर में अकेली थी। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता दहशत में आ गई। इसके कुछ दिन बाद आरोपी ने फिर उसके साथ घिनौना काम किया। जिसके बाद पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मणिपुर : गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** भारतीय सेना और असम राइफल्स की फॉर्मेशन ने स्पीयर कोर के तहत पिछले तीन दिनों में मणिपुर के ककचिंग, इंफाल पश्चिम, इम्फाल पूर्व, सेनापति और बिष्णुपुर जिलों में खुफिया सूचना पर संयुक्त ऑपरेशन चलाए। समन्वित प्रयासों के चलते 32 हथियारों, गोला-बारूद और अन्य युद्ध जैसे भंडार की बरामदगी हुई है।

### चौंकाने वाला खुलासा

# दूसरे देश में बसना चाहते 100 में से 22 अरबपति

**नई दिल्ली।** एक सर्वेक्षण में हुए चौंकाने वाले खुलासे की जानकारी बुधवार को सामने आई। सर्वे के अनुसार कम से कम 22 प्रतिशत धनी भारतीय (सुपर रिच) यहां रहने की स्थिति, विदेशों में बेहतर जीवन स्तर और अन्य देशों में आसान कारोबारी माहौल जैसे कारणों से देश छोड़ना चाहते हैं। यह सर्वे 150 अति धनाढ्य व्यक्तियों (यूएचएनआई) के बीच किया गया।

सर्वे के अनुसार अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यहां तक कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) अपनी गोल्डन वीजा योजनाओं के कारण पसंदीदा स्थान हैं, जहां अमीर लोग बसना चाहते हैं।



देश की अग्रणी संपत्ति प्रबंधक कंपनी कोटक प्राइवेट ने सलाहकार कंपनी ईवाई के साथ मिलकर यह सर्वेक्षण किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार हर साल 25 लाख भारतीय दूसरे देशों में प्रवास करते हैं। सर्वेक्षण के निष्कर्षों में कहा गया है, "सर्वेक्षण में शामिल हर पांच में से एक अति धनाढ्य व्यक्ति वर्तमान में प्रवास की प्रक्रिया में हैं या प्रवास की योजना बना रहे हैं।" सर्वेक्षण में कहा गया है कि उनमें से अधिकांश अपनी भारतीय नागरिकता बरकरार रखते हुए अपनी पसंद के मेजबान देश में स्थायी रूप से निवास करना चाहते हैं।

#### देश छोड़कर जाने को तैयार अमीर भारतीय

सर्वे में कहा गया है कि वे जीवन स्तर में सुधार, स्वास्थ्य देखभाल समाधान, शिक्षा या जीवनशैली चाहते हैं। दो तिहाई से अधिक लोगों ने कहा कि व्यवसाय संचालन को सुचारू बनाना उनके लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है। प्रवास के निर्णय को "भविष्य में निवेश" बताते हुए सर्वेक्षण में यह भी कहा गया कि अपने बच्चों के लिए अच्छी उच्च शिक्षा की चाहत उन्हें यह विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करती है। कोटक महिंद्रा बैंक की अध्यक्ष गौतमी गावणकर ने कहा कि स्थानांतरण के निर्णय को देश से पूंजी के बाहर जाने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों पर सीमा लगाने से यह सुनिश्चित होता है कि यदि कोई व्यक्ति अपना निवास स्थान बदलता है तो भी धन बाहर नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाला एक नागरिक प्रति वर्ष केवल 250,000 अमेरिकी डॉलर ही देश से बाहर ले जा सकता है। जबकि एक अनिवासी भारतीय को 10 लाख डॉलर बाहर ले जाने की अनुमति है।

# 'अब पश्चिम बंगाल में भी खिलेगा कमल'

**नई दिल्ली।** लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी कमल खिल गया है। दिल्ली बच गई थी, लेकिन अब आयुष्मान भारत दिल्ली में भी आ चुका है। अपने बयान में उन्होंने पश्चिम बंगाल को लेकर इशारा करते हुए कहा कि अब केवल पश्चिम बंगाल बचा है, और चुनाव के बाद वहां भी कमल खिलेगा।



लोकसभा में बोले अमित शाह

**त्रिभुवन सहकारी विवि विधेयक पर भी बोले**

दिल्ली और पश्चिम बंगाल पर बोलने के बाद अमित शाह ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 पर अपना बयान दिया। उन्होंने लोकसभा में इस विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि सहकारिता का क्षेत्र देश के हर परिवार को जोड़ता है।

# पश्चिम रेलवे : जगजीवन राम अस्पताल में महिला स्वास्थ्य पर भारतीय रेल सम्मेलन का आयोजन

**मुंबई।** हाल ही में मुंबई के पश्चिम रेलवे के जगजीवन राम जोनल अस्पताल में प्रतिष्ठित वार्षिक सम्मेलन JRH-CON 2025 का आयोजन किया गया। साइंटिफिक एसोसिएशन ऑफ मेडिकल ऑर्गनाइजेशन जगजीवन राम अस्पताल और इंडियन रेलवे एसोसिएशन ऑफ गाइनेकोलॉजिस्ट्स एंड ऑब्सटेट्रिशियन द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का विषय था "ट्रांसफॉर्मिंग वुमेंस हेल्थ थ्रू मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच"। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर रेलवे स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ. मानसिंह ने किया। यह कार्यक्रम पश्चिम रेलवे की प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. कोंडा अनुराधा के मार्गदर्शन और जगजीवन राम अस्पताल की चिकित्सा निदेशक डॉ. ममता शर्मा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, JRHCON 2025 सम्मेलन एक शानदार सफलता थी, जिसमें "ट्रांसफॉर्मिंग वुमेंस हेल्थ थ्रू मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच" के सम-सामयिक और प्रासंगिक विषय पर चर्चा की गई। दो दिवसीय कार्यक्रम में 11 प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशकों सहित लगभग 250 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिन्होंने ज्ञान साझा किया, चर्चाओं में भाग लिया और महिला स्वास्थ्य में प्रगति को बढ़ावा दिया। प्रख्यात वक्ताओं ने अपनी विशेषज्ञता साझा की, जिसमें डॉ. नंदिता पलशेतकर ने "एडवांस इन इन्फर्टिलिटी मैनेजमेंट" पर प्रतिष्ठित डॉ. फणी धर का व्याख्यान दिया। एक निःशुल्क पेपर और पोस्टर प्रतियोगिता में 11 पेपर और 33 पोस्टर प्रदर्शित किए गए, जिसमें रेलवे स्वास्थ्य व्यवस्था में समृद्ध शोध पर प्रकाश डाला गया। अपने दौरे के दौरान, रेलवे स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक ने जगजीवन राम अस्पताल में नवनिर्मित मॉड्यूलर ऑर्थोपेडिक और नेत्र ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन किया, जो अस्पताल के बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण उन्नयन को दर्शाता है। इस अत्याधुनिक सुविधा का उद्देश्य रोगी देखभाल और उपचार परिणामों को बेहतर बनाना है। अस्पताल को अपनी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं, विशेष रूप से रेलवे लाभार्थियों के लिए प्रशंसा मिली है। विशेष रूप से जगजीवन राम अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवा उत्कृष्टता के लिए एक उच्च मानक स्थापित करते हुए प्रतिष्ठित अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल से सर्टिफिकेट प्राप्त किया है। विनीत ने बताया कि यह सम्मेलन महिला स्वास्थ्य के गतिशील क्षेत्र में सहयोग, नेटवर्किंग और सीखने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम था, जिसे प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. अनुराधा कोंडा के मार्गदर्शन में जगजीवन राम अस्पताल की इन-हाउस टीम द्वारा कुशलतापूर्वक तैयार किया गया था, जिसे सभी प्रतिनिधियों से व्यापक सराहना मिली।

# मुख्यमंत्री ने विदर्भ रणजी टीम को दी बधाई

**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी को देश की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता माना जाता है। महाराष्ट्र एकमात्र ऐसा राज्य है जहां तीन अलग-अलग टीमें-मुंबई, विदर्भ और शेष महाराष्ट्र-प्रतिस्पर्धा करती हैं। इस वर्ष, विदर्भ टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रणजी ट्रॉफी खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में विदर्भ टीम को हार्दिक बधाई दी।



मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि चाहे भारतीय क्रिकेट टीम का विश्व कप जीतना हो या देश के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ी हों, उनका उचित सम्मान करना सरकार का कर्तव्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को उचित मान-सम्मान और पुरस्कार प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि खेलों को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों को सहयोग देने के लिए सरकार हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के घरों को धन की कमी नहीं : जयकुमार गोरे

**मुंबई।** प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाय) एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का घर बनाने का सपना पूरा होने वाला है। इस योजना के तहत बनने वाले घरों के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी, यह आश्वासन ग्राम विकास मंत्री जयकुमार गोरे ने विधानसभा के प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान दिया। इस संदर्भ में सदस्य गजानन लवटे ने सवाल उठाया, और चर्चा में समीर कुणावार, सत्यजीत देशमुख, और सुलभा खोडके ने भी उप-प्रश्नों के माध्यम से भाग लिया। उत्तर देते हुए, मंत्री गोरे ने बताया कि योजना के तहत घरों को मंजूरी मिलने के 30 दिनों के भीतर पहली किस्त लाभार्थियों को दी जाती है। अगर इसमें कोई देरी होती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रतीक्षा सूची कम हो रही है, और शेष लाभार्थियों के लिए नया सर्वेक्षण किया जाएगा।



# वर्क फ्रॉम होम के नाम पर महिला से 15 लाख की ठगी

## जालसाजों की तलाश में जुटी पुलिस

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक 37 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर कुछ लोगों द्वारा घर से काम करने के अवसर का लालच देकर 15.14 लाख रुपए गंवा दिए। फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी है। अधिकारी के मुताबिक जालसाजों में एक महिला भी शामिल थी।



तीनों ने पिछले साल फरवरी से जुलाई के बीच डोंबिवली शहर की रहने वाली पीड़िता से संपर्क किया था। मनपाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने पीड़िता को टेलीग्राम एप्लिकेशन का एक्सेस दिया। इसके बाद उसे ऑनलाइन पूरा करने के लिए काम दिए। जालसाजों की तरफ से पीड़िता को काम के लिए आकर्षक रिटर्न का भी आश्वासन दिया गया। जिसके बाद आरोपियों ने कुछ समय के लिए विभिन्न ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से उससे 1514460 रुपए ले लिए। जब पीड़िता को आरोपियों को दी गई राशि या वादा की गई कमाई वापस नहीं मिली, तो उसने उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मनपाड़ा पुलिस ने मंगलवार को तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारी ने बताया कि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने इसी तरह कम से कम पांच अन्य लोगों को भी ठगा है और इसकी पुष्टि के लिए जांच जारी है।


**प.रे. : अहमदाबाद मंडल**

## कुछ स्पेशल ट्रेनों के आगमन प्रस्थान के समय में बदलाव

**अमहदाबाद।** पश्चिम रेलवे द्वारा परिचालनीक कारणों से अहमदाबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने/गुजरने वाली कुछ स्पेशल ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान के समय में बदलाव किया गया है। 28 मार्च 2025 से ट्रेन संख्या 09451 गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल गांधीधाम से 17.40 बजे के स्थान पर 18.25 बजे प्रस्थान करेगी तथा आगमन/प्रस्थान का समय भचाउ स्टेशन पर 18.55/18.57 बजे, सामाख्याली स्टेशन पर 19.10/19.12 बजे, ध्रांगध्रा स्टेशन पर 20.33/20.35 बजे तथा अहमदाबाद स्टेशन पर 23.05/23.15 बजे रहेगा। इस ट्रेन का अन्य स्टेशनों पर आगमन/प्रस्थान का समय यथावत रहेगा। 26 मार्च 2025 से ट्रेन संख्या 09004 दिल्ली-मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन का साबरमती स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान का समय 05.10/.05.15 बजे के स्थान पर 04.55/05.00 बजे रहेगा। 27 मार्च 2025 से ट्रेन संख्या 09416 गांधीधाम-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन का अहमदाबाद स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान का समय 06.00/06.20 के स्थान पर 06.10/06.20 बजे रहेगा। 27 मार्च 2025 से ट्रेन संख्या 09208 भावनगर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन का अहमदाबाद स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान का समय 21.05/21.25 बजे के स्थान पर 20.55/21.05 बजे रहेगा। 27 मार्च 2025 से ट्रेन संख्या 09036 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल का साबरमती स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान का समय 00.50/00.55 बजे के स्थान पर 00.30/00.35 बजे रहेगा। 27 मार्च 2025 से ट्रेन संख्या 04713 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल का आगमन/प्रस्थान का समय भीलड़ी स्टेशन पर 01.35/01.40 बजे के स्थान पर 03.30/03.35 बजे, महेसाणा स्टेशन पर 03.27/03.29 बजे के स्थान पर 04.50/04.52 बजे, साबरमती स्टेशन पर 06.07/06.10 बजे के स्थान पर 05:55/05.57 बजे रहेगा। 29 मार्च 2025 से ट्रेन संख्या 04827 भगत की कोठी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन का आगमन/प्रस्थान का समय पालनपुर स्टेशन पर 18.10/18.12 बजे के स्थान पर 21.00/21.02 बजे, महेसाणा 19.45/19.47 बजे के स्थान पर 21.50/21.52 बजे तथा साबरमती 21.23/21.25 बजे के स्थान पर 22.45/22.47 बजे रहेगा।

# पू. सी. रेलवे को ट्रेन ऑटोमेशन सिस्टम में एक और उपलब्धि

**मालीगांव।** स्वचालन और परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) ने रेलवे स्टेशनों पर स्थापित डेटा लॉगर्स को रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) के कंट्रोल ऑफिस एप्लिकेशन (सीओए) के साथ सफलतापूर्वक जोड़ा है। यह एकीकरण ट्रेन के आगमन और प्रस्थान के डेटा को एकत्रित और प्रेषित करने को स्वचालित बनाता है, जिससे ट्रेन परिचालन में वास्तविक समय की निगरानी और दक्षता का एक नया अध्याय चिह्नित हुआ है। यह अभिनव प्रणाली स्टेशनों पर ट्रेन आवागमन का स्वचालित रूप से पता लगाने के लिए सिग्नलिंग डेटा का लाभ उठाती है और वास्तविक समय में सीओए को अपडेट करती है। मैन्युअल डेटा प्रविष्टि के स्थान पर स्वचालित डेटा कैप्चर के द्वारा, पू. सी. रेलवे न केवल ट्रेन परिचालन संबंधी जानकारी की सटीकता को बढ़ाता है, बल्कि मानवीय हस्तक्षेप पर निर्भरता भी कम करता है, जिससे डेटा रिपोर्टिंग में त्रुटियां और विलंब न्यूनतम हो जाती है। पू. सी. रेलवे में सभी आरंभिक, गंतव्य,




**59 स्टेशनों पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए डेटा लॉगर्स को सीओए से जोड़ा गया**

मंडल इंटरचेंज और जोनल इंटरचेंज स्टेशनों पर इसे क्रियान्वित किया गया है। हाल ही में 21 अतिरिक्त स्टेशनों पर सफल लिंकिंग के साथ, पहले से जुड़े 38 स्टेशनों के अतिरिक्त, प्रमुख परिचालन स्टेशनों का पूरा नेटवर्क अब इस उन्नत प्रणाली से सुसज्जित है। यह विकास सुनिश्चित करता है कि पूरे क्षेत्र में सभी महत्वपूर्ण स्थान स्वचालित रूप से सटीक और समय पर ट्रेन परिचालन से संबंधित डेटा को सीधे क्रिस सर्वर पर संचारित करने में सक्षम हैं, नतीजतन नियंत्रण संचालन की प्रभावशीलता में सुधार होता है। यह तकनीकी अपग्रेड ट्रेन आवागमन के रिकॉर्ड की बेहतर सटीकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे रेलवे नियंत्रकों के लिए तेज़ और अधिक एकरूप निर्णय लेना संभव हो सकेगा। जैसे-जैसे भारतीय रेलवे एक स्मार्ट और अधिक स्वचालित भविष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है, पू. सी. रेलवे की पहल ट्रेनों की समयबद्धता बढ़ाने, यात्री सूचना प्रणाली में सुधार लाने तथा रेलवे परिचालन की समग्र दक्षता में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## दत्तात्रय भरणे बने वाशिम जिले के पालकमंत्री

**मुंबई।** वाशिम जिले के पालकमंत्री पद की जिम्मेदारी खेल एवं युवा कल्याण मंत्री दत्तात्रय भरणे को सौंपी गई है। इस नई जिम्मेदारी के लिए मंत्री भरणे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार का आभार व्यक्त किया। पालकमंत्री का पद संभालते हुए भरणे ने आश्वासन दिया कि वे वाशिम जिले के समग्र और संतुलित विकास के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सटीक योजना बनाई जाएगी। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, किसानों, मजदूरों, वंचित वर्गों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

**वाशिम जिले का समग्र विकास सुनिश्चित करेंगे : भरणे**

# पश्चिमी महाराष्ट्र में प्री-मानसून बारिश की संभावना



**मुंबई।** प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण अप्रैल के प्रारंभ में दक्षिण कोंकण, पश्चिमी महाराष्ट्र और गुजरात में प्री-मानसून बारिश तेज होने की संभावना है। वर्तमान में राज्य के अधिकांश भागों में तापमान बढ़ गया है। हालांकि, मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि कई इलाकों में बारिश का मौसम शुरू होने से तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

**पूरे राज्य में गर्मी का प्रकोप बढ़ा**

पिछले कुछ दिनों से तापमान में वृद्धि के कारण मुंबई सहित पूरे राज्य में गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। कुछ क्षेत्रों में अभी भी गर्म लहर की चेतावनियाँ जारी की जा रही हैं। अब 1 से 4 अप्रेल के बीच प्री-मानसून बारिश तेज होने की संभावना है। इस दौरान कोंकण, पश्चिमी महाराष्ट्र और गुजरात में प्री-मानसून बारिश होगी।

**मुंबई में भी पड़ेंगी बौछारें**

मुंबई में भी हल्की से मध्यम वर्षा होगी। इस बीच, बादल छाए रहने और बेमौसम बारिश के कारण राज्य के कुछ हिस्सों में तापमान में मामूली गिरावट आई है। कुछ इलाकों में प्री-मानसून बारिश हो चुकी है। मंगलवार को कोल्हापुर, सोलापुर, सांगली और गोवा में हल्की बारिश हुई।

**यहां भिगो सकता प्री-मानसून**

1 से 4 अप्रेल के बीच कोंकण में प्री-मानसून बारिश तेज हो जाएगी। सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी जिलों के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मुंबई, ठाणे, रायगढ़ आदि इलाकों में भी हल्की बारिश की संभावना है। धुले, नंदुरबार, जलगांव, नासिक, नगर, पुणे, कोल्हापुर, सतारा, सांगली, औरंगाबाद, बीड, हिंगोली, नांदेड़, लातूर, उस्मानाबाद, अकोला, अमरावती, नागपुर, चंद्रपुर, वर्धा, बुलढाणा आदि जिलों में भी चार से पांच दिनों तक बारिश की स्थिति रहेगी।

# हाउसिंग सोसायटी पुनर्विकास को महाप्रीत और एनबीसीसी में समझौता

**मुंबई।** महात्मा फुले नविनीकरणीय ऊर्जा एवं आधारभूत प्रौद्योगिकी लिमिटेड (महाप्रीत) और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली (जो भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक नवरत्न कंपनी है) के बीच विभिन्न आधारभूत सुविधा परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 26 मार्च को मुंबई में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड कंपनी बड़ी आवासीय परियोजनाओं, आईटी इमारतों के निर्माण तथा देश और विदेश में अधोसंरचना परियोजनाओं की अवधारणा, क्रियान्वयन और ऐसे प्रोजेक्ट्स को फंडिंग प्रदान करने के क्षेत्र में सक्रिय है। महाप्रीत ठाणे क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, भिवंडी मनपा और चंद्रपुर मनपा जैसे प्रमुख प्रोजेक्ट्स में पीएमएवाई और किफायती आवास परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। महाराष्ट्र सरकार के गृहनिर्माण विभाग ने महाप्रीत को मुंबई में लगभग 56 एसआरए प्रोजेक्ट्स संचालित करने के आदेश दिए हैं। एमएमआर क्षेत्र और विशेषतः मुंबई शहर की विभिन्न निजी सहकारी हाउसिंग सोसायटियों ने अपने परिसरों के पुनर्विकास के लिए महाप्रीत से अनुरोध किया है। उपरोक्त समझौता ज्ञापन के अंतर्गत, मुंबई शहर की हाउसिंग सोसायटियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हाउसिंग, आधारभूत सुविधाएं और निर्माण क्षेत्र में कार्यरत महाप्रीत और एनबीसीसी कंपनियां सहयोग करेंगी। महाप्रीत ईएसजी अनुपालन, स्वच्छ और हरित ऊर्जा मानकों का पालन, अपशिष्ट पुनः उपयोग, डीकार्बोनाइज्ड सामग्री, नवीनतम और पर्यावरण के




अनुकूल लचीली निर्माण तकनीक, राष्ट्रीय ग्रीन स्टैंडर्ड्स, महाराष्ट्र के वंचित वर्गों के लिए रोजगार अवसर निर्माण और परियोजना निगरानी हेतु अंतरराष्ट्रीय मानकों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। परियोजना क्रियान्वयन में महाप्रीत अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता वाले पुनर्विकास और किफायती आवास परियोजनाओं के क्षेत्र में अग्रणी है, जिससे पारंपरिक और प्रक्रिया-आधारित क्रियान्वयन की तुलना में महाप्रीत अग्रिम स्थान पर है। साथ ही महाप्रीत और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की विशेषज्ञता और कौशल से होने वाले लाभों को देखते हुए, दोनों सरकारी संस्थाओं ने समान हित वाली परियोजनाओं को पीएमसी अथवा ईपीसी मॉडल पर क्रियान्वित करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर महाप्रीत के प्रबंध निदेशक बिपिन श्रीमाली ने कार्यक्रम में कहा कि एनबीसीसी और महाप्रीत के बीच सहयोग से पुनर्विकास कार्यों में सहायता मिलेगी और हाउसिंग सोसायटियों को पुनर्विकास का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही, केंद्र सरकार की एजेंसियों को डेवलपर्स के चयन के विकल्प उपलब्ध होने के कारण, पुनर्विकास कार्य महाराष्ट्र सरकार के नियमों के अनुसार संपन्न होंगे। इस कार्यक्रम में उपस्थित एनबीसीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के. पी. महादेवस्वामी ने कहा कि एनबीसीसी (इंडिया) और महाप्रीत के संयुक्त सहयोग से मुंबई और इसके आसपास के क्षेत्रों में पुनर्विकास परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : AGC-EL- GSU-T-03- 25** **दिनांकः 24.03.2025**

**निविदा सूचना**

उप.मुख्य.विद्युत अभियन्ता,(गति शक्ति), एन.सी.आर, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ओन लाइन (E-TENDERING) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य की अनुमानित लागत :** रू.19346914.00/-

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि :** आगरा डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर अमृत स्टेशनों स्कीम के तहत Signages बोर्ड्स का प्रावधान। **Completion Period:** 09 Months

**टेंडर डालने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक, 15.04.2025 को 16:00 बजे** तक टेंडर डाल सकते हैं।, पूरी जानकारी एवं टेंडर मे भाग लेने हेतु इंडियन रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखे। टेंडर केवल बेव पोर्टल इंडियन रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **16:00 बजे** तक दिनांक 15.04.2025 तक टेंडर डाल सकते है। **534/25 (D)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**वाटर वेंडिग मशीन की स्थापना और संचालन के लिए ई-नीलामी**

वाटर वेंडिग मशीन की स्थापना और संचालन के लिए ई-नीलामी। विवरण नीचे दिये गये है। **नीलामी कैटलॉग सं.:** एलएमजी-डब्ल्यूवीएम-02-25। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय ( सभी लॉट ): 09-04-2025 को 11:00** बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि एवं समयः 09-04-2025 को 11:30** बजे। **दर इकाईः** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क। **फेरे/दिनः** 1826।

| क्र. सं. | लॉट नं./कटेगरी | विवरण |
|---|---|---|
| एए/1 | एमएसएस-एलएमजी-एलएमजी-डब्ल्यूवीएम-21-25-1 (मिस्क-स्टैटिक-सर्विसेस-वाटर वेंडिग मशीन | लामडिंग मंडल में 13 रेलवे स्टेशन में 5 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए निर्दिष्ट/चिन्हित स्थानों पर 36 वाटर वेंडिग मशीनों की स्थापना और संचालन । |

भावी बोलीदाताओं से आग्रह किया जाता है कि वे आईआरईपीएस की ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

**सीनि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, लामडिंग**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर मध्य रेलवे**

**Letter No:- DRM/C/AGRA/NFR / E-AUCTION** **Dated:-24.03.2025**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक - आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

**श्रेणी : Misc-Static-Services** **केटलॉग संख्या : AGRA-NFR-25-01**

| एकेट्स डिटेल्स | ई निलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय | ई निलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के समीप ए.डी.आर.डी.ई. क्रासिंग ईदगाह पर जैसा-है-वैसा-है के आधार पर रेल कोच रेस्टोरेंट का ठेका | दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:00 | दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:30 |
| आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर मशीन के माध्यम से आउटवर्ड पार्सल को स्कैन करने के ठेके के संबंध में | दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:10 | दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:40 |
| आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया पर इलेक्ट्रिक व्हीकल (ई.वी.) चार्जिंग स्टेशन का ठेका | दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:20 | दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:50 |
| मथुरा जं रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया पर इलेक्ट्रिक व्हीकल (ई.वी.) चार्जिंग स्टेशन का ठेका | दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 11:30 | दिनांकः- 09.04.2025 समयः- 12:00 |

**नोटः-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के E-Auction Module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उर्पयुक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। **530/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**पुराने संस्करण के एकीकृत पावर सप्लाई सिस्टम का प्रतिस्थापन**

**ई-निविदा सूचना संख्याः N-2024-K-37, दिनांक : 21-03-2025;** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** कटिहार मंडल के तहत पुराने संस्करण के एकीकृत पावर सप्लाई सिस्टम का नवीनतम संस्करण से प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** ₹5,01,57,891/-; **अग्रिम राशि :** ₹4,00,800/-; निविदा के **बंद** करने की **तिथि** और **समय 15-04-2025** को **15:00** बजे और **खोलने** की **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर दिनांक **15-04-2025** के **15:00** बजे तक उपलब्ध होगी।

डीआरएम (एस एंड टी), कटिहार

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर मध्य रेलवे**

**टेण्डर संख्याः** 230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2025/556 **दिनांकः** 24.03.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विधुत अभियन्ता/क0वि0/30म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः-

**निविदा सं.:** 230-क0वि0-कार्य ठेका-947-2025 | **अनुमानित लागतः** ₹ 99738725.59

**कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल में पंडित दीन दयाल उपाध्याय - झिंझक के पहले से विद्युतीकृत खंडो में मौजूदा गैर-विद्युतीकृत साइडिंग का विद्युतीकरण।

**बिड सुरक्षा राशिः** ₹ 648700.00 | **कार्य अवधिः** 18 महीना | **बोली प्रणालीः** एक पैकेट

**निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः 17.04.2025, 14.00 बजे**

**निविदा खुलने की तिथि तथा समयः 17.04.2025, 15.00 बजे**

**नोटः- (1)** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। **(2)** उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **531/25(A)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# 100 दिनों की कार्ययोजना में 1.50 लाख से अधिक फाइलों का वर्गीकरण

**नवी मुंबई।** सरकारी और अर्धसरकारी कार्यालयों में मुख्यमंत्री की अवधारणा के अनुसार चल रही 100 दिनों की 7 सूत्रीय कार्ययोजना के अनुसार समयबद्ध कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे लगातार समीक्षा कर रहे हैं और नवी मुंबई मनपा के प्रत्येक विभाग द्वारा सातों सूत्रों के अनुसार की जा रही योजनाबद्ध और तेज़ कार्यवाही पर बारीकी से ध्यान दिया जा रहा है। इसमें प्रत्येक विभाग द्वारा लागू किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण भाग है कार्यालयीन स्वच्छता और सुविधाएं, और इसी के अनुरूप सभी विभाग प्रमुखों और कार्यालय प्रमुखों को मार्च के अंत तक कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उसी के अनुसार सभी विभागों में अभिलेख वर्गीकरण और संरक्षण संबंधी प्रचलित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार निंदनीकरण, नष्टीकरण और निर्लेखन की प्रक्रिया को प्राथमिकता से क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विभाग की फाइलों और दस्तावेजों का अभिलेख मुख्यतः निंदनीकरण के माध्यम से जांच कर ऐसे दस्तावेज जिन्हें सुरक्षित रखने की आवश्यकता नहीं है, उन्हें नियमानुसार नष्ट किया जा रहा है। साथ ही संरक्षित किए जाने वाले अभिलेखों का 'अ, ब, क और ड' इन चार प्रकारों में वर्गीकरण करते हुए उनका रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। इन बातों की जांच के लिए मनपा आयुक्त के निर्देशानुसार प्रशासन विभाग द्वारा एक जांच समिति का गठन किया गया है, जिसके सदस्य विभिन्न विभागों में जाकर इस संदर्भ में चल रहे कार्यों की निरीक्षण कर रहे हैं। मनपा के सभी विभागों में प्राथमिकता से अभिलेख निंदनीकरण और वर्गीकरण का कार्य हाथ में लिया गया है और अब तक कुल 1,50,471 फाइलों का 'अ, ब, क, ड' इन चार श्रेणियों में वर्गीकरण किया गया है। अभिलेख वर्गीकरण और संरक्षण के संबंध में प्रशासन विभाग की ओर से सत्यजीत बडे का व्याख्यान भी आयोजित किया गया था। अभिलेख से संबंधित कार्यवाही में समानता और सुव्यवस्था लाने हेतु यह व्याख्यान लाभकारी सिद्ध हुआ है।



# आईआरसीटीसी का विशेष घरेलू हवाई यात्रा पैकेज



**मुंबई।** भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) भारत सरकार के रेल मंत्रालय के तहत एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। यह ऑनलाइन रेलवे टिकट बुकिंग, खानपान, पर्यटन, रेल नीर और आतिथ्य सेवाओं सहित कई तरह की सेवाएं प्रदान करता है। आईआरसीटीसी का लक्ष्य भारत भर में यात्रा को हर यात्री के लिए अधिक सुविधाजनक, आनंददायक और किफ़ायती बनाना है। भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) के पश्चिमी क्षेत्र मुंबई कार्यालय ने मुंबई से गर्मियों की छुट्टियों के लिए विशेष घरेलू हवाई पैकेज की शुरुआत की घोषणा करते हुए प्रसन्नता महसूस की है। आईआरसीटीसी पश्चिमी क्षेत्र ने घरेलू हवाई पैकेज पेश किए हैं जो यात्रियों को इस गर्मी में एक परेशानी मुक्त और यादगार छुट्टी का अनुभव प्रदान करते हैं। पश्चिमी क्षेत्र के समूह महाप्रबंधक गौरव झा ने कहा कि पैकेज परिवारों, समूह में और अकेले यात्रियों को हवाई यात्रा के आराम और सुविधा का आनंद लेते हुए उत्तर भारत के कुछ सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने हेतु एक सहज और किफ़ायती तरीका प्रदान करते हैं। समर स्पेशल डोमेस्टिक एयर टूर पैकेज में सावधानीपूर्वक चयनित यात्रा कार्यक्रम शामिल हैं जो उत्तर भारत में अवकाश, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और दर्शनीय स्थलों का मिश्रण प्रदान करते हैं। चाहे वह हिमाचल/गंगटोक और दार्जिलिंग की शांत प्राकृतिक सुंदरता हो, कश्मीर/लद्दाख का बर्फीला अनुभव हो, चारधाम की आध्यात्मिक आभा हो, आईआरसीटीसी सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक यात्री पैकेज के भीतर एक आदर्श पलायन पा सके।

# बनसोडे विस. उपाध्यक्ष निर्वाचित

## संविधान ने आम आदमी को दिया समान अवसर : फडणवीस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** अण्णा बनसोडे को महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनके चुनाव पर बधाई प्रस्ताव प्रस्तुत किया और उनके राजनीतिक सफर व अनुभव की सराहना की। फडणवीस ने कहा कि, महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष पद पर एक सामान्य कार्यकर्ता का चयन होना भारतीय संविधान द्वारा प्रदान किए गए समान अवसरों का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। राज्य के विधानमंडल की एक गौरवशाली परंपरा रही है, और इसे आगे ले जाने की ज़िम्मेदारी हम सभी की है। अण्णा बनसोडे का उपाध्यक्ष पद पर चयन केवल उनका सम्मान नहीं बल्कि महाराष्ट्र के 13 करोड़ लोगों के लिए गर्व की बात है। संविधान द्वारा दिए गए समानता के अधिकार के कारण ही एक सामान्य व्यक्ति भी उच्च पदों तक पहुंच सकता है। पिंपरी से वे तीसरी बार विधायक चुने गए हैं। इससे पहले, उन्होंने नगर निगम में पार्षद पद पर लगातार तीन बार जीत हासिल की थी और स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है।



### बनसोडे के कर्तृत्व का सम्मान

■ मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र विधानमंडल देश के सबसे लंबे समय तक चलने वाले सदनों में से एक है। इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों को समन्वय से कार्य करना चाहिए, जिससे इस सदन की प्रतिष्ठा और बढ़े। उपाध्यक्ष पद महाराष्ट्र विधानसभा का एक सम्मानजनक पद है, जिसे कई दिग्गज नेताओं ने गौरवान्वित किया है। अण्णा बनसोडे का इस पद के लिए चयन उनके कर्तृत्व का सम्मान है।



### विधानसभा को मिला सक्षम उपाध्यक्ष

अण्णा बनसोडे का राजनीतिक सफर पार्षद, स्थायी समिति अध्यक्ष, विधायक और अब उपाध्यक्ष तक लगातार आगे बढ़ता रहा है। उनकी इस चुनावी जीत से महाराष्ट्र विधानसभा को एक सक्षम उपाध्यक्ष मिला है, और उनसे उम्मीद है कि वे अपनी जिम्मेदारी के तहत संवैधानिक परंपराओं को बनाए रखेंगे, ऐसा मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा।

### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के समन्वय से मिलेगा न्याय

■ विधानसभा अध्यक्ष के रूप में विधि विशेषज्ञ एडवोकेट राहुल नार्वेकर और उनके साथ एक अनुभवी नेता उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे, जिससे विधानमंडल की प्रतिष्ठा और बढ़ेगी। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के समन्वय से इस सदन को निश्चित रूप से न्याय मिलेगा।

## बनसोडे के अनुभव का मिलेगा विधानसभा को लाभ : शिंदे



■ **मुंबई।** एक साधारण कार्यकर्ता महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन होता है, यह हमारे संविधान की ताकत को दर्शाता है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अण्णा बनसोडे को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए बनसोडे की सामाजिक और राजनीतिक यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता से लेकर विधानसभा के उपाध्यक्ष बनने तक का उनका सफर प्रेरणादायी है। वे जनता के विश्वास के कारण इस पद तक पहुंचे हैं, और उनके अनुभव का निश्चित रूप से विधानसभा को लाभ मिलेगा। अण्णा बनसोडे उपाध्यक्ष के रूप में सदन के सदस्यों की समस्याओं का समाधान निकालते हुए राज्य की जनता को न्याय दिलाने का कार्य करेंगे।

# मुंबई के अनदेखे नायकों का सम्मान

■ इनर व्हील क्लब ऑफ बॉम्बे हैंगिंग गार्डन ने किया बीएमसी सफाईकर्मियों का अभिनंदन

**सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स**
**मुंबई।** मुंबई शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बीएमसी के सफाईकर्मियों और गटर साफ करने वाले कर्मचारियों का आज इनर व्हील क्लब ऑफ बॉम्बे हैंगिंग गार्डन (आईडब्ल्यूसीबीएचजी) द्वारा सम्मान किया गया। इस विशेष अवसर पर सहायक आयुक्त विद्याते साहब, सहायक अभियंता डोंगरे साहब, पर्यवेक्षक अरविंद जाधव, पर्यवेक्षक राठौड़ साहब,कनिष्ठ पर्यवेक्षक लक्ष्मी कोळी व क्लब की अध्यक्ष मीना शाह और उनकी टीम 2024-25 ने "मुंबई के अनदेखे नायकों" का अभिनंदन किया। इनर व्हील क्लब ऑफ बॉम्बे हैंगिंग गार्डन एक महिला संगठन है, जिसमें 111 सदस्य शामिल हैं। यह क्लब समाज के वंचित वर्गों के साथ मिलकर काम करता है और सरकारी निकायों के सहयोग से समाज को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयासरत है। क्लब का मुख्य उद्देश्य लोगों के जीवन में मुस्कान लाना और सेवा के माध्यम से सामाजिक उत्थान करना हैं।



### सफाईकर्मियों के चेहरों पर मुस्कान

समारोह के दौरान बीएमसी के 250 सफाईकर्मियों और गटर साफ करने वाले कर्मचारियों को भोजन के पैकेट और स्टील के टिफिन वितरित किए गए। टिफिन में छाछ, केले, मिठाई, बिस्कुट और ढोकला शामिल थे। इसके अलावा, 230 भोजन के पैकेट्स में सम्पूर्ण भोजन भी प्रदान किया गया। इस कार्य से सभी सफाईकर्मियों के चेहरों पर एक आत्मीय मुस्कान देखने को मिली।

### छोटे प्रयासों से सकारात्मक बदलाव

इस पहल को सभी ने सराहा और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस तरह के प्रयासों से समाज में जागरूकता आएगी और इन कर्मठ कर्मियों का सम्मान और बढ़ेगा। आई डब्ल्यू सीबी एचजी ने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया कि छोटे-छोटे प्रयास भी समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

### कर्मयोगियों का सम्मान और प्रशंसा

कार्यक्रम के दौरान क्लब की अध्यक्ष मीना शाह, सोनू पंजाबी, निशा अग्रवाल, पूजा कोठारी, कृतिका धिंगरा और टीम 2024-25 की अन्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर कर्मयोगियों को सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा,आज के समय में जहां इन सफाईकर्मियों की सेवाओं को नज़रअंदाज़ किया जाता हैं। आईडब्ल्यूसीबीएचजी ने उनके योगदान को मान्यता दी और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

### ये रहे उपस्थित

इनर व्हील क्लब ऑफ बॉम्बे हैंगिंग गार्डन के इस प्रयास के लिए पूरी टीम को बधाई और उन सभी अनदेखे नायकों को सलाम जिन्होंने शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दिया हैं। प्राणती कापड़िया, रक्षा शाह, दर्शना शाह, तेजल शाह, बिना शाह, दिपाली शाह, फाल्गुनी शाह, कविता चांडक, जया आहूजा, जागृति शाह, किन्नारी शाह, कांता हजारी, कादम्बिनी अग्रवाल, सुनालिनी मेहरा आदि मौजूद थी।

### बाबुलनाथ मंदिर

# शिव भक्तों की भक्ति पर भारी पड़ा आरटीओ का जुर्माना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के ऐतिहासिक बाबुलनाथ मंदिर के पास शिव भक्तों को भक्ति के दौरान भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर के पास की गलियों में मोटरसाइकिल पार्क करने वाले भक्तों पर आरटीओ अधिकारी भारी जुर्माना लगाते हैं, जिससे उनकी श्रद्धा पर असर पड़ रहा है। विशेषकर सोमवार और विशेष पूजा दिवसों पर जब मंदिर में भक्तों की भीड़ अधिक होती है, तब आरटीओ अधिकारी मौके का फायदा उठाते हैं। वे गलियों में पार्क की गई मोटरसाइकिलें उठाकर ले जाते हैं और उन्हें छुड़ाने के लिए 1500 से 2000 तक का जुर्माना वसूलते हैं। दूर-दराज़ से आने वाले कई भक्तों ने अपनी परेशानी व्यक्त करते हुए कहा कि वे मंदिर में आस्था और श्रद्धा से आते हैं, लेकिन इस तरह की समस्याओं के कारण उनकी भक्ति बाधित होती हैं। शिव भक्त रमेश पुरोहित वाटेरा का कहना है कि जब वे बाबुलनाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं, तब भी उनके मन में यह चिंता बनी रहती है कि कहीं उनकी गाड़ी आरटीओ वाले उठाकर तो नहीं ले गए। यह भय न केवल उनकी भक्ति में बाधा उत्पन्न करता है बल्कि मुंबई जैसे महानगर में आस्था के साथ न्याय न होने का भी संकेत देता हैं। भक्तजनों ने बाबुलनाथ मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधकों से निवेदन किया है कि दूर से आने वाले भक्तों के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि अगर पार्किंग की समुचित व्यवस्था हो जाए तो वे बिना किसी शंका और भय के भगवान शिव की भक्ति में लीन हो सकते हैं। इस मुद्दे पर बाबुलनाथ मंदिर ट्रस्ट की प्रतिक्रिया का इंतजार हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि अगर इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं निकला तो श्रद्धालुओं की संख्या पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। मंदिर प्रशासन और स्थानीय निकायों को मिलकर इस समस्या का समाधान निकालने की आवश्यकता है ताकि भक्त अपनी भक्ति में पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ रम सकें।



# गौ हत्या एवं सनातन संस्कृति पर अनोखी-गोष्ठी



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** अखिल भारतीय संस्था गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति एवं मलाड स्थित अल्टामोंटे के आपणो राजस्थान परिवार के संयुक्त तत्वाधान में गर्भपात, भ्रूणहत्या जैसे पाशविक कृत्य और इससे उत्पन्न दुष्परिणामों में सामाजिक पतन व राष्ट्रीय संकट पर मार्मिक चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुवात गणेश पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ संस्था की राष्ट्रीय मंत्री सरिता सरावगी (रायपुर) ने किया। संस्था का परिचय देते हुए बताया कि यह संस्था पिछले 21 वर्षों से ब्रह्मलीन संत स्वामी रामसुख दास जी महाराज की प्रेरणा से पूरे भारत वर्ष में बड़े-बड़े सम्मेलन, सेमिनारें व जनजागरण रैलियों का आयोजन व साहित्य वितरण कर भ्रूणहत्या विरोधी अभियान चला कर समाज सेवा कर रही है। यह संस्था रजिस्टर्ड NGO होते हुए भी इसमें धन संग्रह, चंदा या कोई सहायता नहीं ली जाती है।

राष्ट्रीय महामंत्री श्याम सुंदर मंत्री (कुचामन सिटी) ने पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से नव पीढ़ी में संस्कारों के क्षय से उत्पन्न संकट पर विस्तार से चर्चा करते हुए संयुक्त परिवार की महिमा और नव पीढ़ी को पुरातन परंपराओं की वैज्ञानिकता का प्रचार करने के साथ "बेटी को परणाओ और बहू को पढ़ाओ "पर जोर दिया। मुख्य वक्ता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम किशोर तिवाड़ी (बीकानेर) में देश-विदेश के अनुभव प्रमाणिक तथ्यों के साथ बताया कि जिन जिन राष्ट्रों ने गर्भपात को जनसंख्या नियंत्रण हे माध्यम बनाया है आज भारत सहित सभी राष्ट्र अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। गर्भपात महापाप है और क्रूरता के इस कृत्य से माता की पवित्र कोख में जीवित गर्भस्थ शिशु की हत्या की जाती है और यह उस शिशु के संवैधानिक अधिकारों का घोर हनन है। तिवाड़ी ने बताया कि गर्भपात के कारण हिंदुओं की संख्या घट रही है और अनेको राज्यों की डेमोग्राफी बदलने से नागपुर जैसी जेहादी घटनाएं घटित हो रही है। उन्होंने चेताया कि इस सामाजिक कलंक को दूर करने के अविलम्ब प्रयास नहीं हुए और सख्त कानून नहीं बना तो समाज व राष्ट्र घोर संकटे में आ जाएगा, सामाजिक रिश्ते खत्म हो जाएंगे। इस अवसर पर अमेरिका में बनी "मूकचीख" डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन एवं डिंपल सरावगी की अगुवाई में बेटी बचाओ पर प्रीती आडूकिया, रचना, उर्वी, अंजू अग्रवाल आदि ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। गोष्ठी में सुनील शरण शास्त्री ,डॉ. श्याम अग्रवाल, देवकीनंदन जिंदल, राम चंद्र रामुका, कमल पोद्दार, कृष्ण कुमार आडूकिया, विजय बगड़िया, हर्ष सरावगी की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम संचालन ज्योत्सना चौधरी ने किया।

### श्री झाब जैन परिषद्

# प्रभावी भाषण कला प्रतियोगिता का आयोजन



**मुंबई।** श्री झाब जैन परिषद् द्वारा प्रभावी भाषण कला प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23 मार्च से प्रारंभ किया गया, जिसमें 75 से ज्यादा (18 से 50 आयु वर्ग वाले) प्रतियोगि भाग ले रहे हैं। समारोह की विधिवत् शुरुआत माधवबाग एसी हॉल में हुई। अध्यक्ष अरविंद मुणोत ने सभी मेहमानों का स्वागत एवं प्रतियोगियों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। संस्थापक अध्यक्ष खीमराज जैन ने प्रतियोगिता पर विस्तृत जानकारी देते हुए सभी प्रतियोगियों को बधाई दी। इस प्रतियोगिता में पहली बार महिला प्रतियोगियों को शामिल किया गया। सभी प्रतियोगियों में बड़ा ही उत्साह और जोश दिख रहा है। संपूर्ण कार्यकम के प्रायोजक स्व. श्रीमती भवरीदेवी लुंभचंद वीरवाडिया परिवार से जितेंद्र वीरवाडिया ने श्री झाब जैन परिषद् का इस आयोजन का मौका देने के लिए आभार व्यक्त किया एवं सभी प्रतियोगियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कि। प्रशिक्षक सचिन कुरटिकर(गोआ से) ने वादा किया कि ये प्रशिक्षण सभी प्रतियोगियों को आने वाले भविष्य के लिए एक वरदान साबित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अभी भूतपूर्व अध्यक्ष का मागदर्शन एवं संपूर्ण कमिटी का भरपूर सहयोग मिल रहा है। ये प्रशिक्षण अगले चार चरणों तक चलेगा जिसका फाइनल 6 अप्रेल 2025 को गरवारे क्लब में किया जाएगा।

## राजस्व मंडल स्तर पर श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्व समाधान शिविर अभियान : बावनकुले

**मुंबई।** राज्य में जनता के दैनिक कार्यों को समय पर पूरा करने, राजस्व प्रशासन को अधिक जनोन्मुखी, प्रभावी और गतिशील बनाने के लिए अब राजस्व मंडल स्तर पर महाराजस्व समाधान शिविर अभियान चलाया जाएगा। यह घोषणा राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे ने विधानसभा में बताया कि अभियान का नाम श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्व समाधान शिविर अभियान रखा है। यह जिला वार्षिक योजना के तहत गतिशील प्रशासन और आपातकालीन व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राजस्व मंडल स्तर पर चलाया जाएगा।

### सामाजिक योजनाओं के लाभ का वितरण

मंत्री बावनकुळे ने अपने बयान में कहा कि समाधान शिविरों में जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र, 7/12 जमीन रिकॉर्ड, नामांतरण दस्तावेज, राशन कार्ड वितरण, संजय गांधी निराधार योजना के लाभ, राजस्व विभाग की विभिन्न सेवाएं, सरकारी योजनाओं के लिए आवश्यक दस्तावेज, पीएम किसान और अन्य सामाजिक योजनाओं के लाभों का वितरण किया जाएगा। पहली बार, इन शिविरों के आयोजन के लिए प्रत्येक राजस्व मंडल को 25,000 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

# ऐरोली विभाग में अवैध निर्माण के विरुद्ध तोड़क कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग की ओर से नोटिस दिए जाने के बावजूद संबंधितों द्वारा नोटिस की अनदेखी किए जाने के कारण, अवैध निर्माण के विरुद्ध नवी मुंबई मनपा विभाग की ओर से आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने ऐरोली विभाग में निष्कासन की कार्रवाई की। नवी मुंबई मनपा कार्यक्षेत्र के अंतर्गत जी विभाग ऐरोली में दीपाली एच. सिंह / हिरेंद्र आर. सिंह का ई-76, सेक्टर-04, ऐरोली तथा वाशिवले तुकाराम हरी का के-89, सेक्टर-04, ऐरोली स्थित निर्माण कार्य नवी मुंबई मनपा की कोई अनुमति लिए बिना अवैध रूप से किया गया था। उक्त अवैध निर्माण पर ऐरोली विभाग द्वारा महाराष्ट्र प्रादेशिक योजना एवं नगर रचना अधिनियम 1966 की धारा 54 के अंतर्गत नोटिस दी गई थी। संबंधितों को यह अवैध निर्माण स्वयं हटाना आवश्यक था। परंतु उन्होंने अवैध निर्माण स्वयं नहीं हटाया, जिस कारण उक्त अवैध निर्माण को 25 मार्च को अतिक्रमण मुहिम के अंतर्गत आंशिक रूप से निष्कासित किया गया। इस कार्रवाई के अंतर्गत दंडात्मक शुल्क प्रति व्यक्ति रुपए 25,000/- के अनुसार कुल रुपए 50,000/- वसूल किए गए हैं। इस मुहिम के लिए ऐरोली विभाग के सहायक आयुक्त तथा विभाग अधिकारी डॉ. अंकुश जाधव, कनिष्ठ अभियंता संदीप म्हात्रे, जी विभाग ऐरोली के अधिकारी/कर्मचारी तथा अतिक्रमण पुलिस बल उपस्थित थे। इस मुहिम हेतु 01 गैस कटर, 03 हैमर और 10 मजदूरों का उपयोग किया गया।



# मुंबई एयरपोर्ट के टॉयलेट में मिला नवजात का शव

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट के टॉयलेट के डस्टबिन में नवजात बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बच्चे को मंगलवार की रात करीब 10.30 बजे वहां काम करने वाले कर्मचारी ने देखा। इसके बाद एयरपोर्ट के सुरक्षाकर्मी और नजदीकी पुलिस स्टेशन को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली, तो वो फौरन बच्चे को लेकर अस्पताल में पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फिलहाल इस मामले में मामला दर्ज कर अपनी जांच शुरू कर दी है। मुंबई की सहार पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है, ये बच्चा किसने फेंका इसकी तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस बच्चे को डस्टबीन में किसने रखा, इसका पता करने के लिए पुलिस एयरपोर्ट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज तलाश रही है। साथ ही उस दौरान ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

- सहार पुलिस ने शुरू की जांच
- अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज

## 'म्हाडा' छत्रपति संभाजीनगर मंडल का पहला जनता दरबार 28 को

**मुंबई।** नागरिकों की शिकायतों का न्यायपूर्ण और तत्परता से सरकारी प्रणाली द्वारा निराकरण सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी उपाय योजना के रूप में म्हाडा मुख्यालय में आयोजित किए जाने वाले लोकतंत्र दिन की तर्ज पर म्हाडा के छत्रपति संभाजीनगर गृहनिर्माण एवं क्षेत्रविकास मंडल स्तर पर पहले जनता दरबार दिवस का आयोजन 28 मार्च को किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार तथा उपमुख्यमंत्री एवं गृहनिर्माण मंत्री एकनाथ शिंदे की सलाह पर 100 दिनों की एक कार्ययोजना तय की गई है। म्हाडा के सभी विभागीय मंडलों को 100 दिनों की सात सूत्रीय कार्ययोजना के "नागरिकों की शिकायतों का निवारण" महत्वपूर्ण घटक के प्रभावी क्रियान्वयन को जनता दिन आयोजित करने के निर्देश 'म्हाडा' के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयस्वाल ने दिए थे।

# मीरा भायंदर में 10 अवैध स्कूल

**राकेश विश्वकर्मा/टाइम्स संवाददाता**

**मीरा-भायंदर।** मीरा भायंदर महानगरपालिका परिसर में 10 अवैध स्कूल पाए गए जिसकी सूची मनपा आयुक्त को सौंपी गई। शिक्षण विभाग के अधिकारी विजय वाकडे ने जांच पड़ताल के बाद यह सूची बनाई है। बता दें कि मीरा भायंदर में शिक्षा विभाग के नियमों को ताक पर रखकर स्कूल चलाने की शिकायत अभिभावकों द्वारा की जा रही थी। सूत्रों की मानें तो कई स्कूलों के पास एसएससी इंडेक्स नंबर नहीं है जिसके चलते इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त स्कूलों से दसवीं कक्षा की परीक्षा देनी पड़ती है। स्कूलों में बीए बीएड या बीएससी बीएड शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाने का जिम्मा होता है पर फर्जी स्कूलों में शिक्षकों को रख तो लिया जाता है पर उन्हें कोई अनुभव नहीं होता है। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो कई स्कूलों में शिक्षक बीए पास तक नहीं हैं और ये विद्यार्थियों को शिक्षा बांट रहे हैं। अवैध स्कूलों के मामले में शासन के सख्त आदेश है कि यदि कोई फर्जी स्कूल मिले तो उसके संचालक पर फौजदारी कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाए पर कुछ सरकारी बाबुओं को लापरवाही के चलते फर्जी स्कूल चलाने वाले आजाद घूमते है। मनपा सूत्रों की मानें तो पिछले शिक्षण अधिकारी सोनाली मातेकर ने पूरे वर्ष एक भी फर्जी स्कूल की सूची जारी नहीं कर अभिभावकों और विद्यार्थियों के साथ अन्याय किया था। अभिभावकों की मानें तो मनपा शिक्षण विभाग शहर के सभी स्कूलों की सख्ती से जांच करे। साथ ही सभी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की योग्यता जांचें, तब कहीं जाकर अभिभावकों और विद्यार्थियों को शिक्षा का फायदा मिलेगा। भाजपा की पूर्व नगरसेविका डॉक्टर नयना वसानी ने कहा कि मनपा आयुक्त इस मामले में सख्त करवाई करे। विद्यार्थी देश का भविष्य है, इनके साथ अन्याय ना हो इसकी जवाबदारी मनपा आयुक्त और शिक्षण अधिकारी की है। पूर्व नगरसेवक राजीव मेहरा ने कहा कि फर्जी स्कूल कलंक की तरह हैं।

आयुक्त को सभी स्कूलों की सूची सादर, कार्रवाई की मांग



# मुंबई में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चेंबूर (पूर्व) इलाके में देह व्यापार के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया। इस दौरान एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की सहित पांच महिलाओं को बचाया गया और दो दलालों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अवैध गतिविधि के तहत महिलाओं को एक रेस्टोरेंट में लाने वाले हैं। इसकी पुष्टि के लिए पुलिस ने एक एनजीओ की मदद से एक नकली ग्राहक भेजा। जैसे ही सूचना सही पाई गई, पुलिस ने छापा मारा और दोनों संदिग्ध दलालों को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरिलाल बंदू चौधरी (42) और अफताब आलम अंसारी (26) के रूप में हुई है। पुलिस टीम का नेतृत्व सहायक निरीक्षक सचिन गवाड़े ने किया। रेस्क्यू की गई सभी पीड़िताएं मुंबई और नवी मुंबई की रहने वाली हैं।

- ■ नाबालिग सहित पांच महिलाएं रेस्क्यू
- ■ पांच दलालों को किया गिरफ्तार

# रिटायर्ड महिला कर्मचारी से 2.3 करोड़ की ठगी

## बीमा कंपनी का एजेंट बनकर किया था कॉल

**पुणे।** पुणे के पिंपरी चिंचवड़ में सेवानिवृत्त महिला कर्मचारी से 2.3 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। पुणे में एक सेवानिवृत्त सरकारी बैंक कर्मचारी से 2.3 करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने बीमा कंपनी के एजेंट बनकर बेहतर रिटर्न का लालच दिया। इसके बाद जीएसटी, आयकर और अन्य शुल्क के नाम पर बड़ी रकम ऐंठ ली। पिंपरी-चिंचवड़ साइबर पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने खुद को बीमा कंपनी और वित्तीय संस्थानों से जुड़ा अधिकारी बताकर एक सेवानिवृत्त सरकारी महिला बैंक कर्मचारी को झांसे में लिया। उन्होंने दावा किया कि उनकी बीमा पॉलिसी से अधिक रिटर्न मिलेगा, लेकिन इसके लिए जीएसटी, आयकर, टीडीएस आदि शुल्कों का भुगतान करना होगा। महिला जब आरोपियों की बातों में आ गई, तो धीरे-धीरे उनसे 2.3 करोड़ रुपए ठग लिए गए। पीड़िता ने ठगी का अहसास होते ही पिंपरी-चिंचवड़ साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस इंस्पेक्टर रविकिरण नाले की टीम ने जांच शुरू की। छानबीन के बीच पुलिस ने लक्ष्मण कुमार पुनारामजी प्रजापति को पुणे से गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि 1.5 करोड़ रुपए दिल्ली में अन्य आरोपियों तक पहुंचे। इसके बाद साइबर पुलिस की दो टीमें दिल्ली रवाना हुईं और भूपेंद्र जीवन सिंह जिन्ना और लक्ष्मण सिंह को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 10 लाख रुपए नकद और एक मनी काउंटिंग मशीन बरामद हुई, साथ ही, पुलिस को एनपीआई अधिकारी का फर्जी आईडी कार्ड भी मिला, जिससे इस गिरोह के बड़े स्तर पर धोखाधड़ी करने की आशंका जताई जा रही है।

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# जोधपुर में दर्दनाक हादसा, तीन की मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** एक तेज रफ्तार डंपर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। एक्सीडेंट में डेढ़ साल की मासूम सहित दो लोग घायल हैं। कार सवार जोधपुर एम्स से बच्ची का इलाज करवा कर लौट रहे थे। एक्सीडेंट फलोदी के शेरगढ़ थाना इलाके में चाबा गांव के पास मंगलवार रात को हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक्सीडेंट में कार पूरी तरह से पिचक गई थी। घायलों को मुश्किल से बाहर निकाला गया।

### इलाज के कारण जोधपुर गए थे

■ चंपावत के अनुसार, सभी लोग गणेशराम और ममता की बेटी मनस्वी का इलाज कराने के लिए जोधपुर गए थे। शाम को सात बजे वे जोधपुर से राजमथाई (जैसलमेर) के लिए रवाना हुए थे। रात करीब 10 बजे चाबा गांव के नजदीक सामने से आ रहे डंपर ने कार को कुचल दिया। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों टीचर और क्लर्क जैसलमेर के राजमथाई में अलग-अलग जगह पोस्टेड थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी डंपर की तलाश की जा रही है। जिस कार का एक्सीडेंट हुआ है वो सरकारी क्लर्क अजय की कार थी। वो ही ड्राइव भी कर रहे थे।

### सरकारी टीचर और क्लर्क की मौत

■ शेरगढ़ थाने के एएसआई रघुनाथ सिंह चंपावत के अनुसार हादसे में भोजाकोर (जोधपुर) के ग्रेड सेकेंड टीचर गणेशराम (32) पुत्र रामूराम, ममता पत्नी गणेशराम की मौत हो गई। वहीं, सीनियर स्कूल के एलडीसी अजय कुमार (35) निवासी भादरा (हनुमानगढ़) ने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया। गणेश और ममता की डेढ़ साल की बेटी मनस्वी शेरगढ़ हॉस्पीटल में भर्ती है। वहीं, गणेशराम के दोस्त और स्कूल लेक्चरर गिरधारीराम (30) निवासी बरजासर (बीकानेर) गंभीर घायल हैं। उन्हें शेरगढ़ से जोधपुर रेफर किया गया है।

### फरार डंपर ड्राइवर

■ हादसे के बाद डंपर का ड्राइवर मौके से भाग निकला। वहीं, घटना स्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और किसी तरह पुलिस ने लोगों की मदद से कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। इनमें बच्चे को मामूली चोट लगी है। वहीं, गंभीर घायल गिरधारीराम को जोधपुर रेफर किया गया। गणेशाराम की दिसंबर 2023 में ही नौकरी लगी थी अभी वे प्रोबेशन पर ही थे।

## कंटीले तारों में फंसे कोबरा सांप की बचाई जान

**जैसलमेर।** जैसलमेर के बडोड़ा गांव में बीती रात एक जहरीला कोबरा सांप कंटीली तारों में फंस गया। गांव के एक खेत में जब किसानों ने कोबरा सांप को फंसे हुए देखा तो जैसलमेर शहर से स्नेक कैचर प्रेम चौधरी को बुलाया। मौके पर पहुंचे प्रेम ने 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद पांच फीट लंबे कोबरा सांप को कंटीले तारों से रेस्क्यू कर बाहर निकाला। कोबरा सांप को सुरक्षित रेस्क्यू कर प्रेम ने उसे जंगल में छोड़ दिया। सांप को जंगल में छोड़ने के बाद सभी ने राहत की सांस ली।
स्नेक कैचर प्रेम चौधरी ने बताया- कोबरा सांप करीब पांच फीट से भी ज्यादा लंबा था। बडोड़ा गांव स्थित एक खेत में तारबंदी के लिए कंटीले तार रखे हुए थे। सांप उन तारों के नीचे फंस गया था। खेत पर कोबरा सांप होने से किसान काफी डरे हुए थे। हमने तारों के बीच फंसे सांप को बचाने का प्रयास किया।

# मां से दो साल का बेटा छीना, फंदे पर लटकी

## ▶▶ ससुराल वाले दहेज के लिए करते थे परेशान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में विवाहिता ने अपने ससुराल में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। विवाहिता ससुराल वालों की प्रताड़ना और घरेलू कलह से परेशान थी। उसके दो साल के बेटे को भी सास-ससुर ने अपने बड़े बेटे और बहू को दे दिया था। दहेज के लिए भी परेशान करते थे। इसके बाद विवाहिता फंदे पर लटक गई। पीहर पक्ष ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया और शव उठाने से मना कर दिया। एमजीएच मॉर्च्युरी पर बुधवार को प्रदर्शन किया। पुलिस ने समझाइश की और मृतका के पति और ससुर को हिरासत में लिया है। इसके बाद पोस्टमॉर्टम कराने को राजी हुए। घटना माता का थान थाना क्षेत्र की है। माता का थान एसएचओ भंवर सिंह जाखड़ ने बताया- बनाड़ के नांदड़ा खुर्द में करणी विहार कॉलोनी निवासी हनुमान प्रसाद गौड़ पुत्र बाबूलाल ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया- उनकी बहन ममता की शादी साल 2021 में माता का थान के पास मदेरणा कॉलोनी में रहने वाले वासुदेव गौड़ के साथ हुई थी। शादी के बाद ममता को एक बेटा हुआ। वहीं ससुर सुरेश, सास लक्ष्मी, जेठ विमल और जेठानी पुष्पा उसे प्रताड़ित कर रहे थे।



### ▶▶ पति ने धमकाया

■ ससुराल वाले रविवार (23 मार्च) को ममता के दो साल के बेटे को चुराकर बनाड़ में रहने वाले उसके जेठ विमल के यहां देकर आ गए। ममता ने इसकी शिकायत अपने पति वासुदेव से की। पति ने ममता को ही धमकाया। इससे वह इतनी आहत हो गई कि 24-25 मार्च की रात करीब तीन बजे फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। ससुराल वालों ने अगले दिन सुबह 8:30 बजे ममता के चचेरे भाई अभिषेक को फोन किया। कहा कि- तुम्हारी बहन रात तीन बजे से दरवाजा नहीं खोल रही है। अभिषेक ममता के ससुराल पहुंचा। अनहोनी का शक होने पर उसने हमें फोन किया। इसके बाद चाचा के साथ हम ममता के ससुराल पहुंचे। वहां पहुंचने पर ससुराल वालों ने हमारे साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस शव को हॉस्पीटल लेकर गई।

# जैसलमेर में 26 कि.मी. की रफ्तार से चली तेज हवा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

### ▶▶ तापमान में दो डिग्री की गिरावट



**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से मंगलवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। दिनभर बादलों की आवाजाही रही। साथ ही 26 कि.मी. प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चली। जिससे पारे में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री व न्यूनतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 16 डिग्री का अंतर रहा। पिछले चार दिनों से पारा 38 से 40 डिग्री के बीच रहा है। ऐसे में चार दिनों से गर्मी का असर तेज है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक ओर तेज हवा चलने की संभावना जताई है। जिससे तापमान में और गिरावट होने के साथ गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने जिले में आगामी चार दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। गौरतलब है कि जैसलमेर जिले में सोमवार को पारा 40 डिग्री पर पहुंच गया था। जिससे गर्मी के तेवर तीखे हो गए थे। हालांकि मंगलवार को पारे में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। लेकिन तापमान 38 डिग्री पर होने से गर्मी का असर तेज ही रहा।

# 25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की शिव पुलिस ने ऑपरेशनल भौकाल के तहत कार्रवाई करते हुए तीन मामलों में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटर आरोपी 25 हजार रुपए का इनामी है। इसके खिलाफ गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान के अलग-अलग थानों में कुल 12 मामले दर्ज है। उप अधीक्षक ऑफिस के टॉप-10 आरोपी शामिल है।



■ मध्यप्रदेश-गुजरात और बाड़मेर में 12 मामले दर्ज
■ दो थानों का वांटेड

### 25 हजार रुपए का इनामी

एसपी नरेंद्र कुमार मीना ने बताया- पुलिस थाना शिव में दर्ज एनडीपीएस, रीको थाने में एससी-एसटी व राजकार्य बाधा और शिव थाने में गंभीर मारपीट मामलों में वांटेड चल रहे आरोपी मुन्ना उर्फ सरूपाराम पुत्र रणछाराम निवासी काश्मीर पुलिस थाना शिव करीब एक साल से फरार चल रहा था। पुलिस के लगातार प्रयासों के बाद भी पकड़ में नहीं आने पर इस पर 25 हजार रुपए का इनामी घोषित किया। आरोपी उप अधीक्षक ऑफिस के टॉप-10 आरोपियों में शामिल किया गया।

## जोधपुर में पुलिस की जनसहभागिता बैठक

**जोधपुर।** मथानिया थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेवरा रोड में बुधवार को जन सहभागिता बैठक हुई। बैठक में पुलिस उपायुक्त नाजिम अली ने साइबर क्राइम पर विशेष जोर दिया। डीसीपी ने बताया कि साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हो रही है। थानाधिकारी जयकिशन सोनी ने युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर चिंता जताई। उन्होंने अभिभावकों से युवाओं पर विशेष नजर रखने की अपील की। सहायक थाना अधिकारी मीठालाल ने अवैध तस्करी रोकने में ग्रामीणों की भूमिका पर प्रकाश डाला। बैठक में थाना अधिकारी जयकिशन सोनी, बीट अधिकारी राजीव भार्गव समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे। महिला सखी गुड्डी, पप्पू देवी, लक्ष्मी और सामाजिक कार्यकर्ता पापा राम जाखड़, सतराम जाखड़, भंवर गिरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया।



## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 919 | 924 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 257 | 257 |
| जिंक स्लैब | 281 | 281 |
| लीड इन्गॉट | 185 | 183 |
| टिन स्लैब | 3047 | 3040 |
| निकल | 1408 | 1410 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 868 | 868 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 858 | 857 |
| कॉपर आर्मेचर | 846 | 845 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 780 | 778 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 560 | 560 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 605 | 605 |
| एल्युमिनियम | 204 | 208 |

### लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9947 | -3200 |
| टिन | 34865 | -475 |
| लीड | 2073 | +25 |
| जिंक | 2935 | -3650 |
| एल्युमिनियम | 2596 | -3525 |
| निकल | 16269 | +462 |


## बाड़े के कबाड़ में लगी आग, कार जली

### ▶▶ दो-तीन बकरियों की भी जलने से मौत

**जोधपुर।** जोधपुर के बोम्बे मोटर्स चौराहा के पास गली में एक बाड़े में रखे कबाड़ में बुधवार दोपहर बाद आग लग गई। तेज हवा के चलते कुछ ही देर में आग की लपटों ने कुछ दूरी पर खड़ी कार को चपेट में ले लिया। आग की सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकलकर्मियों की टीम ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। फायर ऑफिसर हेमराज शर्मा ने बताया- बोम्बे मोटर्स चौराहे के पास गली में आग लगने की सूचना 2:54 बजे मिली थी। इस पर फायरमैन चैनाराम, विकास चौधरी, प्रेम व सुभाष की टीम दमकल के साथ मौके पर पहुंची। यहां स्थिति को देखते हुए तीन और गाड़ियां भेजी गई।

# बाड़मेर रिफाइनरी में लेपर्ड का हमला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**22 घंटे से अंदर, दो कार्मिकों को मारा पंजा**

**बाड़मेर।** बालोतरा में हिंदुस्तान पेट्रोलियम की रिफाइनरी में 22 घंटे से लेपर्ड ने आतंक मचाया हुआ है। लेपर्ड अटैक में रिफाइनरी के दो कर्मचारी भी घायल हुए हैं। जोधपुर से बुलाई गई रेस्क्यू टीम भी उसे पकड़ नहीं सकी है। मंगलवार शाम करीब चार बजे रिफाइनरी कैंपस में घुसा लेपर्ड बुधवार सुबह कुछ मिनट के लिए बाहर आया, लेकिन फिर अंदर कूद गया। पचपदरा की रिफाइनरी के बड़े हिस्से का काम पूरा हो चुका है। इसके जल्द शुरू होने की संभावना है। रिफाइनरी में लगे अलग-अलग सीसीटीवी कैमरे में लेपर्ड का मूवमेंट कैद हुआ है। हमले में घायल युवक रंजन कुमार ने बताया कि वो एक निर्माणाधीन कॉम्पलेक्स में छुपकर बैठा था। उसने अचानक ही हमला कर दिया। हमले में उसके हाथ और पीठ पर चोट लगी है। वहीं एक अन्य युवक की कमर पर उसने वार किया है। दोनों की चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे बाकी कर्मचारियों ने उन्हें बचाया। लेपर्ड की जानकारी के बाद पूरी रिफाइनरी में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई।

### ▶▶ 100 से ज्यादा लोगों की टीम रेस्क्यू में लगी

रिफाइनरी में लेपर्ड बार-बार जगह बदल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि रिफाइनरी में कर्मचारी होने की वजह से भी वह ऐसा कर रहा है। लेपर्ड के रेस्क्यू के लिए जोधपुर, बाड़मेर और बालोतरा की टीमें लगी हुई हैं। वन विभाग के 40 कर्मचारी, प्रशासन और रिफाइनरी के सिक्योरिटी स्टाफ के 100 से ज्यादा लोगों का ग्रुप रेस्क्यू में लगा हुआ है। इलाका खुला और बड़ा होने के कारण लेपर्ड को भी छिपने की जगह मिल रही है।

# व्यापार जगत

# साउथ सूडान की अर्थव्यवस्था को लगे पंख

### ▶▶ पांच देश हैं हमसे आगे, नाम जान चौंक जाएंगे

**नई दिल्ली।** दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेजी से बढ़ रही इकॉनमी है। इसमें दुनिया के ऐसे 19 देश शामिल हैं जिनकी इकॉनमी का साइज एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है। आईएमएफ के आंकड़ों के मुताबिक इस साल भारत की इकॉनमी की रफ्तार 6.5% रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही भारत की इकॉनमी का साइज 4.3 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही इकॉनमी कौन है? यह ऐसा देश है जो हाल में वजूद में आया है और भारत की इकॉनमी इससे 804 गुना बड़ी है। आईएमएफ के मुताबिक इस साल साउथ सूडान की इकॉनमी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ेगी। 2025 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 27.2% रहने का अनुमान है।



इसके साथ ही इसकी इकॉनमी का साइज 5.3 अरब डॉलर हो जाएगा। जुलाई 2011 में वजूद में आए पूर्वी अफ्रीका के इस देश की आबादी 1.15 करोड़ है और एरिया 644,329 वर्ग किमी है। इस लिस्ट में दूसरा नाम गुयाना का है। इस कैरेबियाई देश का जीडीपी ग्रोथ रेट 2025 में 14.4 फीसदी रहने की उम्मीद है। इसके बाद लीबिया (13.7%), सेनेगल (9.3%) और पलाउ (8.5%) का नंबर है। यानी इस साल इन सब देशों का ग्रोथ रेट भारत से ज्यादा रहेगा।

### बड़े देशों का हाल

जहां तक बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की बात है तो भारत के बाद इंडोनेशिया की इकॉनमी के इस साल सबसे तेजी से बढ़ने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक दुनिया के सबसे बड़े इस्लामी देश की इकॉनमी इस साल 5.1 फीसदी की रफ्तार से बढ़कर 1.5 ट्रिलियन डॉलर पहुंच जाएगी। सऊदी अरब की इकॉनमी 4.6 फीसदी की तेजी के साथ 1.1 ट्रिलियन डॉलर, चीन की 4.5 फीसदी के साथ 19.5 ट्रिलियन डॉलर और तुर्की की इकॉनमी 2.7 फीसदी की तेजी के साथ 1.7 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है।

# टैरिफ की टेंशन से बिगड़ा शेयर बाजार का मूड

### ▶▶ निवेशकों के 3.55 लाख करोड़ स्वाहा



**मुंबई।** बीते सात दिनों की जोरदार तेजी के बाद शेयर बाजार एक बार फिर बिकवाली मोड में आ गया है। सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार में हाहाकार मच गया और निवेशक शेयर बेचकर निकलने लगे। बीएसई सेंसेक्स 729 अंक या 0.93% गिरकर 77,288 पर आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 182 अंक या 0.77% गिरकर 23,486 पर बंद हुआ। 3.55 लाख करोड़ रुपए डूबे इस बिकवाली की वजह से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3.55 लाख करोड़ रुपए घटकर 411.39 लाख करोड़ रुपए रह गया। मतलब ये कि निवेशकों को तीन लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ। बता दें कि शेयर बाजार में यह गिरावट सात कारोबारी दिन की तेजी के बाद आई है। इन सात दिनों में सेंसेक्स 4,189 अंक और निफ्टी 1,271 अंक चढ़े थे। बहरहाल, आइए जान लेते हैं कि वो कौन से फैक्टर हैं जिस वजह से शेयर बाजार में भूचाल आ गया। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने संभावित टैरिफ बढ़ोतरी को लेकर निवेशक सतर्क हैं। कई मीडिया रिपोर्ट बताती है कि सभी प्रस्तावित टैरिफ दो अप्रैल की समयसीमा तक प्रभावी नहीं होंगे। इस पर स्पष्टता की कमी ने वैश्विक बाजार में अस्थिरता को बढ़ावा दिया है। ट्रेड टेंशन में कोई भी टैरिफ बढ़ोतरी भारतीय निर्यात को प्रभावित कर सकती है। खासतौर से आईटी और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में इसका बड़ा असर दिख सकता है। पिछले सात कारोबारी दिन से शेयर बाजार रॉकेट की तरह बढ़ रहा था। इस दौरान निफ्टी और सेंसेक्स में करीब 5.7% की तेजी आई है। इस माहौल का फायदा उठाते हुए निवेशक मुनाफावसूली पर जोर दे रहे हैं। इस वजह से बाजार में गिरावट आई है। कुछ ही दिनों में वैल्यूएशन में तेज उछाल ने ट्रेडर्स को सतर्क कर दिया है। यही वजह है कि हैवीवेट शेयरों में बिकवाली बढ़ गई है। बाजार में गिरावट की एक बड़ी वजह कच्चे तेल की कीमतें हैं। दरअसल, बुधवार को कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और तीन सप्ताह के हाई पर पहुंच गया। अमेरिका ने वेनेजुएला और ईरान के तेल निर्यात पर प्रतिबंध कड़े कर दिए हैं। अमेरिका में कच्चे तेल के भंडार में उम्मीद से अधिक गिरावट ने भी कीमतों को बढ़ाया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें भारत के आयात बिल को बढ़ा सकती हैं, जिससे मुद्रास्फीति और कॉर्पोरेट मार्जिन प्रभावित हो सकते हैं।

## आप का राशिफल 27 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक 4 7 9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक 1 5 7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक 3 5 6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक 3 5 6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-6

## हरियाणा में बनेगा मारुति का नया प्लांट

### ▶▶ उत्पादन बढ़ने से घटेगा कारों का वेटिंग पीरियड

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने हरियाणा के खरखौदा में तीसरे प्लांट को मंजूरी दे दी है, जिससे सालाना 2.5 लाख अतिरिक्त गाड़ियां बनाई जा सकेंगी। इस विस्तार से कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता 2029 तक 7.5 लाख यूनिट प्रति वर्ष तक पहुंच जाएगी। आइए जरा विस्तार से इसकी डिटेल्स जानते हैं। मारुति सुजुकी ने इस नए प्लांट के लिए 7,410 करोड़ रुपए के निवेश को मंजूरी दी है। यह निवेश कंपनी के बढ़ते उत्पादन और ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने की रणनीति का हिस्सा है। मारुति सुजुकी ने 2024 में पहली बार एक कैलेंडर इयर में 20 लाख गाड़ियों का उत्पादन कर नया इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि केवल भारत में ही नहीं, बल्कि सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन की किसी भी वैश्विक उत्पादन यूनिट के लिए एक बड़ी सफलता है। 2024 में निर्मित 20 लाख गाड़ियों में से लगभग 60% हरियाणा के प्लांट्स में बनीं, जबकि 40% उत्पादन गुजरात में हुआ। खास बात यह रही कि 20 लाखवीं कार अर्टिगा थी, जो हरियाणा के मानेसर प्लांट से निकली थी।




## यूपीआई ट्रांजैक्शन, एटीएम चार्ज के बदलेंगे नियम

### ▶▶ जेब पर पड़ेगा सीधा असर

**नई दिल्ली।** एक अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू हो रहा है। इसके साथ ही तमाम क्षेत्रों में कई नए नियम लागू होंगे। इन नियमों का असर सीधे ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा। इन नियमों के चलते आपको कई बदलाव महसूस होंगे। ये बदलाव एटीएम से पैसे निकालने, यूपीआई ट्रांजैक्शन, बचत खाते और क्रेडिट कार्ड से जुड़े हैं। बैंकों को धोखाधड़ी रोकने, तकनीकी विकास का फायदा उठाने और ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए अपनी नीतियों में बदलाव करना होगा। आइए, यहां उनके बारे में जानते हैं। एटीएम से पैसे निकालने के नियमों में बदलाव किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंकों ने एटीएम से मुफ्त निकासी की सीमा को कम कर दिया है। अब ग्राहकों को दूसरे बैंकों के एटीएम से महीने में सिर्फ तीन बार ही मुफ्त में पैसे निकालने की अनुमति होगी। इसके बाद, हर ट्रांजैक्शन पर 20 से 25 रुपए का शुल्क लगेगा। इसका मतलब है कि अगर आप महीने में तीन से ज्यादा बार दूसरे बैंक के एटीएम से पैसे निकालते हैं तो आपको हर बार शुल्क देना होगा। यूपीआई ट्रांजैक्शन के नियमों में भी बदलाव किया गया है। एक अप्रैल से, जिन मोबाइल नंबरों से जुड़े यूपीआई खाते लंबे समय से इस्तेमाल नहीं किए गए हैं, उन्हें बैंक रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। अगर आपका फोन नंबर यूपीआई ऐप से जुड़ा है और आपने लंबे समय से इसका इस्तेमाल नहीं किया है तो बैंक इसे अपने रिकॉर्ड से हटा देगा और आपके खाते के लिए यूपीआई सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। इसलिए, अगर आप यूपीआई का इस्तेमाल करते हैं तो आपको अपने खाते को एक्टिव रखना होगा।




## डिफेंस कंपनी को मिला 4362 करोड़ का ऑर्डर

**मुंबई।** मिनिरत्न डिफेंस पीएसयू भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के शेयरों में बुधवार के कारोबारी सेशन में 4% तक की उछाल आई है। शेयर ने 1,357.70 का इंट्राडे हाई टच कर लिया। शेयर की कीमत में यह उछाल तब आया जब सरकारी कंपनी ने घोषणा की कि उसे रक्षा मंत्रालय से भारतीय सशस्त्र बलों को हथियारों की सप्लाई के लिए 4,362.23 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है। भारत डायनेमिक्स के शेयरों ने मार्च 2018 में 428 प्रति शेयर के आईपीओ प्राइस पर शेयर बाजार में अपनी शुरुआत की थी। बुधवार को भारत डायनेमिक्स के शेयरों में अपने आईपीओ प्राइस से तीन गुना से अधिक बढ़ गए। भारत डायनेमिक्स अब मार्केट कैप 50,000 करोड़ के करीब है। हाल ही में रक्षा स्टॉक अधिक ऑर्डर की उम्मीदों के कारण चर्चा में रहे हैं। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 54,000 करोड़ से अधिक मूल्य के आठ रक्षा प्रस्तावों को मंजूरी दी है। चार्ट पर, भारत डायनेमिक्स लगभग ओवरबॉट क्षेत्रों में है क्योंकि इसका रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स (आरएसआई) 67.6 पर है। 70 से ऊपर का आरएसआई रीडिंग दर्शाता है कि स्टॉक ओवरबॉट है।

# जुंजाणी में शराब की दुकान हटाने की मांग

## रात्रि चौपाल में उठा मुद्दा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को राहत प्रदान करवाने के लिए संचालित अभियान के तहत जिला कलेक्टर डॉक्टर प्रदीप के गावड़े के निर्देशानुसार मंगलवार रात्रि को ग्राम पंचायत जुंजाणी मुख्यालय पर रात्रि चौपाल का आयोजन तहसीलदार नीरजा कुमारी, विकास अधिकारी राजकुमार जीनगर, नायब तहसीलदार मीठालाल जोशी, सानिवि अधिशाषी अभियंता ओमप्रकाश व डिस्कॉम सहायक अभियंता भरत कुमार देवड़ा की मौजूदगी में हुआ। जिसमें गांव में शराब की दुकान हटाने, पुलिस चौकी स्वीकृत करने व रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ाने सहित कुल 48 परिवाद दर्ज किए गए।

इस दौरान तहसीलदार नीरजा कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुसार आमजन को घर बैठे समस्याओं से राहत दिलवाने ओर केंद्र व जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लोगों लाभान्वित कराने के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराने की बात कही, ताकि संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित समय में समाधान किया जा सके। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा गांव में शराबियों के आतंक से मुक्ति दिलवाने के लिए शराब की दुकान बंद कराने, गांव में पुलिस चौकी स्वीकृत कराने, रात्रि गश्त बढ़ाने, गांव व ढाणियों में लटके विद्युत तारों की समस्या से निजात दिलवाने, आबादी व सरकारी भवन के सामने लगे विद्युत ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग कराने, सरकारी विद्यालय का विद्युत मीटर बदलने, डेमेज विद्युत पोल बदलवाने, आवश्यकतानुसार मुख्य गांव व ढाणियों में नए ट्यूबवेल लगाने, आबादी को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत करने, पुरानी पेयजल की पाइप लाइन बदलकर बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए नई पाइप लाइन लगाने,जल जीवन मिशन के तहत वंचित घरों को जोड़ने और पानी की आपूर्ति करने, मुख्य गांव में आवश्यकतानुसार सीसी सड़क निर्माण करने, ढाणियों को सड़क से जोड़ने, दुदेलाई नाड़ी सरकारी विद्यालय भवन के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन हटवाने,वैर की ढाणी सरकारी विद्यालय में पोषाहार के लिए नवीन भवन स्वीकृत करवाने, दुदेलाई ढाणी से पूर्व सरपंच बलवंतसिंह की ढाणी व बागोड़ा मुख्य सड़क से मसराराम भील की ढाणी तक सड़क निर्माण करवाने, रोड लाईट लगवाने व खेल मैदान के लिए भूमि आवंटन की मांग की। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य हिमतराम सैन, भूमि निरीक्षक शेखर ओझा, ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र जोशी, पटवारी सुरेंद्र मीणा, हेल्पिंग नेचर फाउंडेशन अध्यक्ष ओखाराम बॉस, भाजपा नेता कन्हैयालाल पुरोहित करनाराम पुरोहित, भूपेंद्र दवे दुदाराम मेघवाल, राजूसिंह देवड़ा, दीपक पुरोहित व समाजसेवी रेवाराम सेन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सांचौर जिला बचाओ संघर्ष समिति का धरना जारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

## 88वें दिन प्रदर्शन में शामिल हुए रामपुरा के ग्रामीण



**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में ग्रामीणो का धरना 88 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार से हटधर्मिता छोड़ सांचौर जिले को बहाल करने की मांग की।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सांचौर जिले को गलत ढंग से खत्म किया गया है, जो अन्याय है, जिसको लेकर यहां कि लोग पिछले 88 दिनों से धरने पर बैठ हैं, गरीब लोग जालोर मुख्यालय पर जाने में सक्षम नहीं है, ऐसे में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सांचौर के लोगों को फायदा देने के लिए जिले को बहाल करना जरूरी है। सरकार अपने अड़ियल रवैये से बाहर आकर जिला बहाल करे, ताकि सांचौर के लोगों को पूरा फायदा मिल सके। इस दौरान ग्रामीणों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं,रैली निकालकर सरकार के निर्णय का विरोध किया।

वहीं ज्ञापन में बताया गया कि सांचौर जिला जो जालोर जिले से 145 किमी दूर व अंतिम गांव आकोड़िया रणखार करीब 250 किमी दूर हैं, सांचौर जिला बनने से मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होते थे। लोगों ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार सांचौर की जनता के साथ भेदभाव कर रही है। सांचौर जिला सही मापदण्ड अनुसार था।उन मापदंडों के आधार पर सभी नए जिले और संभाग बनाया था जिसको वर्तमान सरकार ने किस आधार पर निरस्त किया।

यह सांचौर की जनता के साथ अन्याय है, किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी बनती हैं कि जनहित में लिए गए निर्णय आगे बढाती हैं, पूर्व सरकार के द्वारा किये गए कार्य व्यवस्थित तरीके से चल रहे है , जिसको निरस्त करने में लगी हुई है और सांचौर जिला निरस्त करके बहुत बड़ी भूल की हैं।

# कार्यकर्ता तन-मन-धन से करें कार्य

**सांचौर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रत्येक विधानसभा के लिए प्रभारी नियुक्त किये हैं।

जिसमें सांचौर विधानसभा क्षेत्र के लिए महेन्द्र जाखड़ को प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिन्होंने कांग्रेस कार्यालय सांचौर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली, जिसमें सांचौर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को बूथ स्तर पर किस तरह मजबूत करने के बारे में कार्यकर्ताओं से विस्तार से जानकारी दी गई। पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई ने वर्तमान भाजपा सरकार पर कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया। पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा निकाली गई सभी प्रकार की योजना सिर्फ बन्द करने का कार्य कियाजा रहा है। इसलिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ से तन-मन-धन से कार्य करे। जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने सांचौर में कांग्रेस पार्टी के द्वारा किया जा रहे कार्य की वाहवाही की ओर कहा की जैसा कांग्रेस पार्टी सांचौर में कार्य कर रही हैं ऐसा ही कार्य पूरे राजस्थान में होना चाहिए। नगर परिषद सांचौर के सभापति नरेश सेठ, चितलवाना ब्लॉक अध्यक्ष मेवाराम देवासी, चन्दनसिंह राजपुत विरोल नवनियुक्त रामदेव क्रय-विक्रय सोसायटी के चेयरमैन, सुरजनराम साहू रणोदर मण्डल अध्यक्ष, सेधाराम मेघवाल पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सांचौर, बीरबल पूनिया पार्षद नगर परिषद सांचौर, सुखराम खोखर, आसुराम गोदारा, सेसावा सरपंच विजयपाल चारण, पीराराम देवासी, अर्जुन देवासी, जगदीश सारण, नरेन्द्र मेघवाल डांगरा, पीराराम माली सहित कार्यकर्ताओं ने बैठक को सम्बोधित किया। इस अवसर पर समस्त मण्डलों के मण्डल अध्यक्ष, सांचौर व चितलवाना ब्लॉक के कार्यकारिणी के सदस्यगण, नगर कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्यगण, जिला परिषद सदस्यगण, पंचायत समिति सदस्यगण, सांचौर व चितलवाना पंचायत समिति के सरपंचगण, सांचौर नगरपरिषद के पार्श्दगण, कांग्रेस पार्टी के समस्त संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, समस्त बूथों के बूथ अभिकर्ताओं सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सांचौर में दिनदहाड़े गैस टंकी चोरी



**सांचौर।** शहर के बडसम रोड स्थित एक मार्केट में दिनदहाड़े गैस की टंकी चोरी की वारदात सामने आई। स्थानीय व्यापारियों ने सतर्कता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

घटना की सूचना पर समस्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष हरिश पुरोहित, पूनमाराम पूनिया सहित कई लोग मौका स्थल पर पहुंचे व घटना की जानकारी ली व पुलिस को मौका स्थल पर बुलाया गया। व्यापारियों ने बताया कि बुधवार सवेरे एक संदिग्ध युवक मार्केट में घूम रहा था, जो मौके का फायदा उठाकर मार्केट के छत पर रहने वाले मजदूरों के खाना बनाने का गैस सिलेंडर उठाकर लेकर जा रहा था। तभी आसपास के व्यापारियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। आरोपी की पहचान स्थानीय युवक के रूप में हुई है, जो स्मैक की लत का शिकार बताया जा रहा है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए चोरी कर रहा था।

■ व्यापारियों ने आरोपी को पकड़ा

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है और यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी पहले भी इस तरह की किसी वारदात में शामिल रहा है या नहीं। व्यापारियों की सतर्कता से चोरी की वारदात टल गई, जिससे दुकानदारों ने भी राहत की सांस ली।

# रोटरी क्लब की बैठक में रक्तदान पर चर्चा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** शहर के एक निजी प्रतिष्ठान में बुधवार को रोटरी क्लब सायला की बैठक मोहन पाराशर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें रोटरी क्लब सायला की कार्यकारिणी बनाने एवं सदस्य जोडने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही मोहन पाराशर ने रोटरी क्लब के तत्वाधान में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर, गांव व शहरों में हेल्प मिशन समेत अन्य कार्यों के बारे मे जानकारी दी। इस दौरान राजेन्द्र माहेश्वरी, विक्रमसिंह दहिया, अशोक अग्रवाल, वस्तुपाल जैन, दिनेश सुथार ओटवाला, छैलाराम सैन, भंवरलाल सुथार, पारसाराम राणा मौजूद रहे।



# किसानों का सांकड़ के जीएसएस पर प्रदर्शन

## बिजली की समस्याओं को लेकर जताया विरोध

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** सांकड़ में किसानों ने जीएसएस के सामने किसानों की बिजली समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सीएम के नाम डिस्कॉम के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान किसानों ने आरोप गया कि पिछले 30 वर्षों से उनके कृषि कनेक्शन का बिल फ्लैट रेट पर आ रहा था। अब विभाग जबरन मीटर लगा रहा है और दस गुना अधिक बिल आ रहा है, जो किसानों के साथ अन्याय है। किसानों ने मांग की कि पहले की तरह फ्लैट रेट सिस्टम जारी रखा जाए, ताकि किसानों को पूरा फायदा मिल सके, इन समस्याओं को लेकर ज्ञापन में भी घरेलू कनेक्शन में भी अधिक बिल आने की शिकायत है, किसानों ने मीटर रीडिंग की जांच कर सुधार की मांग करते बताया कि कृषि कनेक्शन में जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने में 15 दिन तक का समय लग जाता है। किसानों ने मांग की है कि इसे 72 घंटे में बदला जाए, बिजली विभाग की एफआरटी टीम को नियमों का पालन करने के लिए पाबंद किया जाए, जिससे समय पर फॉल्ट दूर हो सके, किसानों ने यह भी बताया कि 25 एचपी के कृषि कनेक्शन को विभाग 40 एचपी बताकर अधिक बिल वसूल रहा है, उन्होंने इस त्रुटि को सुधारने की मांग की है। इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष छोगाराम चौधरी, गेनाराम, जुंजा राम, सांवला राम, थानाराम, खरता राम, भीमाराम, महादेवा राम, देवाराम, सुजाना राम, खंगाराराम, शंकरा राम, हरचंद राम, जामाराम व खेताराम सहित अन्य मौजूद रहे।

## गिव-अप अभियान

# अपात्र लोगों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी



**जालोर।** खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत गिव-अप अभियान को लेकर प्रवर्तन निरीक्षक पदमा चैधरी ने बुधवार को पंचायत समिति सभागार में आहोर उपखण्ड के राशन डीलर्स की बैठक ली। बैठक में प्रवर्तन निरीक्षक पदमा चौधरी ने गिव-अव अभियान के बारे में लोगों को जागरूक करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपात्र व्यक्ति विभाग की वेबसाइट से अपना नाम हटवा सकते हैं। 31 मार्च के पश्चात् अपात्र लोगों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। बैठक में राशन डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरसिंह दान, मादाराम, चतराराम, देवाराम, विजेन्द्रसिंह, हनीफ खां इत्यादि उपस्थित रहे।

# तीन विद्यार्थियों का नवोदय में चयन

**सायला।** उपखंड मुख्यालय पर स्थित रामदेव शिक्षण संस्थान के तीन विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय जसवंतपुरा में चयन हुआ है। निदेशक जयंतीलाल जीनगर ने बताया कि जवाहर नवोदय समिति द्वारा 18 जनवरी 2025 को कक्षा 6 के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमे स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसका मंगलवार को घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के वरुण बालोत, संजय कुमार व ललित कुमार का चयन हुआ। जिस पर विद्यालय परिवार तथा अभिभावकों ने खुशी जताई है। साथ ही चयनित हुए विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया।



# पीने के पानी सहित सड़कों की बदहाली का उठा मुद्दा

**जालोर।** जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रीको औद्योगिक क्षेत्र भीनमाल में मीठे पानी व सड़क की व्यवस्था तथा जालोर औद्योगिक क्षेत्र में पीने के पानी व सड़कों की खराब स्थिति, रोड लाइट की व्यवस्था, उद्यान/बगीचों के विकास से संबंधित बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में रीको के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सुभाष चन्द्र गर्ग ने बताया कि इस वर्ष भीनमाल व जालोर औद्योगिक क्षेत्रों के लिए राज्य बजट में पर्याप्त प्रावधान किया गया है।

पर्यावरण विभाग द्वारा जालोर के ग्रेनाइट उद्योग को ऑरेंज श्रेणी में लिया गया है। जिस पर जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कैटगरी परिर्वतन करने के लिए प्रदूषण विभाग के अधिकारियों से चर्चा के उपरांत प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने का आश्वासन दिया।

जिला कलेक्टर ने भागली क्षेत्र में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने भागली तृतीय चरण में 33 केवी जीएसएस कार्य पूर्ण करने को लेकर डिस्कॉम अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में ग्रेनाइट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रकाश परमार ने बताया कि वर्तमान में ग्रेनाइट कटिंग व पॉलिसिंग मशीनरी में नई तकनीक के उपयोग से केरोसिन/ऑयल का उपयोग पूर्णतया बंद है। कम मात्रा में पानी का उपयोग हो रहा है जिससे प्रदूषण शून्य हो रहा है। ग्रेनाइट स्टोन पाउडर स्लरी का शत-प्रतिशत उपयोग हो रहा है।

**राजस्थान निवेश प्रोत्साहन की बैठक में 29 प्रकरणों का हुआ अनुमोदन**

जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना की बैठक का आयोजन भी किया गया। बैठक में सदस्य सचिव एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जालोर के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी द्वारा 16 इकाइयों के 29 स्टाम्प ड्यूटी व भूमि रूपान्तरण के प्रकरणों को अनुमोदन के लिए रखा गया।

# सायला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथ मैनेजमेंट और जीत का दिया मंत्र

**सायला।** शहर के भंडारी धर्मशाला में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस सायला की संगठनात्मक बैठक का जालोर विधानसभा प्रभारी बेनीप्रसाद कटारिया, जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर, जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल, पूर्व विधायक प्रत्याशी रमीला मेघवाल एवं ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चंपावत की उपस्थिति में आयोजन हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए जालोर विधानसभा प्रभारी बेनीप्रसाद कटारिया ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होने एवं बूथ मैनेजमेन्ट को लेकर मार्गदर्शित किया। उन्होंने पार्टी को पुनः सत्ता में लाने के लिए बूथ कमेटी को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इससे आगामी नगरपालिका एवं पंचायतीराज चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित होगी। पुखराज पाराशर ने कहा कि यह संघर्ष का समय है और कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पूंजी है। लेकिन जो पार्टी की रीति-नीति से अलग चलेगा उसे संगठन से निष्कासित किया जाएगा। उन्होंने ब्लॉक अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों को प्रत्येक माह बैठक आयोजित कर आमजन एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान का प्रयास करने की बात कही। जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने आपसी मतभेद दूर कर संगठन हित में कार्य करने की बात कही। रमीला मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हर कार्यकर्ता को सम्मान दिया जाता है। सवाराम पटेल ने कहा कि कांग्रेस 36 कौम की हितैषी पार्टी है। युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पन्नेसिंह पोषाणा ने निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर संगठन हित को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक को सेवादल जिलाध्यक्ष भैरूपालसिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष छगनलाल गहलोत, जालोर ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, जिला परिषद सदस्य रामाराम चौधरी, शैतानसिंह धनानी, एडवोकेट रामसिंह चंपावत, गोपाल देवासी, वरिष्ठ कांग्रेसी नत्थु खान, मांगीलाल राणा ने भी संबोधित किया। ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चंपावत ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन योगेन्द्रसिंह कुम्पावत ने किया। इस दौरान सूरजपालसिंह सुराणा, महेन्द्रपाल सिंह पोषाणा, सुल्तान खान भाटी, चन्द्रसिंह तूरा, लालसिंह भूण्डवा आदि मौजूद रहे।



# किसानों को योजनाओं की दी जानकारी

## जालोर में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में बांटे चेक







**जालोर।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय परिसर बीछवाल, बीकानेर में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन एवं कृषक उत्पादक संगठन कार्यक्रम का राज्य के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा उद्घाटन करने के साथ ही किसानों से संवाद किया गया।

राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा कृषि व उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में ड्रीप संयंत्र, सौर ऊर्जा पम्प, मधुमक्खी पालन, सहकारिता विभाग की पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पशुपालन विभाग की पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के साथ ही राज्य द्वारा संचालित अन्य कृषक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ ही लाभार्थियों से संवाद किया गया। कार्यक्रम में 10 कृषकों को प्रतीक रूप में प्रदान किए गए अनुदान राशि के चेक जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं कृषक उत्पादक संगठन कार्यक्रम जालोर क्लब जालोर में आयोजित किया गया, जिसमें जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व मंजू सोलंकी ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा अनुदानित योजनाओं यथा-खेत तलाई, सिंचाई पाईपलाईन, तारबंदी, ड्रीप संयंत्र स्थापना से लाभान्वित कृषक नेनाराम पुत्र पकाराम माली को 12 हजार, जसवन्त सिंह को 15 हजार, सिकन्दर खान को 15 हजार, राणसिंह को 40 हजार, अमर सिंह को 40 हजार, केसी देवी को 1,71,963 रूपये, तलसाराम पुत्र सुमेरमल को 91,103 रूपये, लीलाराम पुत्र कपुराजी को 177957 रूपये, अर्जुनसिंह पुत्र तगसिंह को 2,17,707 रूपये व दलपतसिंह पुत्र गुमान सिंह को 1,97,971 रूपये की अनुदान राशि के प्रतीकात्मक चैक प्रदान किए गए। मंच का संचालन विमला पुरी व विष्णु कुमार गुर्जर ने किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेश मेवाड़ा, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चैधरी, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रामलाल जाट, उद्यान विभाग के उप निदेशक एल.एन. यादव, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सुनील वीरभान, उप निदेशक कृषि नरेन्द्र सिंह राठौड़, मंडी सचिव के.एस. भाटी, उपनिदेशक कृषि विस्तार खुमानसिंह रूपावत, सहायक निदेशक कृषि विस्तार जगदीश प्रसाद के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सहित जिले के कृषक, पशुपालक, कृषक हितधारक व कृषक उत्पादक संगठन उपस्थित रहे।



# जिले के किसान 31 मार्च तक बनवाएं फार्मर रजिस्ट्री आईडी

**जालोर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत आगामी 20वीं किश्त के लिए किसानों को 31 मार्च तक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे शिविरों में फार्मर रजिस्ट्री आईडी कार्ड बनवाने होंगे। पीएम किसान योजना के सहायक नोडल अधिकारी सुनील वीरभान ने बताया कि जिले में एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत फार्मर्स रजिस्ट्रेशन के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर किसानों को फार्मर आईडी कार्ड बनाकर प्रदान किए जा रहे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त केवल उन्हीं किसानों को मिलेगी जिनकी फार्मर रजिस्ट्री आईडी तैयार हो चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा शत-प्रतिशत आईडी सृजन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं ताकि कोई भी पात्र किसान पीएम किसान योजना की 20वीं किश्त से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि कृषक नजदीकी शिविर, तहसील कार्यालय पर जाकर आवश्यक दस्तावेज के साथ फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवा सकते हैं।

**आईडी के अभाव में नहीं मिलेगी किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त**

एग्रीस्टैक योजना के तहत आहोर तहसील में 27 मार्च को चान्दराई, पादरली, रोडला, कवराड़ा, डोडियाली, हरजी, चवरछा, रायथल, आईपुरा, देवकी व दयालुपरा, जालोर तहसील में 27 से 29 मार्च तक आकोली, बाकरा, उम्मेदाबाद व बिशनगढ़, सायला तहसील में 27 मार्च को जालमपुरा, खेतलावास व विशाला, बागोड़ा तहसील में 27 मार्च को जैसावास, मोरसीम, धुम्बडिया, लाखणी, कालेटी व कुका, सांचैर तहसील में 27 मार्च को दातां, अरणाय, सेड़िया, धमाणा, भादरूणा, भड़वल, बावरला, दांतिया, अचलपुर व गोलासन तथा रानीवाड़ा तहसील में 27 व 28 मार्च को रानीवाड़ा खुर्द, रतनपुर, बामनवाड़ा, गांग, मालवाड़ा, आलड़ी व कोड़का में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। वर्तमान में शिविरों में निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा किसानों को प्राप्त हो रही हैं। वही शिविरों में पंजीयन नहीं करवाने वाले किसानों को बाद में सशुल्क पंजीकरण करवाना होगा।

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत कार्य**

वरि. डीईई/टीआरएस/बीएल विद्युत लोको शेड, वलसाड द्वारा **निविदा सूचना क्र. एल/टीआरएस/बीए/डब्ल्यूओ/ दिनांक 18.03. 2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थानः** एक वर्ष की अवधि हेतु लोको शेड वलसाड में पारंपरिक तथा तीन फेस विद्युत लोको की ट्रैक्शन मोटर्स की छोटी मोटी मरममतों एवं बोगी फ्रेम का डिस्कनेक्शन, डिसमेंटलिंग एवं क्लिनिंग तथा उसके उपकरणों का डिसमेंटलिंग एवं क्लिनिंग। **कार्य की अनु. लागतः** रु. 48,75,190/-, **ईएमडीः** 97,500/-, **जमा करने की दिनांक तथा समयः** 24.04.2025 को 12.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समयः** 24.04.2025 को 12.30 बजे तक। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **1226**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सुपरस्ट्रक्चर के इंटरफेस पर डिवाइस का प्रावधान**

डीवाय. सीई (ब्रिज लाइन), पश्चिम रेलवे, दादर द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. डीवायसीई-बीआर-डीडीआर-2025-02 दिनांक 24.03.2025** आमंत्रित है। **कार्य का नामः** पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल में नई जनरेशन के लोकोमोटिव्स द्वारा अत्यधिक उच्च परिचालन के प्रयासों के परिणाम स्वरूप ब्रिज नं. 163, 440 तथा 442 पर बढे हुए लॉंगीट्यूडीनल फोर्स को कम करना, स्थापना एवं वेलडेशन सहित सुपरस्ट्रक्चर एवं सबस्ट्रक्चर या सुपरस्ट्रक्चर के इंटरफेस पर डिवाइस का प्रावधान। **कार्य की अनु. लागतः** रु. 1,58,69,610/-, **ईएमडीः** रु. 2,29,400/-, **निविदा जमा करने की दिनांक तथा समय को या इससे पूर्वः** 21.04.2025 को 15.00 बजे तक। **निविदा खुलने की दिनांक तथा समयः** 21.04.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps. gov.in देखें। **1233**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - राजकोट डिवीज़न**

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या 43 वर्ष 2024-25 दिनांक 25/03/2025**

| क्र.सं. | ई-निविदा सं. एवं कार्य का नाम | अनुमानित एनआईटी लागत | ईएमडी लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | DRM-RJT-2024-25-E-85 | 28,34,99,210.24 | 15,67,500.00 |
| | राजकोट डिवीजन:- राजकोट-हडमतिया सेक्शन के अंतर्गत वंदे भारत ट्रेन के संबंध में पशु बाड़ लगाने का कार्य। | | |
| 2 | DRM-RJT-2024-25-E-86 | 2,24,01,667.95 | 2,62,000.00 |
| | राजकोट डिवीजन फेज-1 के अंतर्गत वांकानेर यार्ड की यात्री परिचालन लाइनों का सुधार एवं उन्नयन | | |

**निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 18/04/2025 को 15:00 बजे. **कार्यालय का पता :** मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पश्चिम रेलवे, कोठी कम्पाउण्ड, राजकोट, गुजरात 360001 **वेबसाइट :** www.ireps.gov.in **186**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

## सुविचार

मत कर इतना गुमान अपने आप पर कि कोई साथ रोने वाला भी ना मिले।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## फिर बिगड़े बोल

बिना नाम लिए शिवसेना प्रमुख पर की गई टिप्पणी के चलते कॉमेडियन कुणाल कामरा इन दिनों विवादों से घिरे हुए हैं। इसी बीच वे लगातार अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पैरोडी सॉन्ग वीडियोज शेयर कर रहे हैं। बुधवार को कॉमेडियन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक नया वीडियो शेयर करते हुए एक बार फिर बिना नाम लिए केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण पर निशाना साधा है। अपने ताजा वीडियो क्लिप में कुणाल कामरा एक और पैरोडी सॉन्ग सुनाते दिख रहे हैं। इस वीडियो में वो महंगाई को लेकर सरकार पर तंज कस रहे हैं और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भी जिक्र कर रहे हैं। वीडियो में कॉमेडियन टैक्स को लेकर भी कमेंट कर रहे हैं। कुणाल के इस वीडियो पर लोगों के रिएक्शन भी आ रहे हैं। कुछ लोग जहां आलोचना को लोकतंत्र के लिए जरूरी बताते हुए कुणाल के इस वीडियो की तारीफ कर रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का ये भी कहना है कि कुणाल के इस वीडियो वाले मामले से औरंगजेब वाला चैप्टर अब बंद हो गया है। लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रहीं हैं। कुणाल कामरा को लेकर विवाद तब गरमाया, जब उन्होंने अपने एक हालिया वीडियो में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे के राजनीतिक करियर को लेकर कटाक्ष किया था। कामरा ने अपने वीडियो में एक हिंदी गाने की धुन पर एक पैरोडी सुनाई थी, जिसको सुनकर शिवसैनिक नाराज हो गए थे। कुणाल कामरा ने शो की रिकॉर्डिंग अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट की थी। कॉमेडियन का वीडियो सामने आने के बाद शिवसैनिक नाराज हो गए थे और उन्होंने उस जगह भी तोड़फोड़ की थी, जहां कुणाल कामरा ने ये वीडियो शूट किया था। शिवसेना के लोगों ने कुणाल कामरा को माफी मांगने या नतीजे भुगतने की धमकी भी दी। इस पूरे मामले पर विवाद बढ़ता देख कुणाल कामरा ने सोशल मीडिया पर अपने एक्स अकाउंट पर एक लंबा चौड़ा बयान जारी किया था, जिसमें उन्होंने माफी मांगने से इंकार कर दिया था। कुणाल कामरा ने कहा था, "मैं माफी नहीं मागूंगा। मैं भीड़ से नहीं डरता। एंटरटेनमेंट वेन्यू महज एक प्लेटफॉर्म है, जो हर किस्म के शो का मंच है। हैबिटेट या कोई भी जगह मेरी कॉमेडी के लिए जिम्मेदार नहीं है। मैं जो भी कहता या करता हूं, उस पर उसका कोई अधिकार नहीं है। न ही किसी और पार्टी का कोई अधिकार है। एक कॉमेडियन के कहे शब्दों के लिए किसी जगह को नुकसान पहुंचाना, वैसी ही नासमझी है, जैसे अगर आपको चिकन नहीं परोसा जाता तो आप टमाटर के ट्रक को पलट दें।"

### कामरा की कमेडी को मात देती

# बीएमसी की कार्यवाही..!!



शाहिद ए. चौधरी

अगर किसी व्यक्ति को यह लगता है कि किसी अन्य व्यक्ति के शब्दों से समाज में उसकी बदनामी हुई है तो भारत के संविधान के तहत उसके पास न्याय पाने के दो कानूनी विकल्प उपलब्ध हैं। वह संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आपराधिक या सिविल मामला दर्ज कर सकता है और फिर अदालत तय करेगी कि उसकी मानहानि वास्तव में हुई या नहीं। लेकिन उसे किसी भी सूरत में कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। इसलिए स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के वायरल हुए व्यंग्य से महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मानहानि हुई या नहीं, का फैसला अदालत करेगी, मैं या आप नहीं और अगर कामरा दोषी हैं तो भी उन्हें सजा अदालत ही सुनायेगी मैं या आप नहीं। कानून और लोकतंत्र का यही तकाजा है। लेकिन हुआ क्या?

इमेज

जैसे ही कामरा का राजनीतिक व्यंग्य वायरल हुआ तो शिंदे शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने उस होटल के स्टूडियो में जाकर तोड़फोड़ की, गाली गलौज की और हंगामा किया, जहां कामरा ने अपना वीडियो शूट किया था। इन असामाजिक तत्वों (राजनीतिक कार्यकर्ता इनके लिए उचित शब्द नहीं हैं) ने कामरा को फोन पर मुंह काला करने से लेकर जान से मारने तक की धमकी दी। इससे अलग बीएमसी ने संबंधित होटल पर बिना नोटिस के बुलडोजर कार्यवाही की, यह कहते हुए कि उसने होटल के अवैध निर्मित हिस्से को गिराया है। यह मुमकिन है कि होटल ने कुछ अवैध विस्तार किया हो, लेकिन महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि तथाकथित अवैध निर्माण कामरा प्रकरण के तुरंत बाद ही क्यों गिराया गया? क्या इसके बारे में बीएमसी को पहले से मालूम नहीं था? अगर मालूम था तो उसने कार्यवाही क्यों नहीं की थी? क्या उसको कामरा प्रकरण होने की प्रतीक्षा थी? फिर शिंदे शिव सेना के तत्वों को कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत किसने दी? क्या उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं होनी चाहिए? खार पुलिस ने 12 शिव सैनिकों को स्टूडियो में तोड़फोड़ करने के आरोप में हिरासत में अवश्य लिया है, लेकिन क्या सिर्फ 12 व्यक्तियों ने तोड़फोड़ की? वीडियो में तो इससे कहीं अधिक लोग तोड़फोड़ करते हुए नजर आ रहे हैं। बाकी सब को हिरासत में क्यों नहीं लिया गया? इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि यह सब सत्तारूढ़ दल के समर्थक कर रहे हैं, शायद इस वजह से कि जब सैंया भए कोतवाल तो फिर डर काहे का। लोकतंत्र के लिए यह खतरे की घंटी है। सत्तारूढ़ दल का कर्तव्य राज्य में कानून व्यवस्था बनाये रखने का है, न कि अपने समर्थकों को गुंडागर्दी करने की खुली छूट देने की या अपने अधीन प्रशासनिक अधिकारियों से कानून का उल्लंघन या दुरुपयोग कराने की। महाराष्ट्र में पिछले एक सप्ताह के दौरान सुप्रीम कोर्ट के नवम्बर 2024 के आदेश का दो बार खुला उल्लंघन देखने को मिला है, जिसने इमारतों को गिराने के संदर्भ में, जिनमें अवैध इमारतें भी शामिल हैं, स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए



थे, जो अखिल भारतीय स्तर पर लागू हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश में सब कुछ एकदम स्पष्ट है, "बिना कारण बताओ नोटिस के, जिसका जवाब स्थानीय नगरपालिका नियमों या 15 दिनों के भीतर दिया जाए, जो भी अधिकतम हो, बिना नोटिस किसी इमारत को नहीं गिराया जा सकता।" नागपुर नगर निगम ने दंगे के एक आरोपी के मकान को सर्वेयर द्वारा 20 मार्च को अवैध घोषित कराया और 24 मार्च को उसे तोड़ दिया। मुंबई के होटल के तथाकथित अवैध निर्माण को तो कामरा के वीडियो वायरल होने के अगले दिन ही तोड़ दिया गया। यह किस क़िस्म का प्रशासन चल रहा है जिसे नियमों, कानूनों और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की कोई परवाह नहीं है। जो मन में आता है वह कर दिया जाता है। यह लोकतंत्र है या तानाशाही? दरअसल, यह सब एक सोची समझी रणनीति के तहत किया जा रहा है। सत्तारूढ़ दलों को यह पसंद नहीं है कि कोई उनसे सवाल करे, कोई उनकी नीतियों की आलोचना करे, कोई उनके नेताओं का कार्टून बनाए (किसी अखबार में आपको लक्ष्मण या सुधीर धर नज़र आ रहे हैं?), या कोई स्टैंड-अप कॉमेडियन उन पर व्यंग्य करे। इसलिए तोड़फोड़ व त्वरित 'कानूनी कार्यवाही' से लेखकों, पत्रकारों, कॉमेडियनों आदि को यह संदेश देना है कि वह तोल-मोलकर बोलें, सरकार से कुछ न कहें और केवल विपक्ष से सवाल करें। इसके अतिरिक्त होटल या स्टूडियो मालिकों को भी संदेश दिया जा रहा है कि वे सरकार से सवाल करने वाले व्यक्तियों को अपनी जगह न दें। यह एक तरह से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नियंत्रित करने का ही प्रयास मात्र है। इसलिए जो कुछ मुंबई में हुआ है, वह मजाक एकनाथ शिंदे पर नहीं है बल्कि उन सब पर है जो लोकतंत्र में विश्वास करते हैं और देश को संविधान के अनुसार चलाये जाने की इच्छा रखते हैं। जब जीवन ही कॉमेडी बनकर रह जाए तो बेचारा कॉमेडियन क्या करे। इसमें शक नहीं है कि राजनीति हमेशा से ही हास्य व्यंग्य के लिए उपजाऊ मसाला प्रदान करती रही है। दुनियाभर के खुले लोकतंत्रों में लोग अपने सियासी नेताओं की कीमत पर खुलकर हंसते रहे हैं। हमारे यहां भी हरिशंकर परसाई या केपी सक्सेना के राजनीतिक व्यंग्यबाणों ने लोगों को खूब गुदगुदाया है। लेकिन यह गुज़रे ज़माने की बात सी लगती है। आज के अधिकतर या लगभग सभी खद्दरधारी छुईमुई के पौधे से भी अधिक छुईमुई हो गए हैं, जब व्यंग्य का बाण उनकी तरफ चलता है, विशेषकर जब उन पर किए गए मज़ाक पर श्रोता अतिरिक्त ठाहाका लगाकर हंसते हैं। यह हो सकता है कि कामरा के नवीनतम जोक्स मजेदार न होकर पूर्णतः बकवास हों। लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है? मुद्दा यह है कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत 'तार्किक पाबंदियों' के भीतर सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। उद्धव ठाकरे की सेना को कामरा के लतीफों में तर्क नज़र आता है, लेकिन शिंदे की सेना को आपत्ति है। ठीक है। हर किसी को अपने तौर पर फैसला करने का अधिकार है। लेकिन किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का हक नहीं है। शिंदे सेना को आपत्ति है तो उसके लिए अदालत के दरवाज़े खुले हुए हैं, लेकिन तोड़फोड़ करने या धमकी देने का अधिकार उसे नहीं है। आधुनिक समाज की रीढ़ शब्दों से असहमति का जवाब शब्दों से देने वाली है। कानूनी सहअस्तित्व का आधार यह है कि शब्दों पर असहमति हिंसा से व्यक्त न की जाए और अगर कोई हिंसा करता है तो राज्य उसे सज़ा दे। यह सही है कि पुलिस ने तोड़फोड़ करने वाले कुछ शरारती तत्वों को हिरासत में लिया है, लेकिन साथ ही कामरा को भी बीएनएस की धाराओं 353(1)बी व 353(2)-सार्वजनिक शरारत उत्पन्न करने वाले वक्तव्य और अपराधिक मानहानि, 356(2) के तहत बुक किया है।

## पंचांग

गुरुवार, 27 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - कृष्ण |
| तिथि | - त्रयोदशी 23.05 तक |
| वार | - गुरुवार |
| नक्षत्र | - शतभिषा 24.35 तक |
| योग | - साध्य 09.26 तक |
| करण | - गर 12.29 तक |
| सूर्योदय | - 06.38 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.49 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.37 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.55 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - कुंभ |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.19 से 13.08 |
| राहु काल | - 14.15 से 15.47 |
| व्रत, त्यौहार | - प्रदोष, शिवरात्रि, वारुणीयोग सूर्योदय से सूर्यास्त, पंचक, भद्रा 23.05 प्रारंभ, प्रकाशपुरी निर्वाण, मंडोर जोधपुर |
| दिशा शूल | - दक्षिण |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



वास्तु शास्त्र

## पाकिस्तान के हिंगलाज भवानी का मंदिर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक पॉडकास्ट में सरहद पार पाकिस्तान के शक्तिपीठ हिंगलाज भवानी का जिक्र करते हुए भावुक हो गए। बता दें कि हिंगलाज माता का मंदिर माता सती के 51 शक्तिपीठों में से एक है, जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित है। यह मंदिर कभी भारत में होता था लेकिन भारत-पाक युद्ध के बाद हिंगलाज माता का मंदिर पाकिस्तान के हिस्से में चला गया। हिंगलाज माता का मंदिर अब मुस्लिम राष्ट्र में है लेकिन इस पवित्र मंदिर की मान्यता अभी भी कम नहीं हुई है। यह मंदिर भले ही हिंदू देवी को समर्पित हो लेकिन यहां मुस्लिम भक्त भी श्रद्धा से अपना सिर झुकाते हैं।

**विशालकाय गुफा में माता का मंदिर**

पॉडकास्ट में सीएम योगी ने कहा था कि साल 1947 से पहले पाकिस्तान और बांग्लादेश में भारत के हिस्से थे। हम उस सच्चाई को कैसे भूल सकते हैं। क्या पाकिस्तान में हमारी हिंगलाज माता का मंदिर नहीं है क्या बांग्लादेश में माता ढाकेश्वरी का मंदिर नहीं है। हिंगोल नदी और चंद्रकूप पहाड़ पर हिंगलाज माता का मंदिर स्थित है। पहाड़ियों की तलहटी में एक विशालकाय गुफा है, जहां माता अपने भक्तों को दर्शन देती हैं। इतिहास में हिंगलाज माता के मंदिर को 2000 साल से पुराना बताया गया है।

**नानी पीर के नाम से प्रसिद्ध मंदिर**

हिंगलाज माता का मंदिर पाकिस्तान की वैष्णो देवी के नाम से प्रसिद्ध है। शास्त्रों के अनुसार यहां पर देवी सती का ब्रह्मरंध्र (मस्तिष्क) गिरा था। इस मंदिर को हिंगुला देवी, नानी का मंदिर या नानी पीर के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर हिंदुओं के साथ साथ वहां के मुस्लिम समुदाय के बीच भी आस्था का केंद्र बना हुआ है और एक साथ इस शक्तिपीठ के देखरेख भी करते हैं। नवरात्रि के 9 दिनों में यहां पर विशेष धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। पाकिस्तान के लाखों सिंधी और हिंदू माता के दर्शन करने के लिए यहां आते रहते हैं।

**भगवान राम यहां कर चुके दर्शन**

मान्यता है कि रावण का वधन करने के बाद ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति के लिए भगवान श्रीराम ने भी हिंगलाज शक्तिपीठ के दर्शन किए थे। साथ ही भगवान परशुराम के पिता जमदग्नि ने भी यहां पर घोर तपस्या की थी। परशुराम के अलावा मनोरथ सिद्धि के लिए गुरुनानक देव, दादा मखान और गुरू गोरखनाथ जैसे आध्यात्मिक संत यहां पर आ चुके हैं। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी यहां पर माता के दरबार में माथा टेक चुके हैं।


**मुस्लिम लोग भी करते पूजा**

हिंगलाज माता मंदिर का दरबार गुफा के अंदर ही है और भगवान शिव यहां पर भीमलोचन भैरव के रूप में प्रतिष्ठित हैं। हिंगलाज माता के अलावा यहां पर भगवान गणेश और कालिका माता की भी प्रतिमा लगी हुई है। बलुचिस्तान के मुसलमान हिंगला माता को नानी पीर कहकर बुलाते हैं और उनको लाल कपड़ा, अगबत्ती, मोमबत्ती, इत्र, फूल आदि चीजें चढ़ाते हैं। हिंगलाज माता को चारण वंश की कुलदेवी माना जाता है। हिंगलाज माता के मंदिर पर कई बार पाकिस्तान के चरमपंथी हमला कर चुके हैं लेकिन माता को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा पाए हैं।

## तारीख विशेष

### विश्व रंगमंच दिवस

विश्व रंगमंच दिवस हर साल 27 मार्च को मनाया जाता है। 1961 में अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (आईटीआई) द्वारा नामित यह दिन रंगमंच कला के सार, सौंदर्य और महत्व, मनोरंजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका और जीवन पर रंगमंच के प्रतीकात्मक प्रभाव का जश्न मनाता है। यह दिन दुनिया भर की सरकारों, राजनेताओं, संस्थानों और हितधारकों को सूचित करने का भी काम करता है, जिन्होंने अभी तक लोगों के लिए रंगमंच के महत्व और आर्थिक विकास के लिए इसकी क्षमता को नहीं समझा है। प्राचीन ग्रीस से ही थिएटर कला और मनोरंजन का एक लोकप्रिय रूप रहा है, जो अपने दर्शकों को रोमांचित करता है और उन्हें विस्मय में डाल देता है। यह न केवल मनोरंजन और शिक्षा देता है, बल्कि थिएटर विभिन्न कला रूपों को मिलाकर अपने लाइव दर्शकों को एक वास्तविक मंच का अनुभव भी देता है, जो उन्हें कहीं और नहीं मिल सकता। विश्व रंगमंच दिवस हर साल 27 मार्च को मनाया जाता है, जिसे आईटीआई अपने केंद्रों के माध्यम से बढ़ावा देता है और दुनिया भर के रंगमंच समुदायों द्वारा इसका समर्थन किया जाता है। आईटीआई द्वारा इस दिन की शुरुआत जून 1961 में वियना में आईटीआई की नौवीं विश्व कांग्रेस में राष्ट्रपति अरवी किविमा द्वारा विश्व रंगमंच दिवस की स्थापना के लिए दिए गए प्रस्ताव के बाद की गई थी। इस प्रस्ताव को आईटीआई के स्कैंडिनेवियाई केंद्रों द्वारा समर्थन दिया गया और उत्साह के साथ प्रचारित किया गया। अगले वर्ष 27 मार्च, 1962 को विश्व रंगमंच दिवस आईटीआई केंद्रों, आईटीआई सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया। आज, यह दिन दुनिया भर के 90 से अधिक आईटीआई केंद्रों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय, अकादमियां, स्कूल और रंगमंच प्रेमी शामिल होते हैं।




### इस बार आईपीएल में

# कई युवा बन सकते नए सितारे!

सारिम अन्ना

हर सत्र में कुछ नए हीरो उभरकर सामने आते हैं, जो अपनी निडर बल्लेबाजी, शानदार गेंदबाजी व गेम को पलट देने वाले प्रदर्शन से सुर्खियों के सरताज बन जाते हैं। यह साल भी कुछ अलग नहीं है। हमें उम्मीद है कि इस बार के आईपीएल में ये छह युवा तहलका मचा सकते हैं। बहरहाल, यह तो प्रतियोगिता के अंत में ही मालूम हो सकेगा कि हमारा अनुमान कितना सही बैठता है, लेकिन फिलहाल आप इनके बारे में संक्षेप में जान लीजिए और इन पर नज़र रखिए। पंजाब किंग्स ने 20 वर्षीय आलराउंडर मुशीर खान को मात्र 30 लाख रुपए में खरीदा गया है, लेकिन यह राइट-हैंड टॉप आर्डर बैटर व लेफ्ट-आर्म स्पिन गेंदबाज़ टीम को मजबूती प्रदान करने में सक्षम है, जैसा कि उसने देश के लिए अंडर-19 में और रणजी ट्राफी में मुंबई के लिए करके दिखाया है। मुशीर 2024 के अंडर-19 विश्व कप में लाइमलाइट में आए, जिसमें उनके बल्ले से शतक भी निकला और उन्होंने अपनी स्पिन से विकेट भी चटकाए। फिर मुंबई के लिए अपने रणजी ट्राफी करियर की शुरुआत उन्होंने पिछले साल धमाके से की और अपने पहले ही मैच में दोहरा शतक लगाया।

आईपीएल 2025 का सत्र 22 मार्च से शुरू हो चुका है और इस बार दर्शकों में उत्साह केवल स्थापित सितारों जैसे विराट कोहली, ऋषभ पंत आदि को लेकर ही नहीं है बल्कि उनकी निगाहें उभरते हुए युवा व निडर खिलाडियों पर भी हैं, विशेषकर इसलिए कि नीली जर्सी में वह ही देश का संभावित भविष्य हैं। देखना यह है कि भारतीय प्रतिभा की यह नई लहर किस हद तक अपने जौहर का प्रदर्शन करती है। इसमें शक नहीं है कि हर सत्र में कुछ नए हीरो उभरकर सामने आते हैं, जो अपनी निडर बल्लेबाजी, शानदार गेंदबाजी व गेम को पलट देने वाले प्रदर्शन से सुर्खियों के सरताज बन जाते हैं। यह साल भी कुछ अलग नहीं है। हमें उम्मीद है कि इस बार के आईपीएल में ये छह युवा तहलका मचा सकते हैं। बहरहाल, यह तो प्रतियोगिता के अंत में ही मालूम हो सकेगा कि हमारा अनुमान कितना सही बैठता है, लेकिन फिलहाल आप इनके बारे में संक्षेप में जान लीजिए और इन पर नज़र रखिए। पंजाब किंग्स ने 20 वर्षीय आलराउंडर मुशीर खान को मात्र 30 लाख रुपए में खरीदा गया है, लेकिन यह राइट-हैंड टॉप आर्डर बैटर व लेफ्ट-आर्म स्पिन गेंदबाज़ टीम को मजबूती प्रदान करने में सक्षम है, जैसा कि उसने देश के लिए अंडर-19 में और रणजी ट्राफी में मुंबई के लिए करके दिखाया है। मुशीर भारत की टेस्ट टीम के सदस्य सरफराज खान के छोटे भाई हैं। वह 2024 के अंडर-19 विश्व कप में लाइमलाइट में आए, जिसमें उनके बल्ले से शतक भी निकला और उन्होंने अपनी स्पिन से विकेट भी चटकाए। फिर मुंबई के लिए अपने रणजी ट्राफी करियर की शुरुआत उन्होंने पिछले साल धमाके से की और अपने पहले ही मैच में दोहरा शतक लगाया। उनके टी-20 नंबर भी निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। पंजाब किंग्स नए कप्तान श्रेयस अय्यर व कोच रिकी पोंटिंग के नेतृत्व में फिर से खड़ी होने का प्रयास कर रही है और मुशीर में जो हर स्थिति में खुद को ढालने की क्षमता है, उससे उनका उपयोग मध्य क्रम में किया जा सकता है या स्पिन को मदद करने वाली पिचों पर उनका प्रयोग पांचवें गेंदबाज के रूप में किया जा सकता है। मुशीर की बहुआयामी प्रतिभा उन्हें आईपीएल 2025 का स्लीपर पिक बना सकती है, विशेषकर अगर पंजाब किंग्स अपनी किस्मत को पलटने के लिए युवाओं की तरफ झुकती है। रोबिन मिंज अपनी विस्फोटक बल्लेबाज़ी के लिए जाने जाते हैं। वह चंद ओवर में ही मैच की धारा को बदल सकते हैं। इस लेफ्ट-हैंड विकेटकीपर बैटर को मुंबई इंडियन ने 65 लाख रुपए में खरीदा है। मुंबई के स्काउटिंग नेटवर्क ने उनकी क्षमता को जल्द ही पहचान लिया था और मुंबई को विश्वास है कि वह इस सत्र में अपनी छाप छोड़ेंगे। ईशान किशन अब मुंबई में नहीं हैं और मिंज का पॉवर गेम मुंबई की बिग हिटर परम्परा को ही आगे बढ़ाता है यानी वह किशन का अच्छा विकल्प हैं। 22 वर्षीय मिंज ने अब तक केवल दो ही फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, लेकिन आयु-वर्ग प्रतियोगिताओं में झारखंड के लिए उन्होंने कमाल किया है, जिससे उनके महत्व का अंदाजा लगाया जा सकता है। अठारह साल के सी आंद्रे सिद्धार्थ एक और सितारे के रूप में उभर सकते हैं। घरेलू सर्किट में उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारत के पूर्व ऑफ-स्पिनर आर अश्विन ने अपने पॉडकास्ट में सिद्धार्थ की ज़बरदस्त प्रशंसा की है। तमिलनाडु प्रीमियर लीग में सिद्धार्थ के निरंतर शानदार प्रदर्शन ने चेन्नै सुपर किंग्स को उनकी ओर आकर्षित किया। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और एमएस धोनी की मेंटरशिप में सिद्धार्थ का चेन्नै के सहयोगी वातावरण में अच्छा विकास हो सकता है। चेन्नै की मजबूत बल्लेबाजी में शायद उन्हें एकदम से टीम में स्थान न मिले, लेकिन जब भी उन्हें पुकारा जाएगा तो वह स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर अपने बल्ले से कमाल कर सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के समीर रिज़वी अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और छक्के मारने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। यह 21 वर्षीय बैटर दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैच-विनर साबित हो सकता है। रिजवी ने 2022 की उत्तर प्रदेश टी-20 लीग में 188.80 के स्ट्राइक रेट से 9 मैचों में प्रभावी 455 रन बनाए थे। इस प्रतियोगिता में उन्होंने 35 छक्के लगाए और सबसे तेज शतक (47 गेंदों में) भी लगाया। इसके कारण उन्हें 2024 के आईपीएल में चेन्नै ने 8.4 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके डेब्यू सीजन में उन्हें सीमित सफलता मिली और अब कैपिटल्स ने उन्हें 95 लाख रुपए में खरीदा है और उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी इस सत्र में दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है। इसी क्रम में हरियाणा के उभरते हुए हरफनमौला खिलाड़ी अंशुल कम्बोज हैं, जिन्हें चेन्नै ने 3.4 करोड़ रुपए में खरीदा है, जबकि उनका बेस प्राइस मात्र 20 लाख रुपए था। कम्बोज लम्बे कद (6 फीट 2 इंच) के तेज़ गेंदबाज़ हैं। यह 24 साल का तेज गेंदबाज नई गेंद को दोनों तरफ स्विंग करा सकता है।

## बोले तो...



मेरे संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं, जहां सदस्यों का आचरण मानकों के अनुरूप नहीं है। लोकसभा में पिता-पुत्री, माता-पुत्री, पति-पत्नी सदस्य रहे हैं। मैं नेता विपक्ष से अपेक्षा करता हूं कि वे नियम 349 के अनुसार आचरण करें, जो सदन में सदस्यों द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों से संबंधित है।

- ओम बिरला

दिशा के पिता सतीश सालियान ने मुंबई पुलिस आयुक्त से मुलाकात की है और आदित्य ठाकरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नैतिक आधार पर इस्तीफा देना या न देना उन पर और उनकी पार्टी पर निर्भर करता है, लेकिन सरकार के तौर पर मैं बताना चाहता हूं कि दोषी पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।



- शंभूराज देसाई



मुसलमान खतरे में नहीं हैं। इनकी (औवेसी की) वोट बैंक की राजनीति खतरे में है। जिस दिन भारतीय मुसलमान अपने पूर्वजों को समझ लेंगे, इन सभी को बोरिया-बिस्तर बांधकर भागना पड़ेगा। भारतीय मुसलमानों को याद रखना होगा कि वे तभी सुरक्षित हैं, जब हिंदू और हिंदू परंपरा सुरक्षित है।

- योगी आदित्यनाथ


## कुछ अलग | अजब गजब

# राजस्थान : बयाना का किला पुरानी और अदभुत बनावट व ऐतिहासिक महत्व को लेकर मशहूर

राजस्थान के भरतपुर में स्थित बयाना का किला अपनी पुरानी और अदभुत बनावट और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। यह किला एक ऊंची पहाड़ी पर बना है, जो इसे एक शानदार और मजबूत किला बनाता है। इस किले की दीवार गढ़ीदार बुर्ज और प्राचीन संरचनाएं इसकी भव्यता और ऐतिहासिकता का प्रमाण देती हैं। यह किला सिर्फ एक सुंदर इमारत नहीं, बल्कि कई राजाओं के शासन का गवाह भी रहा है। बयाना का किला कई शताब्दियों पुराना है और इसका निर्माण प्राचीन काल में करवाया गया था। इसे अनेकों राजाओं के शासनकाल से जोड़ा जाता है। इस किले का उपयोग मुगलों और राजपूतों के लिए एक महत्वपूर्ण रक्षा स्थान के रूप में किया जाता था। कई युद्धों और आक्रमणों के बावजूद यह किला आज भी अपने गौरव को संजोए हुए खड़ा है।

**किले में प्राचीन शिव मंदिर**

इस किले की गाथाएं इसकी दीवारों में बसी हुई हैं। जो वीरता पराक्रम और संघर्ष की कहानियां कहती हैं। किले के अंदर स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर धार्मिक आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां आने वाले श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। भूतिया बावड़ी को रहस्यमयी और रहस्यों से भरा स्थान माना जाता है। इसकी गहराइयों और अंधेरे गलियारों को देखकर यह स्थान एक अलग ही रोमांचक अनुभव कराता है।



**किले का पौराणिक महत्व**

इसके अलावा किले में भीम लाइट भी मौजूद है। ऐसा माना जाता है, कि इस स्थान का संबंध महाभारत काल से है और इसे भीम द्वारा निर्मित बताया जाता है। यह स्थान न केवल ऐतिहासिक बल्कि पौराणिक महत्व भी रखता है। इस किले की स्थापत्य कला अदभुत है। विशाल पत्थरों से बनी इसकी दीवारें इसे अजेय बनाती हैं। यहां मौजूद नक्काशीदार दरवाजे गुप्त सुरंगें और विशाल प्राचीरें इसे एक अनूठा ऐतिहासिक स्मारक बनाती हैं।

**पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र**

आज भी यह किला इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसकी प्राचीनता अदभुत वास्तुकला और गौरवशाली इतिहास इसे राजस्थान के महत्वपूर्ण किलों में से एक बनाते हैं। यहां आने वाले सैलानी इसकी भव्यता और रहस्यमयी स्थलों को देखकर रोमांचित हो उठते हैं।

## पाठक पाती

### समाज को कलंकित करना उचित नहीं

शादी के बाद एक स्त्री पर पति और उसके पूरे पीढ़ी की खुशियों की जिम्मेदारी होती है। माना जाता है कि पत्नी गुणवान हो तो वह बिगड़े हुए आदमी को भी सुधार देती है, उसकी असफलताओं को सफलता में बदलने की ताकत रखती है। लेकिन यदि पत्नी का स्वभाव इसके विपरीत हो तो इसका परिणाम परिवार के प्रत्येक सदस्य को भुगतना पड़ सकता है। खुद पति भी कभी अपने जीवन में सुख का अनुभव नहीं कर पाता है। पति-पत्नी के बीच सच्चा प्रेम, वफादारी, सेवा, आत्मीयता, विश्वास तभी रह सकता है जब उनमें एकनिष्ठा का व्रत हो। यदि कोई स्त्री अनेक पुरुषों से अवैध संबंध स्थापित करती है तो उसके शरीर, रक्त, मन एवं मस्तिष्क में अनेकों तत्व मिल जाने के कारण अस्थिरता, खींचतान, आकर्षण, विकर्षण के दौर चलने लगते हैं। ऐसी अवस्था में सच्चा प्रेम, वफादारी एवं आत्मीयता असंभव है।

- संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# राज्य सरकार की योजनाओं से जिले के किसानों को मिला सीधा लाभ

## धौलपुर में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का भव्य आयोजन, प्रगतिशील किसान दुर्ग सिंह की मुख्यमंत्री से बात



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन धौलपुर में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन भव्य आयोजन नगर परिषद ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में जिले के किसानों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने सरकार की कल्याणकारी नीतियों की सराहना की।

सम्मेलन के दौरान बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 30 हजार किसानों के लिए 137 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) किया और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पॉलीहाउस, सौर पंप, कृषि उपकरण, प्याज भंडारण, मधुमक्खी पालन सहित 12 योजनाओं को मंजूरी दी गई। बैल से खेती को प्रोत्साहन देने हेतु विशेष योजना की घोषणा की गई। साथ ही, किसान सम्मान निधि की राशि में 1000 रुपये की वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं की संख्या दोगुनी करने, पशुधन स्वास्थ्य हेतु मुफ्त औषधियों एवं टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200 करने तथा मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए। किसान सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिले के प्रगतिशील किसान दुर्गसिंह से संवाद किया। इस दौरान किसान दुर्गसिंह ने बताया कि उन्हें सोलर पंप सेट की स्थापना हेतु राज्य सरकार से 88 हजार 50 रूपये तो वहीं केंद्र सरकार से 58 हजार 700 रूपये तथा अनुसूचित जनजाति के लिए अतिरिक्त सब्सिडी के रूप में 45 हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त हुई है। सोलर पंप सेट की स्थापना से वे अपने खेत पर बिजली हेतु आश्रित नहीं है और न ही बिजली बिल का कोई खर्च है, उन्हें तारबंदी योजना के तहत भी अनुदान राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने सोलर पंप स्थापना हेतु सरकार की अनुदान योजनाओं के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान धौलपुर के 41 किसानों को मुख्यमंत्री बीज गांव योजना के तहत 2 लाख 28 हजार रुपये, जैविक खेती हेतु 9 किसानों को 2 लाख 71 हजार रूपये, 3 किसानों को वर्मी कंपोस्ट इकाई के लिए प्रति कृषक 50 हजार रुपये की सहायता दी गई। इन योजनाओं से किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी।

## एएनएम और आशा सहयोगिनियों को दिया प्रसवपूर्व जांच का प्रशिक्षण

धौलपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जपाईगो संस्था के सहयोग से चलाये जा रहे बॉर्न हेल्दी कार्यक्रम के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा सहयोगिनी को सामूहिक प्रसव पूर्व जांच पर विशेष प्रशिक्षण बुधवार को दिया गया। ग्रामीण गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिए गए प्रशिक्षण में गर्भावस्था देखभाल पोषण टीकाकरण प्रसवपूर्व जटिलताओं की पहचान पर जोर दिया। आशा और ए.एन.एम. को गर्भवती महिलाओं को सही परामर्श देने और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शिवकुमार शर्मा ने बताया कि सामूहिक प्रसवपूर्व देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिला खुद अपना स्वयं का स्वास्थ्य आंकलन कर पाएगी। कार्यक्रम के तहत सामूहिक प्रसवपूर्व जांच को बढ़ावा देना और आंगनबाड़ी केंद्र पर परामर्श के जरिए स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य दिवस सत्र में आयोजित करने व समुदाय मे जागरूकता फैलाने पर जोर रहेगा।

# अमर जवानों के बलिदानों को याद करें, बेहतरीन सेवा से समाज को आगे बढ़ाएं : मनजिंदर सिंह




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सप्तशक्ति कमान, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह (एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम) ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर पुनर्निमित वीरगति स्मारक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयुद्ध सेवा महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल सुरेश चन्द्र टान्डी (एवीएसएम, वीएसएम), जीओसी चेतक कोर लेफ्टिनेंट जनरल नगेन्द्र सिंह (एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम), जीओसी रणबांकुरा डिवीजन मेजर जनरल एके पुंडीर (एसएम, वीएसएम), ईएसएम लीग अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल एसपीएस कटेवा (पीवीएसएम, एवीएसएम, सेवानिवृत्त), चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सैन्य अधिकारी, वीरांगनाएं व भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सप्तशक्ति कमान, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह (एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम) ने कहा कि हम हमारे अमर जवानों के बलिदान को याद रखें तथा अपनी बेहतरीन सेवाओं से समाज की सेवा करें। चूरू के सपूतों ने विभिन्न अवसरों पर अपने अदम्य साहस, त्याग एवं बलिदान से देशप्रेम का उत्कट परिचय दिया है। यहां की धरती ने वीरों पर जन्म दिया है और वीरों ने देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि चूरू में भव्य वीरगति स्मारक का निर्माण भावी पीढ़ी को प्रेरित करेगा। हम अपनी पीढ़ी में देशभक्ति का संचार करें तथा राष्ट्र गौरव को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सेना द्वारा अमर जवानों के परिवारों, भूतपूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की परेशानियों को समझते हुए निराकरण के लिए शिविर, हैल्थ शिविर आदि विशेष प्रयास किए जाते है। हम समाज में एक सकारात्मक संदेश के साथ वीरों, भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिवारों की देखभाल करें। इसके लिए सामाजिक स्तर पर भी बेहतरीन प्रयास किए जाए। भूतपूर्व सैनिक गांव, परिवार में रहते हुए समाज की अच्छी सेवा करें। हम सभी संकल्पित होकर समाज को आगे बढ़ाएं तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करें। मुख्य अतिथि मनजिंदर सिंह वीरांगनाओं, भूतपूर्व सैनिकों से रूबरू हुए। जिला सैनिक बोर्ड अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि यह दिन हमारे चूरू जिले के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है। यह अवसर न केवल हमारे वीरगति प्राप्त सैनिकों के बलिदान को याद करने का है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि हमारा जिला किस प्रकार ''हर काम देश के नाम'' की भावना को जीवित रखता है। चूरू की धरती वीरता और बलिदान की गाथाओं से सजी है। लगभग 25,000 वीर सैनिकों ने जिले के गौरव को बढ़ाया है। द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर अब तक 89 वीर सपूतों ने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। इसके साथ ही, हमारे जिले ने 01 महावीर चक्र, 01 मिलिट्री क्रॉस, 03 कीर्ति चक्र, 2 वीर चक्र, 4 शौर्य चक्र, 30 सेना-नौसेना मेडल और 01 युद्ध सेवा मेडल जैसे सम्मानों से देश का मान बढ़ाया है।



## राजकीय सर्वहितकारिणी पुत्री पाठशाला में विधायक ने किया कक्षा कक्षों का शिलान्यास

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजकीय सर्वहितकारिणी पुत्री पाठशाला उमावि में विधायक कोटे से 2 कक्षा कक्ष व राज्य सरकार कर ओर से 2 कक्षा कक्ष स्वीकृत करवाकर कक्षा कक्षों का शिलान्यास विधायक हरलाल सहारण ने किया। विधायक हरलाल सहारण ने छात्राओं के अध्ययन में कभी बाधा न आए जिसके लिए विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय बनाने के लिए विशेष बजट की घोषणा राज्य सरकार से करवाकर आठ कक्षा कक्षों की विंग तैयार करवाने की घोषणा की है। इस अवसर पर पण्डित उमेश व्यास ने संस्था प्रधान निशा अजमेरा को गणेश व विश्वकर्मा पूजन करवाया। कार्यक्रम में कपड़ा व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुनील भाउवाला ने नगरश्री सचिव श्यामसुन्दर शर्मा, सुरेश सारस्वत व चन्द्रपकाश शर्मा आदि को दूपट्टा पहनाकर स्वागत किया। समारोह में शारीरिक शिक्षक के जिलाध्यक्ष राम सिंह सिहाग, विद्यालय स्टॉफ राजेश कुमार कस्वां, सुभाषचन्द्र शर्मा, गिरधारीलाल, पवन कुमार, राजकुमार सिंह, सुशीला, मंजु सोनी, अभिलाषा भाटी, उषा सोनी, अभिलाषा खेमका, जमना शर्मा, सुभाष कस्वा, अनिल कानखेड़िया, रमेश पारीक, कुलदीप गोयल, सुधाकर सहल, सुनील व्यास, मदन पंवार, विजय शर्मा, विनोद फोगला व विनीत चोटिया आदि मौजूद रहे।

## किसानों की समृद्धि से ही देश-प्रदेश की खुशहाली: सहारण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष में बुधवार को किसान सम्मेलन व एफपीओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश स्तर पर बीकानेर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किसान सम्मेलन व एफपीओ कार्यक्रम का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला



मुख्यालय पर मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ा रहा। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, एडीएम अर्पिता सोनी सहित अतिथि उपस्थित रहे। आत्मा उपनिदेशक राजकुमार कुलहरि, उद्यान उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी, कॉपरेटिव डीआर सुनील मांडिया, पशुपालन संयुक्त निदेशक मदनलाल गहनोलिया, सहायक निदेशक कुलदीप शर्मा, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल शर्मा, कृषि अनुसंधान अधिकारी कविता बुडानिया, कृषि अधिकारी पूनम व रामामवतार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि किसानों की समृद्धि से ही देश-प्रदेश की खुशहाली है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की राज्य सरकार किसानों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाओं का संचालन कर रही है। राज्य सरकार द्वारा कृषि उपकरणों पर सब्सिडी, जल संरक्षण, फसल बीमा सहित कृषक हितार्थी योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जा रहा है। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि किसान देश की रीढ़ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कृषकों को समृद्ध बनाने के लिए सशक्त प्रयास कर रहे हैं।

### जिले में परिवार नियोजन सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

## कार्यक्रम के प्रति उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी: मीणा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** परिवार कल्याण सेवाओं की समीक्षा बैठक बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्म सिंह मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उप स्वास्थ्य केंद्र तक दी जा रही परिवार नियोजन की सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी।

बैठक के दौरान डॉ. मीणा ने कहा कि ब्लॉक व सेक्टर स्तर पर परिवार कल्याण कार्यक्रम की नियमित समीक्षा करें। आशा व एएनएम को परिवार कल्याण कार्यक्रम के दौरान योग्य दम्पत्तियों के प्रेरित करने हेतु निर्देशित करें। सभी चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं कर्मचारी गंभीरता के साथ कार्य करें।

उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों एवं विभागीय कार्मिकों से कहा कि तीसरा बुधवार पुरुष नसबंदी वार को उत्सव की तरह आयोजित करें। आशा, एएनएम तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जानकारी देने के साथ ही उन्हें परिवार कल्याण कार्यक्रम में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने के लिये अधिकाधिक संख्या में प्रेरित करने के लिये निर्देशित करें।

गर्भनिरोधक साधन अंतरा के लाभ चिकित्सा संस्थानों पर आने वाले योग्य दम्पत्तियों तथा गांव स्तर पर आशा एवं एएनएम के माध्यम से बतायें। यह साधन योग्य दम्पत्तियों के लिए काफी उपयोगी है लेकिन इसके बारें में हमारी आशा एवं एएनएम को जानकारी देनी होगी। अंतरा इंजेक्शन तीन माह के लिये महिलाओं में गर्भधारण से बचाव करता है। अंतरा इंजेक्शन पीएचसी स्तर तक उपलब्ध करावा दिये गये हैं। जिला एवं खंड स्तर से लगातार मॉनिटरिंग की आवश्यकता है। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गौरव मीणा ने सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। सभी बीसीएमओ तथा बीएचएस को एफपीएलएमआईएस में आशा स्तर से इशू टू क्लाइंट करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सेवाओं को और अधिक बढ़ाना जरूरी है। स्थायी साधन में महिला और पुरुष नसबंदी के लिए भी लक्षित दंपति को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। समस्त पीएचसी पर गर्भ निरोधक के सभी साधन मौजूद होने चाहिए। प्रत्येक वर्ग के लाभार्थियों के लिए बास्केट ऑफ च्वॉइस की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

## डॉ.सुभाष गर्ग का एक दिवसीय दौरा, विभिन्न गांवों में जनता से हुए रूबरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भरतपुर।** पूर्व मंत्री एवं भरतपुर विधायक डॉ.सुभाष गर्ग बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। डॉ. गर्ग ने जनता की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। डॉ. सुभाष गर्ग ने ऊँदरा गांव के सरकारी विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षण कार्य में आ रही समस्याओं पर चर्चा की और शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। विद्यालय में विद्यार्थियों को पेयजल समस्या से जूझते देख उन्होंने हेडपंप लगाने के साथ ही, विद्यालय परिसर में मैदान क्षेत्र को पक्का करवाने के लिए खरंजा निर्माण शीघ्र कराने के लिए जिला परिषद को पत्र लिखा। भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने गांव नगला चांदवारी में अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा, राजस्थान द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

# बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बीकानेर पश्चिम-ए ब्लॉक की संगठनात्मक बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार बीकानेर शहर कांग्रेस कमेटी बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बीकानेर पश्चिम ए ब्लॉक की कांग्रेस पार्टी की संगठन मीटिंग पुर्व कैबिनेट मंत्री बीडी कल्ला,शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत,पश्चिम विधानसभा क्षेत्र प्रभारी एडवोकेट सद्दाम हुसैन द्वारा ली गई, मीटिंग की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष जाकिर नागौरी ने की और आए हुए सभी मेहमानों का साफा माला व सॉल पहनाकर सम्मान किया। मीटिंग के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री बीड़ी कल्ला, शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत थे। पीसीसी से पधारे पश्चिम विधानसभा क्षेत्र प्रभारी एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने बताया कि कांग्रेस पार्टी को ब्लॉक से लेकर नगर तथा नगर से लेकर मण्डल एवं मण्डल से लेकर बूथ तक कांग्रेस पार्टी को अधिक सशक्ति एवं मजबूत करने की बात कही गई तथा तथा आने वाले नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस पार्टी के समर्पित एवं संघर्षशील सक्रिय कार्यकर्ताओं को अवसर दिए जाने की बात कही गई। ब्लॉक मीटिंग में जाकिर नागौरी, शर्मिला पंचारिया,ओम प्रकाश लोहिया, अता हुसैन कादरी, शिव शंकर बिस्सा, रमज़ान कच्छावा, हनुमान व्यास, राम रतन डेलू, मुकेश जोशी, लक्ष्मण व्यास, हरिप्रकाश वाल्मीकि, अली राजा, आशा स्वामी सभी ने कांग्रेस की रीति नीति एवं कार्यों पर प्रकाश डाला।




इस मीटिंग में नज़रुल इस्लाम, जितेंद्र बिस्सा, लक्ष्मण प्रजापत, सौरव जोशी, गणपत प्रजापत, हरि नारायण, मुबारक हुसैन, नफीस सुलेमानी, संजय भाटी, यकीनुद्दीन डग्गा, मोहम्मद हुसैन पप्पू, जाकिर हुसैन, मानक वाल्मीकि, चंद्रशेखर सांवरिया, बाबूराम, मनोज गहलोत, हसन खिलजी, प्रदीप कुमार, गोपी राम विश्नोई, बलराम नायक, मोहम्मद असलम पार्षद, लालचंद पुरोहित, लक्ष्मण व्यास,सुरेश वाल्मीकि, इस्माइल खिलजी, शिवाकांत व्यास, अलीमुद्दीन जामी, मेहताब दमामी, असलम रंगरेज, मोहम्मद फुरकान, वंदना गुप्ता, मुमताज शेख, नरेश कुमार, चिराग अली, सौरभ जोशी, श्याम, अनिल सियोता इत्यादि कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का सम्मान किया गया तथा उन्हें जल्द ही अपनी कार्यकारिणी बनाकर आगामी दिनों में अपने मंडल की मीटिंग करने का आह्वान किया गया।

## धूव पूनिया को राज्यपाल ने दी पीएचडी की उपाधि



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** गांधी नगर के रमेश पूनिया के पुत्र ध्रूव पूनिया को सामाजिक विज्ञान संकाय में कृषि आधुनीकिकरण एवं बढती उत्पादकता का विशेष अध्ययन शीर्षक पर शोध प्रबंध करने पर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी भूगोल की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर महाराजा गंगा सिंह बीकानेर में नवम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हरिभाउ बागड़े व कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित की ओर से ध्रूव पूनिया को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। नेट, जेआरएफ करने के पश्चात लोहिया कॉलेज के भूगोल विभाग के हैड डॉ. एमएम शेख के सानिध्य में कृषि आधुनीकिकरण एवं बढती उत्पादकता का विशेष अध्ययन शीर्षक पर धूव पूनिया ने शोध किया।

## बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ युवा कांग्रेस ने संसद का घेराव किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** केंद्र की अलोकतांत्रिक नीतियों के कारण देश मे बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ युवा कांग्रेस ने संसद का घेराव किया। इस विरोध प्रदर्शन में चूरू के सैंकड़ो कार्यकर्ता युवा नेता हर्ष लाम्बा के नेतृत्व में शामिल हुए। हर्ष लाम्बा ने बताया कि देश मे बढ़ती बेरोजगारी से युवाओं में रोष बढ़ रहा है।सरकारी नोकरियो में पदों में कटौती हो रही है जिससे देश का युवा परेशान हैं। लाम्बा ने बताया कि युवा कांग्रेस ने देश के युवाओं की समस्याओं को लेकर केंद्र की जनविरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ संसद का घेराव किया जिसमें चूरू के सैंकड़ों युवाओं ने हिस्सा लिया। बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और राजस्थान प्रभारी मनीष चौधरी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन में जिला प्रभारी जयदत्त जांगिड़,विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र पूनियां, मनोज कस्वां,दयानन्द चौधरी, युवा पार्षद शाहरुक खान, तौफीक खान, आदिल, दिनेश, अनिल प्रजापत विकास, राजेश कासनिया, सॉयल खान, वाहिद खान, फरमान खान, मनोज मेघवाल, रवि, सोमवीर प्रजापत, जब्बार खान सहित सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# आई-रैड के डेटा को अध्ययन कर दुर्घटना निरोधात्मक कार्यवाही करें: मीना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा विशेष टास्क फॉर्स एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि एनएचएआई के अधिकारी राजमार्ग पर ब्लैक स्पॉर्टस् के मामले में उदासीनता न बरतें, यह लागों के जीवन का मामला है। सभी विभाग सड़क सुरक्षा हेतु दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आई-रैड के डेटा को अध्ययन कर दुर्घटना निरोधात्मक कार्यवाही करें। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और इसे रोकने के



उपायों के संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सम्भावित दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर सांकेतिक बोर्ड एवं निर्धारित गति सीमा को निर्यंत्रित करने के लिए गति अवरोधक लगाना सुनिश्चित करें एवं दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में दुर्घटना को रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं के संभावित क्षेत्रों व ब्लैक स्पॉट, घुमावदार सड़क तथा ब्लाइंड स्पॉट से पूर्व साइनेज लगाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग निर्धारित समय में सड़क सुरक्षा हेतु दिये गये कार्य को पूरा करें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग बेहतर सामंजस्य एवं रणनीति बनाकर यातायात प्रबन्धन में सहयोग करें।

# जिलास्तरीय किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में गुरुवार को राजस्थान दिवस पर जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्यान विभाग से राशि 16.91-16.91 लाख के ग्रीन हाउस की अनुदानस्वीकृति आदेश हिमांशी मीणा नांदिया एवं कृषक बलराजसिंह पोसालिया को तथा प्रगतिशील किसानों को जिला कलक्टर ने प्रशस्ति पत्र वितरित किए। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, प्रशिक्षु आरएएस नरेन्द्र जांगिड, संयुक्त निदेशक कृषि शंकरलाल मीणा, उद्यान विभाग के उप निदेशक डॉ. हेमराज मीना, आत्मा परियोजना निदेशक ओम प्रकाश बैरवा, जिला नाबार्ड प्रबंधक दिनेश कुमार प्रजापत, अग्रणी बैंक अधिकारी उम्मेदाराम मीणा, कृषि विज्ञान केन्द्र सिरोही के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सुरेश खीची, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक, सहायक निदेशक कृषि पवन बरडीया, सहायक निदेशक डॉ. पन्नालाल चौधरी, डॉ. जितेन्द्रसिंह सहित जिलास्तरीय अधिकारी व किसान उपस्थत थे। राजस्थान दिवस गुरूवार को जिलास्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह का आयोजन राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में किया जाएगा। जिसमें चिन्हिकरण शिविर के माध्यम से चिन्हित किए गए दिव्यांगों को कृत्रिम अंग उपकरण वितरित किए जाऐंगे। यह जानकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेन्द्र कुमार पुरोहित ने दी।

## जिला कलक्टर ने दिए सम्पूर्ण स्वच्छता रखने के निर्देश




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी के निर्देश पर बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संवेदक की ओर से अजारी, जनापुर, झाड़ोली एवं बसंतगढ में की जा रही सफाई का जिला अल्पंसख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चौधरी ने निरीक्षण किया। उन्होने अजारी में मौके पर ही पिंक टॉयलेट शुरू करवाने, सार्वजनिक स्थानों पर कूडे के ढेर की तीन दिन में सफाई कर नोटिस बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया। ग्राम पंचायत बसंतगढ़ में घर-घर कचरा संग्रहण वाहन की नियमित व्यवस्था एवं सुपरवाईजर की उपस्थिति के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान नारायणलाल पुरोहित, ग्राम विकास अधिकारी नीरू मीना, दिनेश मीणा, पूजा मीणा, प्रभुराम दाना उपस्थित रहें।

## राज्य मंत्री केके विश्नोई आज जिले के दौरे पर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राज्य मंत्री केके विश्नोई गुरूवार को जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वें गुरूवार को राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में जिला स्तरीय गरीब एवं अन्त्योदय कल्याण समारोह में भाग लेंगे।

## मातर माता का मेला कल, तैयारियां अंतिम चरण में

### सुबह शुभ मुहूर्त में चढ़ेगी ध्वजा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर के सारणेश्वर दरवाजे के बाहर, निडोरा तालाब के समीप अशोक कॉलोनी (भटवाड़ा) स्थित अतिप्राचीन मातर माता मंदिर का वार्षिक मेला महोत्सव शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा।अध्यक्ष मदनलाल माली के अनुसार मेला महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। मंदिर व परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाने सहित कार्यकर्ता अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में जुटे हुए है। महासचिव प्रमोद प्रजापति के अनुसार सुबह छीपाओली से माताजी की ध्वजा का जुलूस रवाना होगा। जो विभिन्न मार्गो से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचेगा। जहां संस्थान पदाधिकारियों की ओर से ढोल ढमाकों के बीच ध्वजा की अगवानी की जाएगी। इसके बाद जयकारों के बीच मंदिर शिखर पर ध्वजा चढाई जाएगी। प्रजापति के अनुसार संस्थान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की देखरेख में दिनभर कई धार्मिक आयोजन होंगे। आराध्य के दर्शन-पूजन को आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरसंभव व्यवस्थाएं की गई है। शाम 6.30 बजे महाआरती होगी। हर साल की भांति इस बार भी शाम 7 से रात 10 बजे तक भव्य गेर नृत्य का आयोजन होगा। आयोजन में खोबावीर भगवान मंदिर के श्रद्धालु शानदार गेर नृत्य की प्रस्तुति देंगे। गेर नृत्य में भाग लेने के इच्छुक लोग भी आयोजन के सहभागी बन सकेंगे। नाचने के इच्छुक लोगों को डिडोरी (छड़ी/लाठी) साथ लानी होगी। समय प्रबंधन का खास ध्यान रखा जाएगा।



### मेले में सजेगा हाट बाजार

वार्षिक मेले के मौके पर हाट बाजार सजेगा। जहां मिठाई, आइस'ीम, केंडी, चाट-पकौड़ी, पानी पुड़ी, पाव भाजी जैसे व्यंजनों के साथ बच्चों के लिए खिलौने भी सुलभ रहेंगे।

### 797वां वार्षिक मेला कल



अरावली पर्वत की श्रृंखला में मातरमाता का 797वां वार्षिक मेला शुक्रवार को नामदेव छीपा समाज सिरोही, जालोर, पाली एवं गुजरात की ओर से सार्वजनिक मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें पूजा अर्चना, भजन, महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। नामदेव छीपा समाज सिरोही अध्यक्ष रामलाल भाटी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मातर माता के निवास स्थान से माताजी के मंदिर प्रांगण सिरणवा पहाड़ी पर ढोल धमाके के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में छीपा समाज के माता एवं बहनें भाग लेंगी। माता के साझ श्रृंगार पोशाक श्रृंगार के बाद महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा। नामदेव युवा परिषद जिलाध्यक्ष भरत डी छीपा ने बताया कि सिरोही, जालोर, पाली एवं गुजरात के छीपा समाज के लोग मेले में भाग लेंगे। रोहिडा गांव से पैदल संघ भी इसी दिन मंदिर प्रांगण पर आते हैं।

### छीपाओली में हुआ था माता का जन्म

मातरमाता का जन्म छीपा समाज के भाटी गोत्र में हुआ था। मातर माताजी का बाल रूप में नाम मौनी देवी था। माता के पिता का नाम प्रेमाराम छीपा था। मातरमाता का जन्म सिरोही शहर के छीपा ओली में प्रेमाराम भावसार भाटी गोत्र छीपा समाज में हुआ था। माताजी परमार वंश की कुलदेवी के रूप में पूजनीय है।

## सांसद चौधरी ने लोकसभा में उठाया कड़ाना बांध का मुद्दा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दिल्ली/सिरोही।** सांसद लुम्बाराम चौधरी ने बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान माही एवं कड़ाना बांध का मुद्दा उठाया। सांसद चौधरी ने कहा कि जालोर सिरोही में कम वर्षा के होने से भू-जल स्तर बहुत भारी गिरावट आई है। जिसके कारण दोनो जिले डार्क जोन घोषित हो चुके है। खोसला कमेटी की रिपोर्ट 1 सितम्बर 1965 के अनुसार गुजरात राजस्थान के बीच बोर्डर पर कडाणा बांध बनाना प्रस्तावित था। उस समय 1 अक्टूबर 1966 को राजस्थान एवं गुजरात सरकार के बीच माही जल बंटवारा समझौता में कडाणा बांध का निमार्ण हुआ था। समझौते के अनुसार गुजरात के खेड़ा जिले को कडाणा बांध से पानी तब तक मिलेगा जब तक नर्मदा का पानी नहीं आता है। चुकि अब नर्मदा का पानी गुजरात के खेडा जिले को मिल रहा है। तो स्वत ही समझौते के अनुसार कडाना और माही बांध के पानी का 2/3 भाग राजस्थान के सिरोही जालोर तय हो चुका था। जो समझौता के अनुसार सिरोही जालोर के हक पानी मिलना था मगर नही मिला। जबकी पानी कडाना बांध का ओवर फलो हो कर सुजलाम नहर के द्वारा पानी को बहकर समुद्र मे जा रहा है। वापकॉस कम्पनी गुडगाव की ओर से किए गए में बताया गया कि 37 साल में 27 बार ओवरफलो होकर 1.30 लाख एमसीएम पानी समुद्र में बहकर बर्बाद हो गया है। सांसद चौधरी ने सरकार से अनुरोध किया कि जो पानी समुद्र मे बह कर जा रहा है उसको राजस्थान सरकार और गुजरात सरकार का संयुक्त बैठक बुलाकर डीपीआर बनाकर कार्य स्वीकृत की जाए। इसके अलावा जवाई नदी के लिए जावई बांध के पानी का हिस्सा तय करके इसको जवाई नदी में डालकर नदी को पुनर्जीवित किया जाए।



## सड़क पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन हादसों को दे रहे न्यौता



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों की जानकारी देने के बावजूद लोगों की ओर से पालना नहीं की जाती है। टैक्सी चालकों की ओर से फोरलेन पर क्षमता से अधिक सवारियां ढोई जा रही हैं। इन वाहनों को देखकर तो ऐसा नहीं लग रहा की यातायात नियमों की पालना हो रही है। शहर समेत आसपास के क्षेत्र में सड़कों पर वाहन चला रहे चालक यातायात नियमों की पालना करते नजर नहीं आ रहे हैं। क्षमता से अधिक सवारियां होने से वाहनों के असंतुलित होकर अन्य वाहन से टकराने या पलटने का खतरा बना रहता है। आबूरोड एवं पिण्डवाड़ा मार्ग पर ओवरक्राउडेड वाहनों के कारण पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है, इसके बावजूद कई वाहन चालक थोड़े फायदें यात्रियों की जान जोखिम में डालकर सफर करते हैं।


## रोजेदारइबादत के साथ-साथ गरीबों की मदद कर रहे

### रमजान के आखिरी अशरे में दुआओं का दौर तेज




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** रमजान का पाक महीना इबादत, संयम और समर्पण का है। इस दौरान मोमिनों की हर दुआ कबूल होती है। रमजान में की गई इबादत का खास महत्व होता है। मोमिन का रिज्क बढ़ा दिया जाता है। जो एक रुपया खुदा की राह में खर्च करता है, उसे 70 गुना से ज्यादा सवाब मिलता है। किसी रोजेदार को रोजा खुलवाता है, उसे जहनम से आजाद कर दिया जाता है। मंडार मस्जिद के पेश इमाम सिद्दीकी अकबरी ने कहा कि इस महीने में ज्यादा से ज्यादा गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। नेक कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। रमजान में रोजेदार अपने गुनाहों की तौबा करते हैं। अल्लाह से माफी मांगते हैं। इस दौर में की गई इबादत और सच्चे दिल से मांगी गई दुआओं को अल्लाह कबूल करता है। अमीर और गरीब दोनों दिनभर भूख-प्यास रहते हैं ओर शाम होने पर रोजा इफ्तार करते हैं। नमाज, तिलावत और इबादत से इंसान अपने गुनाहों की माफी मांगता है। आध्यात्मिक रूप से खुद को मजबूत करता है। पहला अशरा रहमत और दूसरा अशरा मगफिरत तीसरा अशरा जहनम से आजादी। बीते 25 दिनों दिनों में से रोजेदारों ने इबादत,कुरान शरीफ की तिलावत और गरीबों की मदद से खुदा के करीब आने की कोशिश की। अब तीसरा अशरा जहनम से आजादी का है। खुदा की इबादत में गुजरता है दिन शनिवार से तीसरा अशरा शुरू हो गया। तीसरा सप्ताह इबादत और साम्तजिक नजरिए से अहम माना जाता है। इस अशरे में जहनम की आग से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा दुआ करनी चाहिए। इस दौरान लैलतुल कद्र की चमत्कारी रात भी आती है। कई मुसलमान इस अशरे में एतकाफ करते हैं।



## एसपी ने संपर्क सभा में पुलिसकर्मियों से किया संवाद

### पुलिस लाइन में हुआ संपर्क सभा का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पुलिस लाइन के सामुदायिक भवन में बुधवार को पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार की अध्यक्षता में सम्पर्क सभा का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी कार्मिकों की समस्याओं व सुझावों को सुनकर निराकरण किया गया। इसके बाद पुलिस मुख्यालय की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। एएसपी देवाराम चौधरी, प्रभुदयाल धानिया, सिरोही वृताधिकारी मुकेश चौधरी, लक्ष्मणसिंह, राजेश पांचाल, कोतवाल दलपतसिंह, सदर थानाधिकारी घनश्यामसिंह, साइबर थानाधिकारी कैलाशदान एवं अचलदान समेत जवान तैनात रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### शिविर में 395 श्रमिकों का किया पंजीकरण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत बुधवार को नगर परिषद परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। आयुक्त शिवपालसिंह ने बताया कि 395 श्रमिकों ने पोर्टल पर पंजीकरण कर नए जॉब की डिमांड करवाई गई है।

### गहलोत ने दी योजनाओं की जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** नशा मुक्ति पुनवार्स केन्द्र में बुधवार को केन्द्रीय संचार ब्यूरों की ओर से संगोष्ठी, प्रदर्शनी व प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, सुकन्या समृद्धि योजना समेत कई योजनाओं कीजानकारी दी। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भीक्सिंह भाटी ने बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण के लिए होने वाले दुष्परिणाम पर जानकारी प्रदान की। नशा मुक्ति केंद्र के परियोजना समन्वयक सीताराम ने नशे का मानव समाज पर होने वाले घातक प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। सामाजिक कार्यकर्ता नटवर सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की। प्रतियोगिता में विजेताओं का सम्मान किया गया।

### ई-मित्र संचालकों व एलएसपी की बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** पंचायत समिति रेवदर के सभागार में उपखण्ड अधिकारी सुबोधसिंह चारण की अध्यक्षता में ई-मित्र संचालकों व एलएसपी की बैठक का हुआ आयोजन। जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने के लिए ऑनलाईन पोर्टल पर प्राप्त आवेदन के निस्तारण पर चर्चा की। विकास अधिकारी हेमाराम चौधरी, प्रोग्रामर भगाराम कोली, उपखंड अधिकारी कार्यालय के मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।

### गौतमऋषि ट्रस्ट बड़ी खुणी परगना के सदस्यों के चुनाव निर्विरोध संपन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** कस्बे के गुडा मीणावास अम्बाजी मंदिर परिसर में मंगलवार को अध्यक्ष अंतरिम कमेटी श्री गौतम ऋषि ट्रस्ट एवं उपखंड अधिकारी शिवगंज के निर्देशन में गौतम ऋषि ट्रस्ट पोसालिया बडी खुणी परगना के सदस्यों के चुनाव निर्विरोध एवं शांति पूर्वक सम्पन्न हुए। चुनाव दल रिटर्निंग अधिकारी उमेश गोयल भू अभिलेख निरीक्षक ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम की सभी प्रक्रिया सम्पन्न करवान के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दो बजे किया गया। जिसमें 201 सदस्य पंजिकृत हुए। इसके बाद नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए गए। जिसमें कालूराम मीणा खंदरा, चेताराम मीणा रूखाडा, मुपाराम मीणा पोसालिया, चेनाराम मीणा पालडी एम, सुरेश कुमार मीणा पोसालिया, नरेन्द्र कुमार मीणा बारेवडा के कुल छह नामांकन पत्र प्राप्त हुए। नाम निर्देशन पत्र की संविक्षा करने के बाद कालूराम मीणा खंदरा, चेताराम मीणा रूखाडा, सुरेशकुमार मीणा पोसालिया और नरेन्द्र कुमार बारेवड़ा ने नाम वापस लिए। इसके बाद दो उम्मीदवार मुपाराम पुत्र कछुआराम मीणा पोसालिया और चेनाराम पुत्र प्रहलादराम मीणा पालडी एम को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर प्रमाण पत्र दिए। समर्थकों ने दोनों अभिनंदन किया। मतदान दल में रिटर्निंग अधिकारी उमेश गोयल, सहायक अधिकारी छैलसिंह देवडा, मतदान अधिकारी प्रकाश परिहार, रूपसिंह व श्यामसिंह ने शांति पूर्वक चुनाव संपन्न करवाए।

### माधव विवि में फ्लैश ड्राइव आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि में गुरुवार को सरकुलएज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आईटी और सॉफ्टवेयर लैपटॉप के क्षेत्र में इतिहास बनाने की इच्छा रखने वाले छात्रों को स्वर्णिम अवसर मिलेगा। प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण सेल संचालक डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि सर्कुलर एज सॉल्यूशंस एक पुरस्कार विजेता व्यावसायिक सलाहकार और परामर्श सेवा प्रदान करने वाली कंपनी है, जो प्रशिक्षित छात्रों में विशेषज्ञता रखती है। यह एल्युमीनियम ड्राइव माधव फ्रेमवर्क डिपार्टमेंट के एस्टेब्लिशमेंट हॉल में आयोजित की जाएगी। प्रक्रिया सवेरे दस बजे शुरु होगी।



## सीएम अलवर सांसद के पिता के निधन पर पगड़ी रस्म कार्यक्रम में शामिल हुए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता स्वर्गीय कदम सिंह यादव का तेहरवीं एवं पगड़ी रस्म और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज पैतृक गाँव जमालपुर, गुरुग्राम में हुआ। जिसके अंतर्गत सुबह वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ शांति पाठ किया गया तथा दोपहर को पगड़ी रस्म के तहत केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को गांव जमालपुर के संस्थाओं के द्वारा पगड़ी बंधवाई गई। पगड़ी रस्म में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, राजस्थान, हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के राजनीतिक एवं सामाजिक प्रतिनिधियों एवं संस्थाओं के द्वारा पगड़ियां भेजी गयीं। इस दौरान भूपेंद्र यादव और उनके परिवारजनों के द्वारा विभिन्न संस्थाओं को पिता की स्मृति में भेंट दी गयी। जिसमें 21 लाख रुपए वैदिक कन्या गुरुकुल, रुड़की (झज्जर) तथा 11-11 हजार रुपये गांव जमालपुर के मंदिर,गौशाला और विद्यालय को भेंट किये गए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वन मंत्री राजस्थान सरकार संजय शर्मा, आचार्य प्रद्युम्न महाराज, विजय बैंसला, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, विधायक देवीसिंह शेखावत, हेमसिंह भड़ाना, बन्नाराम मीणा, बहरोड़ नप अध्यक्ष सीताराम यादव, अलवर शहर पूर्व विधायक बनवारीलाल, अलवर ग्रामीण पूर्व विधायक जयराम जाटव, मंत्री केके विश्नोई, रविंद्र लोहिया, पूर्व मंत्री और सांसद विवेक ठाकुर, सांसद गोपाल ठाकुर, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, फज़ल हुसैन, संदीप दायमा, रमेश बिधूड़ी, पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव, डॉ करणसिंह यादव, डॉ जेपी यादव, ताराचंद जैन,अशोक गुप्ता, महासिंह चौधरी, महाराज विवेक प्रधान, ऋषि राज शर्मा, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, देशराज खरेरा, विजय मीना, सरपंच संघ अध्यक्ष, अशोक यादव, डॉ रूपसिंह सहित अनेक राष्ट्रीय और विभिन्न राज्यों के राजनेता मौजूद रहे।

स्व. ताराचंद चौहान की स्मृति

## 5.30 लाख की लागत से राजगढ़ शहर में प्रथम बार परिंदों के लिए बना रैन बसेरा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील क्षेत्र में पहली बार बेजुबान पक्षियों के लिए आसरा बना है, जिसका निर्माण ताराचंद चौहान की स्मृति में वार्ड 29 में स्थित शिशु मोक्ष भूमि परिसर में करवाया गया है। करीब साढे पांच लाख



रुपए की लागत से बने परिन्दों के इस रैन बसेरे का लोकार्पण मंगलवार को संतोष देवी एवं दरिया सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर सुनीता, आशा चौहान, बहल से आए हुए सुमन देवी बजरंगलाल खन्ना दम्पति तथा करण, सोनू और युवराज चौहान भी उपस्थित थे। इस विशिष्ट प्रकार के पक्षी रैन बसेरे का निर्माण इटली रहने वाले दरियासिंह, सुनील कुमार तथा संजीव कुमार चौहान ने अपने पिता तारा चन्द की स्मृति में करवाया है। दरियासिंह चौहान ने कहा कि मनुष्यों के लिए तो रैन बसेरे या अन्य व्यवस्थाएं हर व्यक्ति करता है लेकिन बेजुबान पक्षियों के लिए व्यवस्थाएं कम होती है। पक्षियों की दुर्दशा देखते हुए उन्होंने अपने पिता ताराचंद चौहान की स्मृति में यह निर्माण करवाने का निर्णय किया। इस क्षेत्र में ऐसा कोई पक्षी रेन बसेरा नहीं है इसलिए जीण माता से कारीगर बुलाए गए तथा उनके सुझाव के अनुसार आरसीसी की फाउंडेशन देते हुए गुजराती टाइल्स से इसका निर्माण करवाया गया है। इन टाइल्स से पक्षियों को सर्दी और गर्मी में %यादा परेशानी नही होने पाएगी। यह मीनार नामा यह पक्षी रेन बसेरा 6 मंजिला बनवाया गया है और एक फ्लोर में 6-6 स्टेज हैं। इस प्रकार रैनबसेरे में करीब 400 पक्षी रात्रि को अथवा विशेष परिस्थितियों में आसरा ले सकेंगे। कार्यक्रम में आसपास के निवासियों के अलावा अन्य प्रमुख जन भी शामिल हुए। उपस्थित जनों ने बेजुबान पक्षियों के लिए बनवाए गए विशेष प्रकार के इस रैन बसेरे के निर्माण के लिए ताराचंद चौहान परिवार का आभार जताया। लोगों ने संतोष देवी, दरिया सिंह तथा परिवार के सदस्यों का स्वागत अभिनंदन भी किया।

### सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जायेगाः अरोड़ा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सर्व समाज विकास मंच, राजगढ़ द्वारा राकेश अरोड़ा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका राजगढ़ को गणगौरी चौक में हुई मंच की सभा में रखे प्रस्तावों का ज्ञापन दिया।व्यवहार कुशल, अनुभवी एवं सुंदर व्यक्तित्व के धनी राजगढ़ नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ईऔ राकेश कुमार अरोड़ा ने सभी समस्याओं का यथाशीघ्र समुचित समाधान का वादा किया।

# जन चेतना स्पोर्ट्स क्लब में नशे के विरुद्ध अभियान आयोजित

## कुरुक्षेत्र और पानीपत की टीमों ने कहा नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** गन्नौर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो डुके पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे, के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुडी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम भी किये जा रहे हैं। इस कडी में नून लौटा, बकेट चैलेंज, रामगुरूकुल गमन आदि उनके नशे के विरुद्ध प्रकल्पों के माध्यम से यह अभियान चलाया हुआ है। यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुँच रहा है। युवा, खिलाडी, समाज के प्रतिष्ठित लोग और सामान्य जन इस आंदोलन में सहभागिता कर अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रहे है। आज गन्नौर में स्थित जन चेतना स्पोर्ट्स क्लब के साथ नशे के विरुद्ध बकेट चैलेंज अभियान चलाया गया। जन चेतना स्पोर्ट्स क्लब के संचालक विनोद शर्मा के नेतृत्व में आज बकेट चैलेंज के अंतर्गत पानीपत और कुरुक्षेत्र से क्रिकेट की टीम के साथ खिलाड़ियों ने इस अभियान में भाग




लिया। हरियाणा रा%य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने खिलाडियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार और एनसीबी हरियाणा नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए हर संभव कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि नशा के विरुद्ध कठोरतम कार्वाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5918 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुँचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3330 अभियोग अंकित कर 5201 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा रा%य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा व्हाट्सएप पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते हैं। जन चेतना स्पोर्ट्स क्लब के संचालक विनोद शर्मा ने कहा कि वे नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के इस अभियान के साथ हैं और हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर राजेश कौशिक ने कहा कि आज के समय में नशे के विरुद्ध अभियान की बहुत आवश्यकता है।

### जीराम बास रोही में विद्युत ट्रांसफार्मर डीपी का जर्जर पोल गिरने के कगार पर दुर्घटनाओं को दे रहा आमंत्रण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तहसील के हरियाणा निकटवर्ती जीराम बास रोही में विद्युत ट्रांसफार्मर डीपी का पोल गिरने के कगार पर है, जिससे फसल जलने का अंदेशा है। सरसों की फसल की कटाई की गई है एवं फसल खेत में खुले में रखी हुई है लेकिन जर्जर पोल के कारण उन्हें फसल जलने का और बड़ी अनहोनी घटना घटित होने का अंदेशा लग रहा है उन्होंने काफी बार विभाग को अवगत कराया है, लेकिन विभाग की घोर लापरवाही देखने को मिल रही है उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द विद्युत ट्रांसफार्मर डीपी के जर्जर पोल को हटाकर नए पोल लगाए जाएं, ताकि किसान को राहत प्रदान की जा सके और अनहोनी घटना से बचा जा सके।

## बीपीएस की छात्राओं को मिली स्कूटी : महला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** स्थानीय मनासिया रोड स्थित बीपीएस डिग्री कॉलेज की 03 छात्राओं को राज्य सरकार की ओर से स्कूटी प्रदान की गई। संस्था प्रबंधक धर्मेंद्र थालौड़ ने बताया, कि राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही कालीबाई मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत कॉलेज की 03 छात्राओं अंजली शर्मा, निशा शर्मा और पूजा शर्मा का चयन हुआ था।

चयनित छात्राओं को बुधवार को सरकार द्वारा स्कूटी वितरित की गई। संस्था प्रांगण में निदेशक रामस्वरूप महला और सचिव कविता महला द्वारा चयनित छात्राओं और उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और बधाई प्रेषित की। अंत में अपने उद्बोधन में श्री महला ने स्कूल और कॉलेज स्तर पर चलाई जा रही



छात्रवृति योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ अनु वर्मा, रामनारायण वर्मा, दिनेश जांगिड़, विजय शर्मा सहित संस्थान के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# पेयजल संकट से शहर में मचा त्रिहिमाम लोग समस्या को लेकर मंत्री के पास पहुंची

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** गर्मी का होते ही अलवर शहर में पेयजल की किल्लत विकराल रूप धारण करने जा रही है और जनता हर साल की तरह इस बार भी पेयजल से पीडित रहने वाली है इसका ज्वलंत उदाहरण है कि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने आज अपने निवास 201,रघुमार्ग पर जनसुनवाई की इस दौरान आमजन की ज्यादातर परिवेदनाओं मे पेजयल संकट ही मिला जिसको सुनकर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।




जनसुनवाई में पेयजल, नगर निगम, नगर विकास न्यास, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल आपूर्ति के संबंध में परेशानी का सामना नहीं करने पडे। इसके लिए आमजन के दूरभाष, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त पेयजल समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित समाधान करें। नियमित रूप से फील्ड विजिट कर आमजन से पेयजल आपूर्ति का फीडबैक भी लेवे। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत सभी बोरिंगों को यथाशीघ्र चालू कर पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।



## करणी माता मेले में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो : शर्मा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने आज करणी माता मेले की तैयारियों के संबंध में प्रताप बंध से करणी माता मंदिर तक की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री शर्मा ने करणी माता मेला स्थल व सडक़ के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी रूप में कोई भी असुविधा नहीं होवें। उन्होंने हाल ही में निर्मित नवीन सडक़ का निरीक्षण कर पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि सड़क पर सफेद पट्टी का कार्य मेले के प्रारम्भ से पूर्व करा लेवे। सड़क के किनारे सुरक्षा साइनेज लगवाएं तथा किनारे पर बनी दीवार की मोरियों को भी साफ करावें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि मेले में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा नियमित साफ-सफाई व्यवस्था करावें। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था व ट्रेफिक नियंत्राण हेतु अतिरिक्त जाप्ता लगाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मेडिकल टीम मय एम्बुलेंस मौजूद रहें। उन्होंने यूआईटी के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि वन विभाग से समन्वय कर प्रताप बंध से बाला किला तक की सुरक्षा दीवार पर हटे हुए कर्व पत्थरों को पुन: लगवाएं।

### बायोडायवर्सिटी पार्क का किया निरीक्षण

*शर्मा ने बायोडायवर्सिटी पार्क का निरीक्षण कर यूआईटी के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये कि पार्क को और अधिक सुंदर स्वरूप प्रदान करने के लिए पुनः नवीन प्रस्ताव तैयार करें। इसी प्रकार उन्होंने निर्देश दिये कि तितली पार्क विकसित करने व कैफेटेरिया के प्रस्ताव तैयार करें एवं मियाबाकी पद्धति से पौधारोपण करने तथा क्षतिग्रस्त हुई मचान आदि को दुरूस्त कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि यूआईटी के द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क की सुरक्षा आदि के लिए गार्ड की व्यवस्था की जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि पक्षियों के भोजन के लिए यहां फलदार पौधे लगाए जावें तथा पौधों के पास साइन बोर्ड लगाकर क्यूआर कोड लगाने का कार्य करें जिससे क्यूआर कोड स्कैन कर उस पौधे की समस्त जानकारी प्राप्त की जा सके। इसके लिए वन विभाग का सहयोग लेवे। इस दौरान उन्होंने अपने नियमित पौधारोपण के संकल्प के तहत पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।*

## गांव भाकरां में 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तहसील के राधा बड़ी ग्राम पंचायत के गांव भाकरां में आंगनवाड़ी केन्द्र पर अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वर्कर मीना देवी की अगुवाई में 6 माह के बच्चों को पौष्टिक आहार खिलाकर अन्नप्राशन की रस्म अदा की गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना देवी ने बताया कि घर-घर जाकर 6 महीने पूरे कर चुके बच्चोंका अन्नप्राशन करवाया गया है। इस दौरान बच्चों को पूरक आहार भी



दिया गया उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिनों तक बच्चों को किस तरीके से पूरक आहार का सेवन करना है, इसकी जानकारी परिजनों को दी गई मीना देवी ने बताया कि बच्चों में कुपोषण खत्म करने के लिए समय-समय पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है इस दौरान छह माह के शिशु सहित माताएं,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वर्कर मीना देवी और ग्राम सहायिका रोशनी देवी उपस्थित रहीं।

## 36 सालों से लगातार समाज सेवा एवं रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी संस्था इन्नमा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** ऑर्गेनाईजेशन एवं इन्नमा अपना घर (वृद्धाश्रम) तथा श्री रामजी दास रुलीराम लुहारीवाला राजगढ़िया चैरिटेबल ट्रस्ट, मुम्बई के संयुक्त तत्वावधान में एक्यूप्रेशर ,मैग्नेट, दंत रोग, चर्म रोग,एवं लेजर का तीन दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का समापन चेतन कंदोई की



अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि सुमेर मल राजोतिया,नसीम कुरैशी, अशोक सरावगी, रिहाना पठान समाज सेविका,शिव स्वामी थे। तीन दिवसीय शिविर में 781 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया।शिविर में दवाई निःशुल्क दी गई। कैम्प में मुख्य बात रही कि जो भी रोगी इस कैंप में दिखाने आयेगा वो इस कैंप की पर्ची लेकर इन डॉक्टरों के निजी अस्पताल में एक ओपीडी फ्री दिखा सकता है।चिकित्सा शिविर में फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ डॉ.विनोद मीना, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.सुरेंद्र नायक,स्किन एंड लेजर स्पेशलिस्ट डॉ.राहुल जोईया,फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ नरेश जांगड़ा,डॉ मनमोहन, बंटी सिरोवा,निर्मला प्रजापत,हेमंत बंसल, संजय आशा देवी ग्रुप की निशुल्क सेवाएं प्रदान की गई। इन्नमा संस्था द्वारा इन्नमा सम्मान प्रतीक भेंट कर विशेषज्ञों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव शहनाज अहमद,संस्था कोषाध्यक्ष मनोज सोनी,सभा अध्यक्ष गजेंद्र सिंह बौद्ध, कलम मैन मोहम्मद मोहसिन शेख,रक्तदान प्रभारी अजय बौद्ध, उपस्थित रहे।संचालन पुरुषोत्तम देव पांडिया ने किया।

## सौरव पूनियां की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**


**सादुलपुर।** यहां के स्वयंसेवी संगठन सौरव एनएसएम यूथ जागृति संस्थान द्वारा शुक्रवार को विशेष आयोजन रखा गया है। संस्थान की अध्यक्ष नीलम पूनियां के अनुसार सौरव पूनियां की 11वीं पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ अन्य विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभाओं के साथ-साथ महिलाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। उपरोक्त समारोह राजगढ़ के वार्ड 36 में ढंढाल मोड़ के निकट स्थित संस्थान के कार्यालय रामबास राजगढ़ में होगा।

# धूमधाम से मनाया गया एमएसजी गुरु मंत्र भंडारा

## 52 अति जरूरतमंद को दिया राशन और पक्षी उद्धार मुहिम के तहत 352 को बांटे मिट्टी के कसोरे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सर्वधर्म संगम डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत ने शाह सतनाम-शाह मस्ताना जी धाम डेरा सच्चा सौदा सिरसा सहित देश-दुनिया में पवित्र एमएसजी गुरुमंत्र भंडारा बडी धूमधाम व हर्षोंगास के साथ मनाया। उपस्थित साध संगत ने धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरे के इलाही नारे व अरदास बोलकर नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्तपश्चात कविराजों ने भजनवाणी से साध-संगत को निहाल किया। साध-संगत ने धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा नारे से पूज्य गुरु जी को भंडारे की बधाई दी। पावन भंडारे की खुशी में आयोजित नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम का बडी तादाद में साध-संगत ने पहुंचकर लाभ



उठाया। पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन प्रेरणा पर चलते हुए फूड बैंक मुहिम के तहत 52 अति जरूरतमंद लोगों को एक-एक महीने का राशन दिया गया जिन्हें पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। वहीं बेजुबान पक्षियों के संरक्षण के लिए पक्षी उद्धार मुहिम के तहत 352 मिट्टी के कसोरे वितरित किए गए। जिनमें घरों की छतों पर पक्षियों के लिए दाना (चोगा) पानी रखा जाएगा।

### जनकल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

**सादुलपुर।** पवित्र एमएसजी गुरुमंत्र भंडारा दिवस की खुशी में शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल सिरसा में एक विशाल जनकल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आस-पास के हजारों मरीजों ने शामिल होकर इसका फायदा उठाया। शिविर में शाह सतनाम स्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों से पहुंचे विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को परामर्श दिया। चिकित्सकों व शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सदस्यों ने धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का नारा व अरदास का शब्द बोलकर शिविर का शुभारंभ किया।

# मोर की हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## न्यायाधीश ने हत्यारों को जेल भेजा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** स्थानीय कस्बे में एक सप्ताह पहले राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या कर उसके शव प्लास्टिक कट्टे में डालकर ले जाने वाले हत्यारों को सांडेराव पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर गिरफ्तार किया।
सांडेराव पुलिस चौकी इंचार्ज सहायक थानाधिकारी श्रवण सिंह के साथ रामसिंह व महिला कांस्टेबल श्रीमती भगवती की टीम ने शिव कुमार पुत्र रमेश कुमार जोगी फालना, श्रीमती पिंटा धर्म पत्नी रमेश कुमार कालबेलिया जोगी शिवाजी कालोनी फालना को दस्तयाब कर सांडेराव पुलिस थाना लाया गया। पुलिस कार्यवाही के बाद गिरफ्तार कर सुमेरपुर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें बाली न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।



### यह था पूरा मामला

चोरी कर भागे आरोपियों द्वारा आखरिया चौक में छोड़ कर गए प्लास्टिक कट्टे से मिला मृत राष्ट्रीय पक्षी मोर ग्रामीणों ने मचाया बवाल, फिर मौके पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। स्थानीय कस्बे में गत सोमवार को दिन दहाड़े कस्बे में चोरियों की वारदात का फुटेज एक सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती दाखु देवी भील ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर यथा स्थिति से अवगत होकर मौके की कार्यवाही शुरू की, इस बीच सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ग्रामीणों ने फुटेज में कैद चोरी करते दिखे आरोपियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। इधर चोरों द्वारा आखरिया चौक में छोड़ कर गए प्लास्टिक कट्टे को दूसरे दिन मंगलवार अल सुबह कुत्तों के नोचने व बदबू आती देख कर ग्रामीणों ने हंगामा खड़ा कर दिया और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर फिर से पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों के समक्ष चोरों द्वारा छोड़े गए प्लास्टिक कट्टों की तलाशी ली तो उसमें भंगार के साथ में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव मिलने पर लोगों में इन चोरों के प्रति आक्रोश बढ़ गया। पुलिस ने तुरंत प्रभाव से वन विभाग की टीम को सूचना दी। सरपंच की और से सांडेराव पुलिस को राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार कर उसके शव को भंगार भरें प्लास्टिक कट्टे में डालकर ने जाने की एक लिखित रिपोर्ट पेश की गई थी।

# खेतलाजी का दो दिवसीय मेला महाप्रसादी के साथ शुरू

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** निकटवर्ती जूनिधाम खेतलाजी का दो दिवसीय मेला भजन संध्या के साथ शुरू होगा। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण अपने परिवार के साथ शिरकत करेंगे। वहीं मेले में आने वाले हजारों भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। वहीं मेले को लेकर मंदिर प्रांगण को रोशनी से सजाया जा रहा है। जबकि मेले के सफल आयोजन को लेकर जूनिधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित सोनाणा गांव के ग्रामीणों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। जूनिधाम खेतलाजी ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाशवन गोस्वामी ने बताया कि दिव्य आशीष भक्तराज स्व. ओकरमल नांनचंद भंडारी की प्रेरणा से भक्तराज रमेश कुमार ओसवाल व ट्रस्ट कमेठी व सोनाणा ग्रामीणों के सानिध्य व मेला लाभार्थी कश्मीरा अतुल अशोक मावडिकर कुशल मावडीकर, पलक मावडीकर गिरिष, साधना, हितेश, मयुरी समस्त मावडीकर बबोली परिवार निवासी जोजावर की ओर से जूनिधाम खेतलाजी का दो दिवसीय मेला 29 व 30 मार्च को आयोजित किया जाएगा। मेले को लेकर 28 मार्च को धूमधाम के साथ खेतलाजी की गांव में बंदोली निकाली जाएगी तथा 29 मार्च सुबह 10 बजे खेतलाजी को भक्तों की ओर 56 भोग लगाया जाएगा। वहीं रात्रि भजन का आयोजन होगा, जिसमें इंडियन आइडल के नीतिन कुमार, महावीर सांखला नागौर, अर्जुन राणा भीलवाड़ा, विनोद गोमती, श्री राजपुरोहित जालोर और त्रिशा कुमारी उदयपुर मेले में भजन प्रस्तुत करेंगे। वहीं मेले के दूसरे दिन 30 मार्च को खेतलाजी मंदिर में ध्वजारोहण किया जाएगा। उसके बाद धूमधाम के साथ खेतलाजी का वरघोड़ा निकाला जाएगा। ट्रस्ट के सचिव संदीपसिंह चारण व कोषाध्यक्ष अशोकसिंह राजपुरोहित ने बताया कि मेले में हजारों की संख्या में भक्तगण शिरकत करेंगे, जिनके लिए मेले में निःशुल्क भोजन व्यवस्था की गई है। मेले को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों को अलग-अलग व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारी दी गई है। मेले को लेकर अनिता ओसवाल, विनोद परमार, उषा परमार, प्रमोद पालरेशा, अभिजीत लुंकड़, भारती लुंकड़, जयेश फुलफगर, सुरेखा फुलफगर, गिरीश मावद्भिकर, साधना मावडिकर, हेमंत भंडारी, अनिता भंडारी, आदेश खींवसरा, सोहन परमार, जॉय लकड, खुशी लकड सहित जैन समाज के लोग मेले को लेकर पहुंचे हुए है।



■ मेले को लेकर सज रहा खेतलधणी का दरबार

# चार विद्यार्थियों का नवोदय में चयन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बे के चार विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय जोजावर के लिए चयन हुआ हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के देव पब्लिक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के देवांश मोबारचा व प्रेम कुमारी सीरवी व बालाजी चिल्ड्रन पेराडाईज सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय के महिराजसिंह व कीर्तिपाल सीरवी का कक्षा छह के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय जोजावर के लिए चयन हुआ हैं। कस्बे से चार विद्यार्थियों का एक साथ चयन होने पर खिंवाड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़, खिंवाड़ा बालाजी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल शर्मा, डा. अंबेडकर सेवा संस्थान संयोजक बस्तीमल सोनल, पूर्व उप जिला प्रमुख तेजाराम चौधरी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित बालकों का मिठा मुंह करवाकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

# जगदगुरू का सुमेरपुर पहुंचने पर स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** जगदगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी वैदेही वल्लभ देवाचार्य महाराज के बुधवार को सुमेरपुर पहुंचने पर नगर के सांई वाटिका स्थित सन स्टोन होटल में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जहां स्वामी का भक्तनजों द्वारा बहुमान किया गया। गुरुदेव द्वारा सभी भक्तजनों को प्रवचन देते हुए सनातन धर्म व गौमाता की रक्षा पर जोर दिया। इसके बाद नरसिंह द्वारा खौड़ के लिए भक्ति एवं संत महात्माओं के साथ गुरूजी को विदाई दी गई। इस मौके पर सुरेश रामावत सोनपुरा, गौरीशंकर कोलीवाडा, दिनेश कुमार गंगावा, महेश कुमार बालवाड़ा, प्रकाश कुमार जोगापुरा, जितेंद्र खत्री, नरपत अग्रावत आदि मौजूद रहे।



# आचार्य संस्कृति ज्ञान परीक्षा में आचार्यों का सम्मान

**बाली।** विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक बाली में आचार्य संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल आचार्यों का सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति के संस्कृति ज्ञान बोध परियोजना प्रमुख डा. निर्मल परिहार प्रधानाचार्य, डा. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय केनपुरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था प्रधान हीरालाल कुमावत ने बताया कि प्रति वर्ष संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तमा व प्रज्ञा के लिए आयोजित होती है। जिसमें भारतीय संस्कृति से संबंधित प्रश्न पूछे जाते है। डा. परिहार ने सभी सफल आचार्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस पर आचार्य तगाराम, रमेश चौधरी, भंवरलाल मारू पुष्पेंद्र सिंह, भंवरलाल वर्मा, सोहनलाल, शेषाराम, गुड्डी सुथार, निधि राजपुरोहित, चित्रा नागर, दीपिका परिहार, दीपिका गोस्वामी, कांता राजपुरोहित, जशोदा गोस्वामी, भाग्यवंती चारण आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी गजेंद्र गर्ग ने किया।



## महाराणा सांगा को गद्दार कहने पर भड़के लोग

# सपा सांसद के विरोध में एडीएम को ज्ञापन, फूंका पुतला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा को गद्दार कहने के विरोध में राजपूत समाज और सनातन धर्म के संगठनों ने कड़ा विरोध जताया है। बुधवार को बाली प्रताप चौक पर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने जुलूस निकाला और कचहरी के बाहर सांसद का पुतला फूंका व बैठक को संबोधित करने के बाद संगठनों ने बाली एडीएम शेलेन्द्र सिंह चारण को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि संसद सत्र के दौरान एसपी सांसद ने मेवाड़ रियासत के महान शासक महाराणा सांगा के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी की। महाराणा सांगा भारत के इतिहास में एक महान राष्ट्रभक्त और वीर शासक थे। उन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों से युद्ध में लोहा लिया। संगठनों ने आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के लिए एक महान देशभक्त शासक के खिलाफ इस तरह की स्तरहीन टिप्पणी की गई है। उन्होंने दोषी सांसद की सदस्यता समाप्त करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे पूरे भारत में विशाल आंदोलन करेंगे।





### इस दौरान ये रहे मौजूद

■ ज्ञापन देने वालों में राजपूत करणी सेना, विश्व हिंदू परिषद, व्यापार संघ फालना, मारवाड़ एकता परिषद, बजरंग दल, अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद, चौहान राजपूत महासभा और सनातन धर्म संगठन शामिल थे। जिसमें शैलेन्द्र सिंह श्रीसेला, श्री राजपूत करणी सेना जोधपुर संभाग अध्यक्ष मनमोहन सिंह बीसलपुर, रूपसिंह राजपुरोहित, प्रह्लाद सिंह, मूलाराम चौधरी, शक्ति सिंह श्रीसेला, अजयपाल सिंह जोधा, छैलसिंह बोया, हनवंत सिंह कोट, सुमेर सिंह, राकेश फौजदार, विक्रम सिंह, रतनपुरी, साकलाराम, श्यामसिंह जोधा, मनमोहन सिंह देवड़ा, रतन सिंह पुनाडिया, मूलसिंह, लखमाराम मेघवाल, भगवत सिंह चौहान, मनोहर सिंह शेखावत, कमलेश माली, मूलसिंह राजपुरोहित, अमित बिरावत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सुमेरपुर में शिक्षा क्षेत्र के बड़े सितारों का जमघट

**सुमेरपुर।** निःशुल्क प्रतियोगी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने वाले एजुकेटर गौरव सिंह घाणेराव द्वारा स्थापित संस्था गौरव ज्ञान धारा के ऑफिस उद्घाटन में भारत के शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कई बड़े नाम शामिल हुए। यह मारवाड़ के लिए संभवतः पहला अवसर है जब एक ही जगह पर सभी बड़े एजुकेटर्स और सोशल मीडिया इन्फ़्लुएंसर ने शिरकत की। इनमें कुमार गौरव, गणपत सिंह राजपुरोहित, धीर सिंह धाभाई, कैलाश मांजू, सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित, अरुण व्यास, संतोष विश्नोई, विजेंद्र सिंह नेवरी, नरेंद्र सिंह चौहान, पुष्पेंद्र कसाना जैसे व्यक्तित्व शामिल है। ध्यान रहे गौरव सिंह घाणेराव पिछले तीन साल से निरंतर निःशुल्क शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। जिनकी बदौलत हजारों विद्यार्थियों के घरों में सरकारी नौकरी के रूप में रोशनी के चिराग जले है।




# खिंवाड़ा बालाजी महाराज का मेला 10 को

## दुल्हन की तरह सजने लगे बाजार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** अरावल, तराई, कांठा, गोड़वाड़ क्षेत्र व खिंवाड़ा कस्बे के आराध्य देव बालाजी महाराज के धार्मिक मेले को लेकर खिंवाड़ा कस्बे के मेन बाजार, मुख्य बाजार, बस स्टैंड, श्रीराम चौक सहित प्रमुख चौराहों को सजाने का कार्य दिन रात जारी है। दूसरी तरफ अन्य प्रांतों में रहने वाले स्थानीय लोगों का आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। खिंवाड़ा बालाजी के मेले से पूर्व छह अप्रेल को विशाल कलश यात्रा, नौ अप्रेल को एक शाम खिंवाड़ा बालाजी के नाम भजन संध्या व महाआरती एंव दस अप्रेल को निकलने वाली बालाजी असवारी व महाप्रसादी को लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री बालाजी विकास समिति के अध्यक्ष अमृत खांटेड़ ने बताया कि इस बार मेला आयोजक मनोज कुमार खांटेड़ परिवार की ओर से कलश यात्रा, भजन संध्या व महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। खिंवाड़ा बालाजी मेले से पूर्व राम नवमी छह अप्रेल को बालाजी मेला सेवा समिति, गायत्री परिवार, खिंवाड़ा व्यापार संघ व मेला आयोजक मनोज कुमार खांटेड़ परिवार के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल कलश यात्रा निकलेगी। जो कस्बे के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरेगी। खिंवाड़ा व्यापार संघ के अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़ ने बताया कि बालाजी मेले से पूर्व आयोजित कलश यात्रा में कस्बे की 2101 कन्याएं पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में भाग लेगी। कलश यात्रा बालाजी मंदिर प्रांगण से शुरू होगी, जो रावला प्रांगण, मुख्य बाजार, मेन बाजार होते हुए बालाजी महाप्रसादी स्थल जाकर संपन्न होगी। तत्पश्चात् वैद्रिक मंत्रोच्चार के साथ बालाजी महाप्रसादी बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा।



### मेले का 72 गांवों को न्यौता

खिंवाडा बालाजी का मेला आगामी दस अप्रेल को भरा जाएगा। जिसके लिए खिंवाड़ा बालाजी ट्रस्ट, मेला सेवा समिति, खिंवाड़ा व्यापार संघ व आयोजक परिवार की ओर से अरावल के 72 गांवों में घर-घर जाकर सपरिवार न्यौता दिया जा रहा है, यानि 72 गांवों के सभी ग्रामीण महाप्रसादी में शामिल होंगे।

### एक ही जाजम पर महाप्रसादी ग्रहण करते

खिंवाड़ा बालाजी मेले में आपसी प्रेमभाव से बिना किसी भी भेदभाव के 72 गांवों के 36 कौम के 40 हजार बालाजी भक्त एक ही जाजम पर बैठकर प्रसादी ग्रहण करते है।

पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान

# उत्कृष्ट कार्य पर सुमेरपुर चिकित्सालय सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उत्कृष्ट कार्यों के लिए उप जिला चिकित्सालय सुमेरपुर को राज्य स्तरीय सम्मान मिला। सीएमएचओ डा. विकास मारवाल एवं पीएमओ डा. महिपाल परमार ने यह सम्मान प्राप्त किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में जिले में स्वास्थ्य को लेकर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने पर मंगलवार को जयपुर में आयोजित समारोह में निदेशक आरसीएच डा. सुनीत सिंह राणावत ने उप जिला चिकित्सालय सुमेरपुर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, डा. महिपाल परमार को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि हर माह की नौ, 18 और 27 तारीख को गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व की सेवाएं प्रदान करने, निःशुल्क जांच, परामर्श, उपचार, पोषण आदि की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। पीएमओ डा. परमार ने बताया कि उपजिला चिकित्सालय की पूरी टीम ने सराहनीय कार्य किया है जिसकी बदौलत राज्य स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ। उन्होंने अभियान से जुड़ी पूरी टीम को बधाई दी। डा. परमार ने बताया कि हमें पूरी उम्मीद है कि आगे भी हमारी सेवाएं और बेहतर होगी और ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का लाभ मिलेगा।

# स्कूली बच्चों और नगरवासियों को 101 परिंडे और 21 गौरैया घर बांटे

**सुमेरपुर।** नगर के संजय नगर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में एजुकेट गर्ल्स संस्था व एक व्यक्ति एक पौधा मिशन के युज वेस्ट-पर्यावरण बेस्ट व प्रोजेक्ट "गौरेया आओ ना" के तहत बुधवार को गौरेया हाउस कार्यशाला व परिंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षक राम स्वरूप छाबा ने बताया कि पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत ने बच्चों को युज वेस्ट-पर्यावरण बेस्ट प्रोजेक्ट के तहत विलुप्त गौरेया पक्षी के लिए जुते के बाक्स से गौरेया हाउस बनाने विधि कौशल से अवगत कराया। वहीं बालिका शिक्षा को समर्पित संस्था एजुकेट गर्ल्स संस्था प्रेरक शकुन कुमारी व प्रकाश कुमार ने बालिकाओं को पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत की प्रेरणा से बालिकाओं को गौरेया संरक्षण गौरेया हाउस बनाने के कौशल सिखने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संजय नगर पूर्व पार्षद गोविंद राठौड़, राजेश कुमार मालवीया, शिक्षक प्रवीण कुमावत, सज्जन कंवर, जीतू माली, पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत के सानिध्य में नीम के पेड़ पर परिंडा भर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बालिकाओं ने भी गौरेया संरक्षण के वेस्ट वस्तुओं से निमित्त गौरेया बनाकर आमजन को प्रेरित किया। गौरेया संरक्षण का महत्व बताते हुए विद्यालय के बच्चों व नगर वासियों को 101 परिंडे व वेस्ट वस्तुओं से निमित्त 21 गौरेया हाउस वितरण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत ने बताया कि एक व्यक्ति एक पौधा मिशन 500 गौरेया हाउस व परीडा वितरण का लक्ष्य रखा गया था। पिछले एक सप्ताह में सुमेरपुर व शिवगंज उपखंड गांवों में 230 परिंडा वितरण कर चुके हैं।



**बिठियां** पांच साल से नाली का निर्माण नहीं

# रोड पर पसर रहा गंदा पानी, ग्रामीणों को निकलने में परेशानी

**सुमेरपुर।** उपखंड के बिठियां गांव के वार्ड नंबर पांच में स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ रही है। यहां करीब एक दर्जन परिवार नाली न बनने से परेशान हैं। जिसके कारण गंदा पानी ब्लॉकिंग रोड़ पर बह रहा है। वार्ड वासियों व आमजन को गंदे पानी से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा हैं। ग्राम पंचायत बलूपुरा के अधीन बिठियां में ब्लॉकिंग रोड़ के पास में नाली का निर्माण नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। कई बार ग्राम पंचायत बलूपुरा सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी को वार्ड वासियों ने वर्ष सितंबर 2020 व अगस्त 21 में लिखित व मौखिक और 2021 में अक्टूबर में प्रशासन गांवों के संग उसके बाद दिसंबर को ग्राम विकास अधिकारी को मौखिक रूप से अवगत करवाने के बावजूद पांच साल बीतने को आए आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया हैं। वार्ड वासियों का कहना है की पांच वर्षीय योजना बीतने के बावजूद किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने नाली निर्माण का कार्य नहीं करवाया, जिससे गंदा पानी सड़क पर बह रहा है व लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रहीं हैं।



### ग्राम प्रशासक ने ग्रामीणों को टरकाया

इस संबंध में मंगलवार को पंचायत में फॉर्मर आईडी बनवाने गए वार्ड वासियों ने जब ग्राम विकास अधिकारी विक्रम कुमार से बात कर नाली निर्माण करवाने का कहा तो उन्होंने कहा कि देख लेंगे। जबकि सग्राम प्रशासक मगाराम देवासी ने कहा कि अभी काम काफी ज्यादा है। तुम्हारे जैसे यहां रोजाना काफी लोग आते हैं जाओं यहां से नहीं करते काम बोलकर वहां से भगा दिया।

### पांच वर्ष पहले इंटर लॉकिंग कार्य किया, नाली नहीं बनाई

वार्ड वासियों ने बताया कि पंचायत द्वारा इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य करीब पांच वर्ष पहले शुरू किया गया था लेकिन, जब नाली बनाने की बात उठाई तो ग्राम पंचायत ने कहा था कि दो फुट कांटों की बाढ़ का अतिक्रमण हटवा कर नाली का निर्माण करवाया जाएगा। नाली का निर्माण आधा-अधुरा कर छोड़ दिया की बाद में करवा देंगे पर अब नाली का गंदा पानी मार्ग पर बह रहा है।

### पंचायत नहीं हटवा रही अतिक्रमण

वार्ड नंबर पांच के वासियों ने सरपंच मगाराम देवासी, ग्राम विकास अधिकारी, उप सरपंच व वार्ड पंच से भी इस समस्या के समाधान की मांग की। लेकिन इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। वार्ड वासियों ने बताया कि कुछ ग्रामीणों के बीच आपसी विवाद की वजह से नाली निर्माण नहीं हो पा रहा हैं। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से ग्रामीण सखाराम केसाजी ने अपने घर के बाहर कांटों की बाढ़ अपने शरहद के बाहर कर रखी है।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के दो लाख का भुगतान



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक सेवाडी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के 2 लाख रुपए बीमा क्लेम का भुगतान किया है।
शाखा प्रबंधक हितेशसिंह ने बताया कि सेवाड़ी निवासी राज कुमार का कुछ समय पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था, जिसपर राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक द्वारा मृतक राज कुमार की पत्नी भाग्यवती को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत राशि 2 लाख रुपए का चेक दिया गया।
इस मौके पर शाखा प्रबंधक हितेश सिंह, सहायक प्रबंधक अभिषेक वसीटा, कार्यालय सहायक निशा मीणा, कमल कुमार तथा सुरज वैष्णव मौजूद रहे।

# गंगाजलिया मामाधणी उज्जैनी वीर का मेला 3 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** नगर की पावन धन्य धरा पर खारड़ा रोड स्थित उज्जैनी वीर गंगाजलिया मामाधणी की 9 वीं विशाल भजन संध्या एवं भव्य मेला आयोजित होगा। मामाधणी उपासक पुखराज घांची ने बताया कि विशाल भजन संध्या दो अप्रैल बुधवार शाम 8.30 बजे एवं भव्य मेला, महाप्रसादी तीन अप्रैल गुरुवार सुबह 10.30 बजे से भजन कार्यकम में राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक तेजपाल राठौड एण्ड पार्टी खौड़ एवं. दिनेश पंवार, नृत्य जीतु मेवाड़ी, लक्ष्मी भाटी पाली, हास्य कलाकार एवं झाँकीयों की भव्य प्रस्तुतिया दी जाएगी कार्यकम की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं को जिम्मेदारीयां सोपी गई है।

# फिर होगी रनों की बारिश!

## हैदराबाद में एसआरएच से भिड़ेगी लखनऊ



**नई दिल्ली। जैसे-जैसे आईपीएल 2025 का कारवां आगे बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे ही टूर्नामेंट का रोमांच भी बढ़ रहा है। 27 मार्च को आईपीएल का सातवां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच खेला जाएगा। हैदराबाद ने अपना पहला मुकाबला जीत लिया है तो वहीं लखनऊ की शुरुआत टूर्नामेंट में हार के साथ हुई है। लखनऊ सुपर जायंट्स और एसआरएच के बीच ये मैच, शाम 7.30 बजे हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। तो चलिए मैच से पहले जानते हैं लखनऊ सुपर जायंट्स और एसआरएच में से कौन किस पर भारी पड़ सकता है, दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 और पिच रिपोर्ट के साथ-साथ मौसम का हाल भी।**

### हेड टू हेड रिकॉर्ड

पहले जान लेते है कि लखनऊ सुपर जायंट्स और एसआरएच के बीच कितनी बार भिड़ंत हुई और कौन कितनी बार बाजी मार चुका है। दोनों टीमों के हेड टू हेड आंकड़े की बात की जाए तो लखनऊ टीम काफी आगे नजर आती है। लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच आईपीएल में अब तक 4 मुकाबले हुए हैं, जिनमें एसआरएच ने 1 और एलएसजी ने 3 मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच एक भी मुकाबला बिना किसी रिजल्ट के नहीं रहा है। इन मैचों में दोनों टीमों का हाईएस्ट स्कोर देखें, तो लखनऊ का 185 और हैदराबाद का 182 हाईएस्ट स्कोर रहा है। वहीं इन मुकाबलों में एसआरएच का लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सबसे कम स्कोर 121 रन है।



### पिच रिपोर्ट

ये तो रहा टीम और प्लेइंग 11 का लेखा-जोखा अब आते हैं, पिच रिपोर्ट पर, तो ये हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है। पिछले ही मुकाबले में इस पिच पर जमकर रन बरसे। यहां राजस्थान के खिलाफ इस सीजन के अपने पहले मैच में हैदराबाद ने आईपीएल के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया था। वहीं राजस्थान ने भी 240 का आंकड़ा छूआ था। आईपीएल के इतिहास में राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम पर अब तक कुल 78 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 35 तो दूसरी बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 42 मुकाबले जीते हैं। वहीं एक मुकाबले का कोई नतीजा नहीं निकला है। पहली पारी का औसत स्कोर इस पिच पर 162 रन है। हालांकि, जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, स्पिन गेंदबाजों को भी मदद मिलती है। तेज गेंदबाजों के लिए शुरुआती ओवरों में कुछ स्विंग मिल सकती है, लेकिन कुल मिलाकर यह पिच बल्लेबाजों के लिए फायदेमंद रहती है।

### हैदराबाद की संभावित प्लेइंग 11

एसआरएच की संभावित प्लेइंग 11 में ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नीतीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, पैट कमिंस (कप्तान), सिमरजीत सिंह, हर्षल पटेल, मोहम्मद शमी। इम्पैक्ट प्लेयर – एडम जाम्पा।

पिछले मैच में जमकर रन बरसाने वाले ट्रैविस हेड निश्चित तौर पर एक बार फिर बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे, जिसमें भारतीय स्टार अभिषेक शर्मा उनका साथ देने आएंगे। वहीं नंबर तीन पर ईशान किशन आएंगे वहीं नीतीश कुमार रेड्डी चौथे और हेनरिक क्लासेन पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं।

### एलएसजी की संभावित प्लेइंग 11

लखनऊ के प्लेइंग इलेवन में – एडेन मार्कराम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), डेविड मिलर, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई। इम्पैक्ट प्लेयर – मणिमरण सिद्धार्थ।

पिछले मुकाबले की तरह इस मैच में भी एडेन मार्कराम और मिचेल मार्श ओपनिंग के लिए आ सकते हैं। वहीं तीन नंबर पर निकोलस पूरन बल्लेबाजी के लिए आएंगे। ऋषभ पंत और डेविड मिलर चौथे और पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी करने आ सकते हैं।

# 3 करोड़ लौटाएंगे गंभीर?



नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया को चैंपियन बनाने के बाद बीसीसीआई ने पूरी टीम को 58 करोड़ रुपये इनाम देने का ऐलान किया। गौतम गंभीर को भी 3 करोड़ रुपये देने का ऐलान हुआ। अब इस राशि पर पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने एक बड़ा दिलचस्प सवाल पूछा है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम को 58 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की है। उन्होंने गंभीर पर सवाल उठाते हुए एक लेख में पूछा कि क्या नए कोच गौतम गंभीर भी पिछले हेड कोच राहुल द्रविड़ की तरह सपोर्ट स्टाफ से ज्यादा बोनस लेने से इनकार करेंगे?

### द्रविड़ ने 25 करोड़ लेने से किया था मना

पिछले साल जून में, भारतीय टीम ने T20 विश्व कप 2024 जीता था, जिसके बाद बीसीसीआई ने कोच और खिलाड़ियों को भारी इनाम राशि दी थी। द्रविड़ को दूसरे कोचिंग स्टाफ से ज्यादा पैसा मिल रहा था, लेकिन उन्होंने इसे लेने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि वो बाकी स्टाफ के बराबर ही पैसा लेंगे। द्रविड़ के इस फैसले ने सभी का दिल जीत लिया था। गावस्कर ने लेख में लिखा– 'T20 विश्व कप जीतने के बाद, द्रविड़ ने साबित किया कि वो सच्चे टीम मैन हैं। उन्होंने कोचिंग स्टाफ के बीच इनाम की राशि को बराबर बांटकर एक बेहतरीन मिसाल पेश की।'

### क्या गंभीर भी द्रविड़ के नक्नशे कदम पर चलेंगे गंभीर?

- अब सवाल ये है कि क्या गौतम गंभीर भी द्रविड़ के कदमों पर चलेंगे? गावस्कर ने कहा – 'बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी का इनाम घोषित किए दो हफ्ते हो चुके हैं, लेकिन गंभीर ने अभी तक ये नहीं बताया कि क्या वो द्रविड़ की तरह सपोर्ट स्टाफ के साथ इनाम बांटेंगे। क्या इस मामले में द्रविड़ उनके लिए रोल मॉडल नहीं हैं?' फिलहाल, गंभीर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। क्या वो टीम यूनिटी का संदेश देंगे या फिर अलग रास्ता चुनेंगे? ये देखना दिलचस्प होगा। गंभीर इस वक्त अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने फ्रांस गए हुए हैं।

## पाकिस्तानी खिलाड़ी का नया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** एक और मैच, एक और इनिंग और एक और बार जीरो पर आउट। ये कहानी है बाबर आजम की जगह T20 टीम का हिस्सा बनकर न्यूजीलैंड के दौरे पर गए ओपनर हसन नवाज की, जो कीवी टीम के खिलाफ खेली 5 मैचों की T20 सीरीज में तीसरी बार जीरो पर आउट हुए है। जो एक नया रिकार्ड है। हसन नवाज ने इस सीरीज से अपने इंटरनेशनल करियर की शुरुआत की है। मगर अपने इंटरनेशनल करियर की खेली पहली 5 पारियों में 3 बार जीरो पर आउट होकर उन्होंने नया पाकिस्तानी रिकॉर्ड बना दिया है। हसन नवाज T20 सीरीज में सबसे ज्यादा जीरो पर आउट होने वाले पाकिस्तानी ओपनर बन गए हैं।

## क्यों शतक से चूके श्रेयस?



**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर 97 रन बनाकर नाबाद रहे। यानी वो 3 रन से अपने शतक से दूर रह गए। ऐसा नहीं था कि श्रेयस अय्यर के पास शतक पूरा करने का मौका नहीं था। उन्हें बस एक या दो गेंद खेलने की ही दरकार थी। लेकिन आखिरी ओवर में स्ट्राइक लेने वाले शशांक सिंह ने उन्हें वो मौका नहीं दिया। सवाल है क्यों? इस क्यों का जवाब मैच खत्म होने के बाद शशांक सिंह ने खुद दिया है, जिनके मुताबिक ये उनका नहीं कप्तान श्रेयस अय्यर का ही कॉल था। शशांक ने कहा कि वो इस बारे में बात करने ही वाले थे कि उससे पहले अय्यर ने मुझसे कहा कि मेरे शतक की चिंता नहीं करना। हर गेंद को मारो। अपना शॉट खेलो। शशांक ने कहा कि कप्तान से ऐसे शब्द सुनकर मुझे खुशी तो हुई लेकिन हैरानी भी हुई क्योंकि आईपीएल में शतक लगाना आसान नहीं होता।

### गुजरात को 11 रन से हराया

पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 243 रन बनाए। इसमें श्रेयस अय्यर के नाबाद 97 रन के अलावा शशांक सिंह के सिर्फ 16 गेंदों पर बनाए नाबाद 44 रन का बड़ा योगदान रहा। अब गुजरात टाइटंस के सामने 244 रन का लक्ष्य था। उसके जवाब में गुजराज टाटंस ने 232 रन ही बनाए।

## 14 साल बाद भारत आएंगे मेसी

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल फैंस के लिए अच्छी खबर आई है, दुनिया के सबसे मशहूर फुटबॉलरों में शुमार लियोनल मेसी अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के साथ भारत आएंगे। अर्जेंटीना टीम इसी साल में मैच खेलने आएगी। आपको बता दें कि मेसी इससे पहले 2011 में आखिरी बार भारत आए थे, अब 14 साल बाद फुटबॉल स्टार वापस भारत आ रहे हैं। भारत में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए एचएसबीसी इंडिया ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के साथ करार किया है। इस करार के अंतर्गत अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम भारत में एक फ्रेंडली मैच खेलेगी। एचएसबीसी इंडिया ने एक बयान में कहा, "अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अक्टूबर 2025 में एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच के लिए भारत का दौरा करेगी। इस टीम में स्टार प्लेयर लियोनल मेसी भी शामिल होंगे।"करार के तहत अर्जेंटीना टीम भारत के केरल राज्य में इसी साल अक्टूबर में एक फ्रेंडली मैच खेलने आएगी। ये मैच केरल के कोच्चि में खेला जाएगा।

**अर्जेंटीना फुटबॉल टीम भारत में खेलेगी मैच**



### हिंदी कमेंट्री पर फैन का सवाल

## भज्जी ने दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** आईपीएल में हरभजन सिंह के अलावा वीरेंद्र सहवाग, नवजोत सिंह सिद्धू, शिखर धवन, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और अंबाती रायुडू जैसे पूर्व क्रिकेटर हिंदी कमेंट्री टीम का हिस्सा हैं। अब एक फैन ने हिंदी कमेंट्री की गुणवत्ता पर चिंता जाहिर की। जिसके बाद हरभजन सिंह ने फैन को जवाब दिया। दरअसल, उस फैन ने कहा कि मनिंदर सिंह और अरूण लाल जैसे हिंदी कमेंटेटर्स की कमेंट्री में अच्छी जानकारी होती थी, लेकिन आजकल के हिंदी कमेंटेटर्स व्यंग्यात्मक लाइनों से आगे बढ़ नहीं पाते। लिहाजा, क्रिकेट फैन अपने आप को मैच के साथ कनेक्ट नहीं कर पाते। इसके बाद हरभजन सिंह ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस जानकारी के लिए आपका शुक्रिया, हम इस पर काम करेंगे।



# मनोरंजन

## 400 करोड़ कमाएगी सिकंदर!


सलमान खान और रश्मिका मंदाना इन दिनों फिल्म सिकंदर को लेकर खबरों में बने हैं। फिल्म 30 मार्च को ईद के मौके पर रिलीज हो रही है। इस फिल्म को एआर मुरुगादॉस ने डायरेक्ट किया है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है। फिल्म को लेकर बहुत हाइप है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म करेगी इसे लेकर काफी चर्चाएं हो रही हैं। बॉलीवुड लाइफ से बातचीत में ट्रेड एनालिस्ट सुमित कडेल ने कहा, 'ये अब स्वीकार करना होगा कि सलमान खान अब पहले जैसे (2009 से 2017) प्राइम नहीं रह गए हैं। तो उनसे 400 से 500 करोड़ की उम्मीद करना रियलिस्टिक नहीं होगा। लेकिन अगर सिकंदर 250 से 300 करोड़ कमा लेती है तो ये फिल्म के लिए अच्छी खबर होगी।'रोहित जयसवाल ने कहा, 'अगर सिकंदर एंटरटेनिंग साबित होती है तो भी ये 270 से 300 करोड़ ही कमा पाएगी। लेकिन अगर फिल्म बहुत ही शानदार हुई तो ये 450 करोड़ से 500 करोड़ तक आसानी से पहुंच जाएगी।' फिल्म की कमाई को लेकर सलमान ने कहा था कि 'मेरी पिक्चर चाहे जैसी भी हो, मेरे फैंस 200 पार करवा ही देते हैं।'बता दें कि सिकंदर में सलमान खान के अलावा रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी, सत्यराज जैसे स्टार्स नजर आएंगे। फिल्म में खूब एक्शन दिखेगा। साथ ही रश्मिका और सलमान खान की लव स्टोरी नजर आएगी। फिल्म के ट्रेलर को फैंस ने बहुत पसंद किया था। ट्रेलर लॉन्च में सलमान ने रश्मिका संग 30 साल के एज गैप पर बात की थी। सलमान ने कहा था जब हीरोइन को दिक्कत नहीं है। उनके पापा को दिक्कत नहीं है तो आपको क्यों हो रही है।




## 'भूल चूक माफ' की रिलीज डेट बढ़ी

राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म 'भूल चूक माफ' की टक्कर अब सनी देओल की जाट के साथ बड़े पर्दे पर नहीं होगी। पहले ये फिल्म 10 अप्रैल को जाट के साथ ही रिलीज होनी थी। लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज की तारीख आगे खिसका दी है। अब 'भूल चूक माफ' 9 मई को रिलीज होगी। आखिरकार वही हुआ जिसकी हर कोई उम्मीद कर रहा था। राजकुमार राव और वामिका गब्बी स्टारर फिल्म 'भूल चूक माफ' की रिलीज की तारीख बदल दी गई है। पहले ये फिल्म 10 अप्रैल को सनी देओल की 'जाट' के साथ रिलीज होने वाली थी। मगर इतनी बड़ी फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' के मेकर्स ने पंगा लेना सही नहीं समझा और अपनी फिल्म की रिलीज डेट करीब एक महीने आगे खिसका दी है।मैडॉक ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, "अपनी हल्दी में ही अटक गए रंजन और तितली। क्या उनकी शादी का दिन आएगा कभी? पता चलेगा 9 मई को। भूल चूक माफ सभी सिनेमाघरों में।" राजकुमार राव की ये कॉमेडी फिल्म अब 9 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। काफी दिनों से चर्चा थी कि दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी 'भूल चूक माफ' अगर जाट से बॉक्स ऑफिस पर टक्कर लेगी, तो इस छोटे बजट की फिल्म को नुकसान हो सकता है। हालांकि 'भूल चूक माफ' का जब टीजर आया था तो लोगों ने काफी पसंद किया था।

फिल्म का यूनीक कॉन्सेप्ट इसे एक्साइटेड बना रहा था। मगर बिग बजट फिल्म के आगे इसे दर्शकों के साथ साथ स्क्रीन के लिए भी जद्दोजेहद करना पड़ता। 'भूल चूक माफ' का डायरेक्शन करण शर्मा ने किया है। इस फिल्म को करण शर्मा ने लिखा भी है। फिल्म में राजकुमार राव और वामिका के अलावा सीमा पाहवा, जाकिर हुसैन, रघुबीर यादव, संजय मिश्रा, प्रगति मिश्रा और जय ठक्कर जैसे कलाकार नजर आएंगे।




## सीएम योगी दिखेंगे पर्दे पर



सम्राट सिनेमैटिक्स ने अपनी आगामी फिल्म, अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ़ ए योगी का पहला लुक जारी किया है। यह मोशन पोस्टर योगी आदित्यनाथ के प्रेरक परिवर्तन की एक झलक पेश करता है, जो उनके आध्यात्मिक और राजनीतिक मार्ग को आकार देने वाले फैसलों को दिखाता है। मूवी उनके जीवन के पहलुओं को समेटे हुए है। उनके शुरुआती साल, नाथपंथी योगी के रूप में संन्यास लेने का उनका निर्णय और उत्तर प्रदेश के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप देने वाले नेता के रूप में उनका विकास। सम्राट सिनेमैटिक्स के बैनर तले ऋतु मेंगी द्वारा निर्मित और रवींद्र गौतम (महारानी 2 फेम) द्वारा निर्देशित यह मूवी शांतनु गुप्ता की बेस्टसेलिंग किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' से प्रेरित है। इसमें ड्रामा, इमोशन, एक्शन और बलिदान का एक रोमांचक मिश्रण देखने को मिलेगा। मूवी में अनंत जोशी ने योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाई है, जबकि फिल्म में परेश रावल, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', अजय मेंगी, पवन मल्होत्रा, ने भी दमदार अभिनय किया है। 2025 में दुनिया भर में भव्य रिलीज के लिए तैयार फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में भी दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खीचेगी। फिल्म का संगीत मीट ब्रदर्स द्वारा दिया गया है, लेखन दिलीप बच्चन झा और प्रियंक दुबे ने किया है। सम्राट सिनेमैटिक्स की निर्माता रितु मेंगी ने कहा, "योगी आदित्यनाथ का जीवन चुनौतियों और परिवर्तन से भरा है। फिल्म उनके सफर को आकर्षक और नाटकीय तरीके से पेश करती है।



## आधा सच, आधा फसाना

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अपनी बेटी राहा कपूर के साथ मुंबई के बांद्रा स्थित बंगले में रहते हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बंगले की कीमत लगभग 250 करोड़ रुपये है और रणबीर-आलिया अपना ये खूबसूरत आशियाना राहा कपूर के नाम करने वाले हैं। हालांकि यह आधा सच और आधा फंसाना है। खबरों के मुताबिक, इसका मतलब ये नहीं कि राहा कपूर इस बंगले की मालकिन हैं। जानकारी के मुताबिक राहा को ये घर रणबीर की तरफ से गिफ्ट में जरूर मिला है। लेकिन इस गिफ्ट में बंगले के वो फ्लोर शामिल हैं, जिनमें आलिया और रणबीर रहेंगे। इन दोनों के अलावा इस बंगले में रणबीर कपूर की मां नीतू कपूर की भी हिस्सेदारी है। यानी 250 करोड़ का घर राहा के नाम पर करने की खबर भी पूरी तरह से सच नहीं है। दरअसल ऋषि कपूर अपनी पत्नी नीतू कपूर, बेटी रिद्धिमा कपूर और बेटे रणबीर कपूर के साथ सालों पहले बांद्रा के 'कृष्णा राज' बंगले में शिफ्ट हुए थे। राज कपूर ने ये घर अपने बेटे के नाम कर दिया था। ऋषि कपूर के निधन के बाद रणबीर कपूर और उनकी मां नीतू कपूर ने इस बंगले की जगह पर एक बहुमंजिला बिल्डिंग बनवाया है।

राजस्थान दिवस समारोह


# किसान विकसित तो देश - प्रदेश विकसित : शर्मा

■ जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान देश एवं प्रदेश की आत्मा है। अगर किसान विकसित होगा तो देश-प्रदेश विकसित एवं खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का सपना सिर्फ 'कृषि विकास' ही नहीं 'कृषि गौरव' है। हम चाहते हैं कि राजस्थान का किसान देश में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में आदर्श बने। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़ें जिससे वे लाभ की खेती कर खुद को सशक्त बना सकें। श्री शर्मा बुधवार को बीकानेर में राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत आयोजित किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।






- बीकानेर में किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम
- किसानों की मेहनत से देश में खाद्य सुरक्षा हुई सुनिश्चित
- राज्य सरकार कृषक हित में उठा रही अहम कदम



### अन्नदाता किसानों को मिलीं सौगातें

■ कार्यक्रम में 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान हस्तान्तरण किया गया। साथ ही, इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि में वृद्धि एवं मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए। मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा बढ़ाया गया है। निःशुल्क औषधियों व टीकों की संख्या बढाकर 200 किए जाने तथा बैल से खेती करवाये जाने पर 30 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि के दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### किसान उत्पादक संगठन बड़ी पहल

■ मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि कृषकों को लाभ की खेती के लिए प्रेरित किया जाए। किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य में 72 लाख से अधिक किसानों को 1 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित, लगभग 47 लाख किसानों को 29 हजार करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त फसली ऋण तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बीमा क्लेम वितरित किए गए हैं।

### किसान हित में लिए जा रहे निर्णय

■ श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के लिए किसान हित पहली प्राथमिकता है। हमनें किसान सम्मान निधि को 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार किया, जिसे अब बढ़ाकर 9 हजार रूपये कर दिया गया है। मंगला पशु बीमा योजना के तहत 20 लाख से अधिक पशुओं का पंजीकरण, सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के तहत लगभग 34 हजार पात्र गोपालकों के ऋण स्वीकृति एवं बांसवाड़ा में 20 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मेज की स्थापना की।

### किसानों को बिजली-पानी हमारी

■ श्री शर्मा ने कहा कि हम किसानों को 2027 तक दिन में बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए बिजली-पानी की प्राथमिकता पर काम करते हुए राज्य सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान में 35 हजार करोड़ के एमओयू किए है। राज्य सरकार के ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसे निर्णयों से किसानों को पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।



देवेंद्र फडणवीस सरकार का एक और तोहफा

# श्रमिकों को मिलेंगे 12 हजार रुपए

**मुंबई।** महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस सरकार गरीबों पर मेहरबान है। देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महायुति सरकार महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह दे रही है। लड़की बहिन योजना के माध्यम से हर महीने 1500 रुपये मिलेंगे। अब इस योजना के बाद महायुति सरकार ने निर्माण श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माण श्रमिकों को अब पेंशन मिलेगी। इस योजना के तहत निर्माण श्रमिकों को हर साल 12,000 रुपये की पेंशन मिलेगी। यह घोषणा श्रम मंत्री आकाश फुंडकर ने विधानसभा में की। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने भी इस योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके श्रमिकों को पेंशन





### श्रमिक पेंशन योजना को दी मंजूरी

■ इस अवसर पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने प्रस्तावित पेंशन योजना की जानकारी दी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। विभाग को इसके लिए शीघ्र ही विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में श्रम मंत्री आकाश फुंडकर ने दोनों सदनों में बयान दिया। इस योजना के तहत निर्माण श्रमिकों को हर साल 12,000 रुपये पेंशन मिलेगी।

### श्रम कानूनों में किए गए संशोधन

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मथाडी अधिनियम और निजी सुरक्षा गार्ड अधिनियम में किए गए संशोधन महत्वपूर्ण हैं और समय के अनुरूप आवश्यक हैं। उन्होंने 100 दिवसीय कार्यक्रम के तहत श्रम विभाग द्वारा की गई पहल की भी सराहना की। इन पहलों ने महाराष्ट्र में श्रमिक कल्याण योजनाओं में एक नए युग की शुरुआत की है, और श्रम विभाग डिजिटल प्रौद्योगिकी की मदद से श्रमिकों को अधिक सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास कर रहा है।

### श्रमिक कल्याण के लिए डिजिटल क्रांति

उपकर पोर्टल से राज्य भर में उपकर संग्रहण की प्रक्रिया सरल हो जाएगी और संग्रहण में वृद्धि होगी, जिसके परिणामस्वरूप पंजीकृत श्रमिकों के लिए अधिक लाभकारी योजनाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, नया बी।एम।एम।एस। यह प्रणाली बॉयलर निर्माताओं के लिए संपूर्ण ऑनलाइन प्रणाली उपलब्ध कराएगी, जिससे महाराष्ट्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। बॉयलर परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले इंजीनियरों और परिचारकों को डिजिलॉकर के माध्यम से डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

## हादसे में पति-पत्नी की मौत

**जोधपुर।** चाबा गांव के निकट कार-डंपर में भीषण टक्कर हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं एक गंभीर रुप से घायल हुआ। जैसलमेर जिले के राजमथाई गांव के एक वरिष्ठ अध्यापक अपनी पुत्री के दिल में छेद होने पर जोधपुर के एम्स अस्पताल में चेकअप करवाने के बाद वापस राजमथाई जा रहे थे। मंगलवार को देर रात चाबा गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर फलसुंड रोड पर पेट्रोल पंप के निकट दर्जियों की गोलाई पर सामने से आ रहे डंपर चालक ने तेज व लापरवाही से उनकी कार को टक्कर मार दी जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

# इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर टैक्स माफ!

### बजट में किए ऐलान को सरकार ने बदला



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने इलेक्ट्रिक गाड़ियों को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ऐलान किया है कि अब महाराष्ट्र में इलेक्ट्रिक गाड़ियां टैक्स फ्री होंगी। सीएम ने कहा है कि 30 लाख रुपये से महंगी इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। पहले राज्य के बजट में प्रस्ताव था कि 30 लाख रुपये से ऊपर की इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर 6% टैक्स लगेगा। गौरतलब है कि भारत में इलेक्ट्रिक कारों की कुल बिक्री का 15 फीसदी हिस्सा महाराष्ट्र से आ रहा है। इसी चीज को ध्यान में रखकर सरकार ने ईवी पर छह फीसदी टैक्स लगाने का ऐलान किया था।

### मंत्रियों की गाड़ियां भी अब होंगी इलेक्ट्रिक

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने यह भी कहा कि सरकार और सभी मंत्रियों की गाड़ियां भी अब इलेक्ट्रिक होंगी। महाराष्ट्र सरकार के वित्त मंत्री अजीत पवार ने इससे पहले बजट पेश करते हुए ऐलान किया था कि महाराष्ट्र में सीएनजी/पीएनजी गाड़ियां महंगी हो जाएंगी। 4 व्हीलर गाड़ियों पर अतिरिक्त 1% टैक्स लगेगा। इसके अलावा इलेक्ट्रिक व्हीकल पर अतिरिक्त 6 फीसदी टैक्स लगेगा।

### 2500 ईवी बसे खरीदेगी महाराष्ट्र सरकार

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि पिंपरी चिंचवड में ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने के लिए सरकार 2500 ईवी बसें खरीदने का सोच रही है। उन्होंने कहा कि पिंपरी चिंचवड में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की संख्या बढ़ रही है। अब बिकने वाली टू-व्हीलर भी इलेक्ट्रिक हैं। गाड़ियों को चार्ज करने के लिए ई-चार्जिंग स्टेशनों का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

### नहीं लगेगा कोई रोड और आरटीओ टैक्स

■ बजट से मिली जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र में महा ईवी नीति 2021 में सभी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए कोई रोड और आरटीओ टैक्स नहीं लगाने की परिकल्पना की गई थी। वित्त वर्ष 2026 में राज्य के रेवेन्यू में 150 करोड़ रुपए जोड़ने के लिए रोड टैक्स को बढ़ाया गया है।

# मानवंदना दीवार का भूमिपूजन

**मुंबई।** चक्र विजन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा मिशन आजादी उपक्रम के तहत मुंबई में मंत्रालय के पास राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास बनाई जाने वाली 'मानवंदना दीवार (ट्रिब्यूट वॉल)' का भूमिपूजन महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के हाथों किया गया। देश को आजादी दिलाने वाले अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की ओर ध्यान आकर्षित करने, उन्हें आजादी की विरासत से जोड़ने तथा स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले प्रत्येक स्वतंत्रता सेनानी को एक ही स्थान पर मानवंदना देने के उद्देश्य से, चक्र विजन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा मिशन आजादी उपक्रम के तहत मुंबई में मंत्रालय के पास स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास एक 'मानवंदना दीवार (ट्रिब्यूट वॉल)' का निर्माण किया जा रहा है। इस ट्रिब्यूट वॉल का भूमिपूजन समारोह 25 मार्च 2025 को महाराष्ट्र के राज्यपाल सी। पी। राधाकृष्णन और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के शुभ हाथों से हुआ। इस अवसर पर उनके साथ पुद्दुचेरी विधान परिषद के अध्यक्ष एम।आर। सेल्वम, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति राम शिंदे, महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, भाजपा महाराष्ट्र के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण, विधायक श्रीकांत भारतीय, फिल्म अभिनेता जैकी श्रॉफ, चक्र विजन फाउंडेशन के अध्यक्ष चक्र राजशेखर और उपाध्यक्ष गगन महोत्रा उपस्थित थे। इस श्रद्धांजलि दीवार की प्रत्येक ईंट पर पुरुष और महिला स्वतंत्रता सेनानियों के नाम अंकित होंगे, दीवार पर 1,040 ईंटों पर नाम अंकित किए जाएंगे।

■ राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने रखी नींव



सांगली में उद्धव को तो सोलापुर में शरद गुट को झटका

# शिवसेना शिंदे गुट की बढ़ी ताकत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सोलापुर।** महाराष्ट्र चुनाव के बाद सत्तारूढ़ महायुति से विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी में जाने वाले कई नेता घर वापसी कर रहे हैं। खासकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में नेताओं की एंट्री तेजी से हो रही है। इसी क्रम में सोलापुर जिले के कद्दावर नेता संजय बाबा कोकाटे ने शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) को अलविदा कह दिया है। उन्होंने पार्टी में गुटबाजी और संगठन की निष्क्रियता का हवाला देते हुए इस्तीफा दिया है और अब एकनाथ शिंदे की शिवसेना में जाने का फैसला किया। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान शिंदे का साथ छोड़कर संजय कोकाटे ने शरद पवार गुट का दामन थामा था, जिससे माढा विधानसभा में एनसीपी (एसपी) को मजबूती मिली थी। लेकिन अब उनकी शिवसेना में वापसी से सोलापुर में एनसीपी (एसपी) को बड़ा झटका लगेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई स्थित मुक्तागिरी बंगले में संजय बाबा कोकाटे एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में आधिकारिक रूप से शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल होंगे। शिंदे खेमे में उनकी वापसी को आगामी निकाय चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



### उद्धव सेना के कई नेता देंगे इस्तीफा

उधर, सांगली जिले में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को तगड़ा झटका लगने वाला है। आगामी स्थानीय निकाय चुनावों से पहले सांगली में उद्धव गुट के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शिंदे गुट में शामिल होने की तैयारी में है। जानकारी के मुताबिक, सांगली जिले में शिवसेना (यूबीटी) के जिलाप्रमुख संजय विभूते, युवा सेना जिलाप्रमुख ऋषिकेश पाटिल, कई तालुका प्रमुख व सरपंच और सैकड़ों कार्यकर्ता उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल होंगे। विभूते ने पार्टी में उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।

# ठगी और ब्लैकमेलिंग के आरोप में दो गिरफ्तार



■ यूट्यूब पर सीखे साइबर ठगी के तरीक, इंस्टाग्राम पर की ठगी

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने इंस्टाग्राम पर साइबर ठगी करने वाले दो ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये ठग इंस्टाग्राम पर फर्जी पेज बनाकर लोगों को सस्ते दामों पर सामान बेचने का लालच देते थे और बाद में ब्लैकमेल कर लाखों रुपये ऐंठते थे। जयपुर उत्तर पुलिस उपायुक्त राशी डोगरा डूडी ने बताया कि 24 मार्च को दयाशंकर गुप्ता ने अपनी बेटी के साथ हुई ठगी की शिकायत दर्ज करवाई थी।

### साइबर ठगी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

■ आरोपियों ने दावा किया कि उनके कारण उनके बेटे की मौत हो गई और पुलिस केस दर्ज कराने की धमकी दी और धमकी देकर पैसे वसूले। इस तरह 9 महीनों में कुल 5।78 लाख रुपये ठग लिए गए। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी सौरभ कासोटिया और नेमीचंद ने यूट्यूब पर सीरियल देखकर साइबर ठगी के तरीके सीखे। इसके बाद इंस्टाग्राम पर 'J.J COLLECTION' और 'KURTI HUB' नाम से दो फर्जी पेज बनाए। आरोपी ऑनलाइन शॉपिंग के बहाने लोगों को फंसाते और कम कीमत में अच्छी क्वालिटी का लालच देते।

# राज्यपाल गंगवार से मिले स्वामी देवेंद्र

महावीर जयंती समारोह का दिया निमंत्रण

**रांची।** एक दिवसीय झारखंड प्रवास के दौरान स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी ने राँची राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। इस भेंट के अवसर पर तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में राँची में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम के लिए राज्यपाल महोदय को आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने सहजता और उत्साह के साथ स्वीकार किया। स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी ने बताया कि झारखंड की यात्रा अत्यंत अर्थपूर्ण और यादगार रही। इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उनका मानना है कि, "जीवन में मार्ग ढूंढना है, मंजिल तलाशनी है, और उपाधि केवल पुरस्कार नहीं बल्कि नई शुरुआत है। हमें समाज, राज्य और राष्ट्र को बहुत कुछ देना है, और इसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।" वहीं स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी जी ने महावीरायतन फाउंडेशन के माध्यम से सामाजिक समरसता, धर्म और राष्ट्रहित के लिए समर्पित अपनी यात्रा पर प्रकाश डाला। बता दें कि महावीर जयंती पर "महा-महाविरोत्सव-2025" का भव्य आयोजन रांची, झारखंड में किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश-विदेश के अनेक धर्मगुरु, राजनेता, प्रसिद्ध उद्योगपति और कला जगत की विभूतियाँ सम्मिलित होंगी। राज्यपाल से मुलाकात के दौरान रांची जैन समाज के अध्यक्ष नरेंद्र गंगवाल, अजय जैन, मनोज जैन इशिका, संजय पाटनी, पंकज पांड्या, उमेदमल काला, अरुण गंगवाल और संयम पाटनी उपस्थित थे।



# हाईकोर्ट को मिले चार नए जज

**जोधपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट को चार नए न्यायाधीश मिले हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। आज राष्ट्रपति भवन से चारों एडवोकेट के नियुक्ति के लिए नोटिफिकेशन जारी हुई है। चार नए जजों में जयपुर से आनंद शर्मा, जोधपुर से संदीप शाह, मुकेश राजपुरोहित और सुनील बेनीवाल के नाम की कॉलेजियम ने सिफारिश की थी जिसे आज मंजूरी दे दी गई है। इसमें से तीन जोधपुर से हैं, जबकि एक जयपुर हैं। राजस्थान हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश सहित कुल 34 जज थे। अब कुल 38 न्यायाधीश हो गए हैं।

कॉलेजियम की सिफारिश को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी



### कब तक हो सकता है शपथ ग्रहण?

राजस्थान हाई कोर्ट में न्यायाधीशों को लेकर तीसरी बार सरकार की ओर से मंजूरी मिली है। जनवरी 2025 में तीन न्यायिक अधिकारी, फरवरी में एक एडवोकेट सहित मार्च में 4 एडवोकेट्स की नियुक्ति हुई है। सूत्रों के मुताबिक गुरुवार को जोधपुर में शपथ ग्रहण हो सकता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष

# संघ के विस्तार व समाज परिवर्तन का संकल्प

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई,** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष विजयादशमी पर अपने 100 वर्ष पूरे कर रहा है। शताब्दी वर्ष में संघ कार्य का विस्तार और समाज परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, साथ ही अधिक गुणात्मक और व्यापक कार्य करने का संकल्प लिया गया है। ये संकल्प राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में लिए गए हैं, जिसका समापन 23 मार्च को हुआ। इस संबंध में बुधवार को मुंबई में आयोजित पत्रकार परिषद में कोंकण प्रांत कार्यवाह विठ्ठलराव कांबले ने बताया कि बेंगलुरु में आयोजित सभा में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की उपस्थिति में देशभर से 1,443 प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सभा में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हुए हमलों के प्रति चिंता व्यक्त करने वाला और एकजुटता का आह्वान करने वाला प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं संघ की शाखाओं की संख्या एक लाख के पार ले जाने की योजना है। वहीं प्रतिनिधि सभा में विशेष रूप से भारत की महान महिला स्वतंत्रता सेनानी उल्लाल की महारानी अब्बक्का को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह वर्ष उनकी 500वीं जयंती का वर्ष है। अब्बक्का ने दक्षिण कन्नड़ (कर्नाटक) के उल्लाल संस्थान का शासन सफलतापूर्वक संभाला। उनके अद्वितीय साहस के लिए उन्हें 'अभयारानी' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने पुर्तगालियों के कई हमलों को विफल किया और विभिन्न धर्मों के लोगों को एकजुट कर सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत किया।

### पंच परिवर्तन के सूत्र पर होगा कार्य

■ श्री कांबले ने बताया कि शताब्दी पर्व में आत्मनिरीक्षण, समाज के समर्थन का जवाब और राष्ट्र कार्य के लिए समर्पण संघ का लक्ष्य है। इसके लिए 'पंच परिवर्तन' के सूत्रों पर काम किया जाएगा। इसमें स्थानीय संसाधनों का उपयोग, स्वदेशी तकनीक का अपनाना और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देना यानी 'स्व-आधारित व्यवस्था', पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्य हैं।

### संघ शताब्दी में होंगे विविध उपक्रम

■ शताब्दी वर्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए प्रांत कार्यवाह विठ्ठलराव कांबले ने कहा कि शताब्दी वर्ष की शुरुआत विजयादशमी 2025 से होगी। इसमें संघ गणवेश में स्वयंसेवकों के तालुका या नगर स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।प्रत्येक गांव, प्रत्येक बस्ती और घर-घर की संकल्पना के तहत बड़े पैमाने पर घर-घर संपर्क अभियान चलाने की योजना बनाई गई है। वहीं सभी मंडलों या बस्तियों में "हिंदू सम्मेलन" आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर नागरिक संवाद मेलों का आयोजन किया जाएगा।





### एक करोड़ से अधिक कार्यकर्ता

शताब्दी में देशभर में एक करोड़ से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। सभी शहरी, ग्रामीण और जनजाती क्षेत्रों में शाखाओं का विस्तार करने का संकल्प लिया गया है। राष्ट्रीय स्वयं संघ ने शताब्दी वर्ष में सकल हिंदू समाज की एकजुटता के साथ राष्ट्रहित के लिए कार्य के विस्तार का संकल्प व्यक्त किया है।

सीएम शर्मा का गहलोत पर तंज

# "वे अब केवल सोशल मीडिया में सक्रिय"

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे विधानसभा तो आते नहीं, लेकिन सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, "हमारे पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा में एक भी दिन नहीं आए, लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि वह आये दिन 'एक्स' पर सक्रिय रहते हैं और सुर्खियों में रहना चाहते हैं। यहां 'एक्स' से काम नहीं चलता है। आपको राजस्थान की जनता के बीच में जाना होता है, उनके दुख और दर्द को समझना होगा।''



### गहलोत ने किया पलटवार

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शर्मा की पुरानी पोस्ट को साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, "मुख्यमंत्री जी, मैं आपको लगभग ढाई साल पुराना आपका यह पोस्ट (ट्वीट) याद दिलाना चाहता हूं जिसमें आप कांग्रेस सरकार से बाजरे की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।"